फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 74 संख्याः 35 प्रभात जयपुर, मंगलवार 5 सितम्बर, 2023 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 3.50 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Rashtradoot

Metro

epaper.rashtradoot.com

ARBIT



**Mapped And Retold History**

Lieutenant Speke, basing his exploration on Puranic sources traced the source of the Nile to Lake Victoria

**Significance Of Teachers' Day**

In India, this day commemorates the birth anniversary of former President Sarvepalli Radha krishnan.



*वैस्टर्न ऑस्ट्रेलिया से 100 साल पहले गायब हुए क्वॉल की वापसी हो रही है। लम्बे थूथन वाले ये झबरीले जानवर ऑस्ट्रेलिया के मांसाहारी मार्सूपिअल जीवों की एक प्रजाति हैं। ये बिल में या गुफाओं में रहते हैं और रात में शिकार करते हैं। मार्सूपिअल जीव पेट पर बनी थैली में शिशुओं का पालन पोषण करते हैं। वैस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के 1305 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैली माउण्ट गिब्सन वाइल्डलाइफ सैंक्चुअरी में इस वर्ष के आरंभ में 30 वैस्टर्न क्वॉल छोड़े गए थे, वो न केवल जंगल में खूब अच्छी तरह से रह रहे हैं बल्कि प्रजनन भी कर रहे हैं। माउन्ट गिब्सन रिज़र्व में किया गया ''रीइन्ट्रोडक्शन'' प्रयास ऑस्ट्रेलिया के इतिहास का ऐसा सबसे बड़ा कार्यक्रम है। यहां अलग-अलग प्रजाति के जानवर छोड़ गए हैं जो ऑस्ट्रेलियन वाइल्डलाइफ कंज़र्वैन्सी के लिए बड़ी उपलब्धि है। रिज़र्व में छोड़े जाने से पहले 16 क्वॉल को रेडियो ट्रैकिंग कॉलर्स लगाए गए थे। पहली बार वैस्टर्न क्वॉल पर यह तरीका लागू किया गया। इससे क्वॉल्स कहां जाते हैं, कहा रहते हैं और कहां शिकार करते हैं, यह पता लगाने में काफी आसानी हुई। ऑस्ट्रेलिया के स्तनपायी जीवों की कई प्रजातियां अभी भी संकटग्रस्त हैं पर कुछ प्रजातियों की स्थिति में सुधार हो रहा है। इनमें टालपेरु (छोटा बैंडीकूट) जैसे जानवर हैं, जो 100 साल गायब रहने के बाद स्टुअर्ट नैशनल पार्क में लौटे हैं।*

# क्या शी जिनपिंग विश्व रंगमंच पर ''आईसोलेट'' कर दिए जाने के डर से जी-20 में नहीं आ रहे हैं?

## विश्व भर के कूटनीतिक पर्यवेक्षकों का मानना है कि, चीन के अपडेटेड नक्शे का पूरे क्षेत्र में भारी विरोध हुआ, इसलिए शी कहीं भी जाने से कतरा रहे हैं

-सुकुमार साह-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 4 सितम्बर। क्या चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग का नई दिल्ली के जी-20 सम्मेलन में न आना भारत का अपमान है? या फिर, उनका यह कदम उनकी असुरक्षाओं एवं आशंकाओं से भरी सोच को दर्शाता है?

कूटनीतिक पर्यवेक्षकों का मानना है कि, राष्ट्रपति शी ने विश्व रंगमंच पर स्वयं को अलग-थलग या एकल कर लिया है। दसअसल, वे नई दिल्ली के जी-20 सम्मेलन के साथ ही, जकार्ता, इंडोनेशिया में आयोजित आसियान इंडिया तथा ईस्ट एशिया सम्मेलनों से दूर रहने का मानस बना चुके हैं।

चीनी कम्यूनिस्ट पार्टी (सी.सी.पी.) इस समय राजनैतिक अस्थिरता तथा अंदरूनी लड़ाई की स्थिति से गुजर रही है। इस स्थिति के चलते, शी को अपने देश में समय देना जरूरी हो सकता है। और अगर ऐसा नहीं है तो फिर वे गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से घिरे हुये हैं।

दक्षिणी चीन सागर में बेबुनियाद दावे तथा अपने भौगोलिक नक्शे के ''अपडेटेड'' संस्करण के जारी कर दिये जाने के कारण, करीब-करीब सारे ''आसियान'' राष्ट्रों को नाराज कर देने के बाद, शी के आसियान सम्मेलन में जाने की पहले दिन से ही कोई संभावना नहीं थी। बीजिंग ने कल्पना भी नहीं की होगी कि, उसके द्वारा जारी नक्शे को लेकर, भारत एवं ताइवान के विरोध के बाद, मलेशिया, वियतनाम, इंडोनेशिया तथा फिलीपींस भी एक स्वर में नक्शे के विरोध में शामिल हो जायेंगे।

- कुछ विशेषज्ञों का मत है कि, शी संभवतया या तो गंभीर रूप से बीमार हैं या फिर घरेलू मोर्चे पर भारी राजनैतिक अस्थिरता से जूझ रहे हैं, इसीलिए वे कहीं भी जाने से हिचक रहे हैं।
- शी जिनपिंग 6 सितम्बर को हो रहे आसियान सम्मेलन में भी नहीं जायेंगे। चीन के नक्शे में जिस तरह से दक्षिण चीन सागर व क्षेत्र के अन्य देशों की जमीन पर दावा किया गया है, उसकी वजह से ये सभी देश बेहद नाराज हैं, ऐसे में निस्संदेह शी जिनपिंग का वे हृदय से स्वागत तो नहीं ही कर पाएंगे।

शी के एकान्तवास के ठीक विपरीत, प्रधानमंत्री का रणनीतिक कौशल अपनी पराकाष्ठा पर दिखाई दे रहा है। भारतीय प्रधानमंत्री तथा पूरा देश जी-20 की अध्यक्षता की उपलब्धि को पूरी रणनैतिक कुशलता के साथ विश्व के सामने रख रहा है।

इसके अतिरिक्त, प्रधानमंत्री मोदी ने नौ सरकारी विदेश यात्राएं करके यह प्रदर्शित कर दिया है कि भारत का कूटनीतिक तंत्र कितने जोर-शोर से काम कर रहा है। पहले वे जी-7 एवं क्वाड मीटिंगों के सिलसिले में जापान गये थे और उसके बाद पापुआ न्यूगिनी तथा ऑस्ट्रेलिया। और इन सबसे बढ़कर, उनकी अमेरिका की सरकारी यात्रा रही, जहां राष्ट्रपति जो बाइडन ने बड़ी धूमधाम एवं भव्यता के साथ उनका जोरदार स्वागत किया था। जुलाई में, मोदी फ्रांस गये थे, जहां वे राष्ट्रपति मैक्रॉन के साथ ''बैस्टिल डे'' समारोह में शामिल हुये थे। फ्रांस के बाद, उन्होंने यू.ए.ई. की संक्षिप्त किन्तु महत्वपूर्ण यात्रा की थी। अगस्त में, प्रधानमंत्री ब्रिक्स सम्मेलन में गये थे तथा इसके बाद, वे ग्रीस गये थे। उनकी ग्रीस यात्रा पिछले 40 वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली ग्रीस यात्रा थी।

जी-20 के लिये उलटी गिनती शुरू हो गई है तथा सम्पूर्ण तैयारी को अंतिम स्पर्श दिया जा रहा है। भारत का गेम-प्लान स्वयं को ''ग्लोबल साउथ'' की आवाज के रूप में प्रस्तुत करना है। प्रधानमंत्री मोदी आसियान तथा ईस्ट एशिया सम्मेलनों में शामिल होने के लिये 6 सितम्बर को इंडोनेशिया भी जायेंगे। उल्लेखनीय है कि मोदी ने नई दिल्ली के जी-20 सम्मेलन से ठीक पहले, आसियान नेताओं के साथ अपने जुड़ाव को रेखांकित करना उचित तथा आवश्यक माना है।

पक्की बात है कि इस वर्ष की पहली तिमाही में भारतीय अर्थव्यवस्था की ग्रोथ 7.8 प्रतिशत रहने से मोदी काफी उत्साहित हैं। अगली कुछ तिमाहियों में अर्थव्यवस्था के और भी बेहतर रहने के आसार दिखाई दे रहे हैं।

# मणिपुर सरकार ने एडिटर्स गिल्ड की अध्यक्ष और उसके तीन पत्रकारों पर एफ.आई.आर. दर्ज की

## मणिपुर के मुख्यमंत्री एन.बीरेन सिंह ने एक प्रेस कॉन्फ्रैंस में इन पत्रकारों पर पक्षपात पूर्ण रिपोर्टिंग करने व राज्य में हिंसा भड़काने का आरोप लगाया

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 4 सितम्बर। प्रेस की आज़ादी पर निर्लज्जता से एक और हमला बोलते हुए मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने आज कहा कि उनकी सरकार ने एडीटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया (ई.जी.आई.) के अध्यक्ष और तीन सदस्यों के विरूद्ध एक एफ.आई.आर. दर्ज करवाई हैं। उन्होंने इन पत्रकारों पर राज्य में हिंसा भड़काने का आरोप लगाया।

मणिपुर के मुख्यमंत्री ने इंफाल में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि ऐसे समय में जब कई लोग मारे गए हैं और बेघर हो गए हैं तब ई.जी.आई. ने के संकट की जटिलता और राज्य की पृष्ठभूमि और इतिहास को जाने बिना एकतरफा रिपोर्ट प्रकाशित की है।

- जिन पत्रकारों के खिलाफ एफ.आई.आर. दर्ज की गई है, वो हैं, एडिटर्स गिल्ड की अध्यक्ष सीमा मुस्तफा, सीमा गुट्टा, भारत भूषण एवं संजय कपूर।
- एन. बीरेन सिंह ने इन पत्रकारों पर राजद्रोही, राष्ट्र विरोधी व सरकार विरोधी होने का आरोप लगाया और कहा कि, वे राज्य में जहर उगलने ही आए थे।

सूत्रों के अनुसार राज्य सरकार ने मोदी सरकार के शीर्ष नीति निर्धारकों के साथ मुख्यमंत्री की व्यापक चर्चा के बाद यह कदम उठाया। यह कदम एक सख्त संदेश भेजने का प्रयास है। मीडिया के उस वर्ग को जो अभी भी स्वतंत्रता से काम कर रहा है और सत्ता के आदेशों के आगे नहीं झुकता।

एडीटर्स गिल्ड ने गत सप्ताह एक रिपोर्ट प्रकाशित की जिसमें मणिपुर की कवरेज के लिए मीडिया की आलोचना की गई है, जहां गत चार माह से जातीय संघर्ष हो रहा है। रिपोर्ट में कुछ मीडिया वर्ग द्वारा एकतरफा रिपोर्टिंग की आलोचना की गई है और प्रेस के लिए नुकसानदाय इंटरनेट बैन को गलत बताया गया है कि यह प्रेस की रिपोर्टिंग के लिए घातक है। उसमें संकेत हैं कि संघर्ष के दौर में राज्य नेतृत्व पक्षपाती हो गया है।

सिंह ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''राज्य सरकार ने एडीटर्स गिल्ड के उन सदस्यों के खिलाफ एफ.आई.आर. दर्ज करवाई है जो मणिपुर राज्य में टकराव बढ़ाना चाहते हैं।''

ई.जी.आई. की अध्यक्ष सीमा मुस्तफा के अलावा तीन वरिष्ठ पत्रकारों सीमा गुहा, भारत भूषण और संजय कपूर के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है। जिन्होंने 7 से 10 अगस्त के बीच राज्य का दौरा किया था। हिंसा पर मीडिया के रिर्पोट्र्स का अध्ययन के लिए।

सिंह ने दावा किया, वे लोग राज्य-विरोधी, राष्ट्र-विरोधी और संस्थापन-विरोधी हैं जो विष फैलाने आए है। अगर मुझे पहले पता होता तो मैं इनको घुसने ही नहीं देता।''

ई.जी.आई. ने शनिवार को प्रकाशित अपनी रिपोर्ट में कहा कि उसे कई खबरें मिली थीं कि मणिपुर में मीडिया मैइती और कुकी समुदाय के बीच चल रहे संघर्ष में पक्षपाती रवैया अपना रहा है।

रिपोर्ट में कहा गया है, ''इस बात के स्पष्ट संकेत है कि संघर्ष के दौरान राज्य का नेतृत्व पक्षपाती हो गया। उसे किसी का पक्ष लेने से बचना चाहिए था लेकिन वह एक लोकतांत्रिक सरकार साबित होने में असफल रहा, जिसे पूरे राज्य का प्रतिनिधित्व करना चाहिए।''

ई.जी.आई. की रिपोर्ट में कहा गया है कि सामान्य परिस्थितियों में पत्रकारों द्वारा दी गई खबरों की जाँच और निगरानी उनके संपादक या ब्यूरो प्रमुख करते हैं, स्थानीय प्रशासन, पुलिस और सुरक्षा बलों से जानकारी लेकर लेकिन संघर्ष के

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

क्या आपको कम सुनाई देता है।?
ऑटोमेटिक कान की मशीनें
स्पीच थैरेपी
कॉकलियर इम्पलांट, ऑटिज़म
डिले स्पीच, हकलाना, तुतलाना
PERFECT SPEECH AND HEARING SOLUTIONS
Tonk Road, JAIPUR | Vaishali Nagar, JAIPUR
सम्पर्क- 94602 07080

## 'एक राष्ट्र एक चुनाव असंभव'

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 4 सितम्बर। कांग्रेस महासचिव (संचार) जयराम रमेश ने सोमवार को कहा कि संविधान संशोधन के बिना ''एक राष्ट्र एक चुनाव'' असंभव है।

उन्होंने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कांग्रेस के विचार एक दम स्पष्ट है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी साफ कह चुके हैं कि यह संघीय ढांचे पर प्रहार है।

- कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने पत्रकारों से कहा कि, संविधान संशोधनों के बिना ''एक राष्ट्र एक चुनाव'' करवाना नामुमकिन है।

उन्होंने कहा, विशेष सत्र से पूर्व पार्टी की संसदीय दल की 10, जनपथ पर एक बैठक होगी। इसके बाद कांग्रेस अध्यक्ष सत्र के लिए रणनीति पर विचार हेतु समान विचारधारा वाले दलों के साथ बैठक करेंगे।

# दो महिला नेताओं की नाराजगी भारी पड़ सकती है भाजपा को

## सूत्रों के अनुसार राजस्थान में वसुंधरा राजे और मध्य प्रदेश में उमा भारती भाजपा नेतृत्व से नाराज़ बताई जा रही हैं

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 4 सितम्बर। भाजपा नेतृत्व दो चुनावाधीन राज्यों में दो वरिष्ठ महिला नेताओं-राजस्थान में वसुंधरा राजे तथा मध्य प्रदेश में उमा भारती-के कारण साफतौर पर परेशानी में है। राजे दो कारणों से अप्रसन्न बताई जाती हैं- चुनाव से संबंधित पार्टी की दो कमेटियों में उन्हें शामिल न किया जाना तथा उन्हें मुख्यमंत्री प्रत्याशी के रूप में प्रोजैक्ट नहीं करने की पार्टी नेतृत्व की अविवेकपूर्ण कोशिशें। उमा भारती, जिनकी राजनीति बहुत कम अर्थपूर्ण रह गई है, न इस बात को लेकर नाराजगी व्यक्त की है कि उन्हें पार्टी की ''जन आशीर्वाद यात्रा'' में शामिल होने के लिये आमंत्रित नहीं किया गया, जो रविवार को चित्रकूट से शुरू हुई थी।

- जहां राजस्थान में वसुंधरा राजे बेहद प्रभावशाली हैं और पार्टी द्वारा दो कमेटियों से बाहर रखने व भावी मुख्यमंत्री के रूप में प्रौजेक्ट नहीं किए जाने से नाराज हैं, इसलिए भाजपा नेतृत्व राजे से सतर्क है।
- मध्य प्रदेश में उमा भारती भी उपेक्षित किए जाने से नाराज़ हैं, हालांकि उमा भारती का अब वह दबदबा नहीं रहा जो वाजपेयी-अडवानी के दौर में था, पर वे कई सीटों पर भाजपा का परेशानी में डाल सकती हैं।

उन्होंने कहा है कि अब अगर उन्हें आमंत्रित किया भी जाता है, तो भी वे यात्रा में शामिल नहीं होंगी। राजे और भारती-दोनों में ही इतनी क्षमता है कि, वे इन दोनों राज्यों में भाजपा की चुनावी संभावनाओं को नुकसान पहुंचा सकें। लेकिन इन दोनों में समानताएं केवल यहीं तक हैं।

जहां भाजपा हाई कमान राजे, जो राजस्थान में भाजपा की सर्वाधिक लोकप्रिय नेता हैं, से सावधान एवं सतर्क रहता है, वहीं उमा भारती नाम मात्र के महत्व के अलावा किसी खास स्थिति में नजर नहीं आती। उमा भारती, जो 2003-04 में अपने राजनैतिक उत्कर्ष

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## 'एडिटर्स गिल्ड पर एफ.आई.आर. निन्दनीय'

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 4 सितम्बर। प्रैस क्लब ऑफ इंडिया ने एडीटर्स गिल्ड के अध्यक्ष व तीन सदस्यों के खिलाफ दर्ज एफ.आई.आर. तुरंत वापस लेने की मांग की और मणिपुर की हिंसा व जातीय टकराव की मीडिया कवरेज के लिए उनके खिलाफ एफ.आई.आर. दर्ज न करने की निंदा की।

- प्रैस क्लब ऑफ इंडिया ने मणिपुर सरकार के इस कदम की आलोचना की और रिपोर्ट वापस लेने की मांग की।

प्रैस क्लब ऑफ इंडिया के अध्यक्ष ने कहा कि, समूचा मामला मीडिया की भूमिका पर केन्द्रित है। और यह स्पष्ट है कि एडिटर्स गिल्ड ने शानदार काम किया व तथ्यों की जांच करने वाली टीम मणिपुर भेजी ताकि वहां की सरकार जो सच्चाई

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# एक राष्ट्र-एक चुनाव का मुद्दा उछालने की ''टाइमिंग'' पर संदेह गहरा रहा है

## चर्चा यह है कि, ''एक राष्ट्र-एक चुनाव'' कई वर्षों से संघ परिवार व मोदी का प्रिय रहा है, फिर इसे अभी क्यों उठाया गया

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 4 सितम्बर। गत 31 अगस्त को जब लोगों का ध्यान इंडिया गठबंधन की दो-दिवसीय बैठक की ओर था तब मोदी सरकार ने लोगों का ध्यान बंटाने के लिए केन्द्रीय संसदीय मामलात मंत्री प्रहलाद जोशी ने घोषणा करवाई कि सितम्बर 18-22 तक संसद का विशेष सत्र होगा।

जोशी ने अपने ट्विटर पर आगे लिखा कि अमृतकाल के बीच पांच बैठकें होंगी और व संसद में फलप्रद चर्चा और बहस की उम्मीद है। लेकिन वे इस कवायद के प्रयोजन एवं उद्देश्य के बिन्दुओं पर खामोशी ओढ़े रहे।

अगले दिन जब हर तरफ विशेष सत्र की चर्चा थी तब सरकार ने एक राष्ट्र एक चुनाव का शगूफा छोड़ा, पर विशेष सत्र की पहेली नहीं सुलझाई। शुक्रवार, एक सितम्बर को सरकारी सूत्रों ने लोकसभा व विधानसभा चुनाव एक साथ कराने के लिए पूर्व राष्ट्रपति के नेतृत्व में कमेटी गठित होने की जानकारी दी थी।

कोई अधिकृत सूचना तो नहीं थी, हाँ, एक मीडियाकर्मी के प्रश्न के जवाब में एक मंत्री का मौखिक कथन जरूर था और सरकार ने इससे इनकार नहीं किया पर यह बिल्कुल साफ था कि विशेष सत्र तथा एक राष्ट्र एक चुनाव- दोनों बातों का ही त्वरित उद्देश्य लोगों का ध्यान आकर्षित करना तथा ''एक नया समाचार चक्र शुरु करना था।

- आगामी चुनावों में इसे क्रियान्वित करना असंभव है, क्योंकि ऐसा करने के लिए संविधान संशोधन व कानून के क्रियान्वयन की आवश्यकता होगी।
- सवाल यह भी उठ रहा है कि, क्या इसी उद्देश्य के लिए भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा व संघ प्रमुख मोहन भागवत ने पूर्व राष्ट्रपति से मुलाकात की थी।
- पूर्व राष्ट्रपति के नेतृत्व में कमेटी का गठन संवैधानिक परम्पराओं का उल्लंघन बताया जा रहा है, क्योंकि संविधान में पूर्व राष्ट्रपति को कोई भी सरकारी पद स्वीकार नहीं करने की हिदायत दी गई है, ताकि वे निष्पक्ष बने रह सकें, पर कोविंद ने कमेटी की अध्यक्षता स्वीकार कर यह परम्परा तोड़ दी है।

शनिवार को, सरकार ने पूर्व राष्ट्रपति कोविंद की अध्यक्षता में आठ सदस्यों की एक कमेटी की घोषणा कर दी, जो लोकसभा तथा राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने के मुद्दे का अध्ययन एवं परीक्षण करेगी।''

यह एक संयोग मात्र नहीं हो सकता कि भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा तथा आर.एस.एस. प्रमुख मोहन भागवत ने उसी सप्ताह में कोविंद के साथ मीटिंग की थी, जब सरकार इस कार्यवाही की योजना बना रही थी। एक पूर्व राष्ट्रपति को इस कमेटी का अध्यक्ष बनाकर, मोदी सरकार ने एक बार फिर उन संवैधानिक परम्पराओं को अलविदा कह दिया है, जिनमें देश के सेवानिवृत्त प्रमुख पर साफतौर पर प्रतिबंध लगाते हुये कहा गया है कि वे निष्पक्ष बने रहेंगे। एक ऐसे विवादास्पद मुद्दे, जिस पर राजनैतिक दल बँटे हुये हैं, पर सरकार द्वारा गठित एक कमेटी की अध्यक्षता स्वीकार कर के, कोविंद ने भी अतीत की उन परम्पराओं को अलविदा कह दिया है तथा संकीर्ण राजनैतिक तथा तरफदारी के लिये अपने उपयोग की छूट दे दी है।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## 16-17 सितम्बर को हैदराबाद में होगी सी. डब्ल्यु.सी. की बैठक

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 4 सितम्बर। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने नवगठित कांग्रेस वर्किंग कमेटी की पहली बैठक 16 सितम्बर को हैदराबाद में बुलाई है। 17 सितम्बर को विस्तृत सी.डब्ल्यु.सी. की बैठक होगी। सी. डब्ल्यु.सी. के सारे सदस्य, पी.सी.सी. अध्यक्ष, सी.एल.पी. नेता और संसदीय दल के पदाधिकारी इसमें भाग लेंगे। यह जानकारी सोमवार को कांग्रेस के महासचिव (संगठन) के.सी. वेणुगोपाल ने दी।

- कांग्रेस की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार 16 सितम्बर को कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक होगी व 17 को विस्तृत वर्किंग कमेटी की बैठक होगी।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

**यदि चिड़ियाँ एकता कर लें, तो शेर की खाल खींच सकती हैं। –शेख सादी**

# खिलाड़ियों से सीखें

हंगरी के बुडापेस्ट में, हाल ही में आयोजित विश्व एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भारत के चार धावकों ने 4X400 मीटर की रिलेरेस में अपने प्रदर्शन से न केवल देश का नाम ऊंचा किया है बल्कि देश के सामने एक बड़ा सुखद उदाहरण भी प्रस्तुत किया है। पाठकों का ध्यान शायद इस ओर गया होगा कि जिन चार धावकों ने पहली बार वर्ल्ड एथलेटिक्स प्रतियोगिता के फाइनल में जगह बनाई, उनके नाम हैं– रमेश राजेश, मोहम्मद अजमल, मोहम्मद अनस और अमोज जैकब। इन नामों से ही स्पष्ट है कि ये हिंदू, मुस्लिम और ईसाई धर्म के हैं। इन चारों की मिली–जुली ताकत का ही परिणाम था कि भारत ने पहली बार विश्व स्तर पर एथलेटिक्स के फाइनल में अपना नाम दर्ज कराया है। इन सब ने केवल और केवल भारत के गौरव को बढ़ाने का काम किया है। यह एक अच्छा अद्भुत उदाहरण है कि कैसे विविधताओं वाले देश में रहने वाले नागरिक, एकजुट होकर प्रदर्शन करते हैं तो कितना मजबूत प्रदर्शन करने में समर्थ होते हैं।

इस उदाहरण से दो बातें स्पष्ट होती हैं। एक तो यह कि देश के साधारण नागरिक को किसी के धर्म से कोई लेना–देना नहीं है और वह जब देश के लिए काम करते हैं तो इन सब बातों से ऊपर उठकर केवल माँ भारती के पुत्र रूप में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में जी जान लगा देते हैं। देश के विभिन्न भागों में अलग–अलग खेलों के लिए आवश्यक नैसर्गिक योग्यताएं विद्यमान हैं जैसे कहीं लचीलेपन के कारण जिमनास्टिक, आदिवासी क्षेत्रों के निवासी निशाना लगाने में, दम ख़म में हरियाणा, पंजाब के निवासी आदि–आदि। बस, केवल उन प्रतिभाओं को समय पर पहचानने और निखारने की आवश्यकता है ।

चाहे हिंदू, मुस्लिम, सिख या इसाई में जब भी कभी किसी प्रकार का सांप्रदायिक तनाव होता है तो उसके पीछे मूल कारण कुछ नेताओं की क्षुद्र राजनीति के अतिरिक्त और कुछ नहीं होता। हम यदि केवल खिलाडियों द्वारा प्रदर्शित भाव को हर क्षेत्र में बनाए रख सकें और प्रोत्साहित कर सकें तो देश की प्रगति हर क्षेत्र में बहुत तेज गति से हो सकती है, चाहे वह विज्ञान का क्षेत्र हो, खेल का हो, शिक्षा का हो, चिकित्सा का हो या अन्य किसी भी प्रकार का।

यह एक सर्व ज्ञात तथ्य है कि देश के अनेक भागों में एक धर्म के अनुयाई दूसरे धर्म के धर्म स्थलों का देखरेख करते हैं और उनका पूरा ध्यान रखते हैं। लगभग हर हिन्दू उत्सवों में काम आने वालीं कई वस्तुओं का काम मुसलमानों द्वारा किया जाता है। सांप्रदायिक सद्भाव के ऐसे अनेक उदाहरण सदैव से समाज में विद्यमान रहे हैं। जब भी कभी इनमें दूरियां बढ़ीं तो वह केवल कुछ लोगों द्वारा उकसाने के कारण या कुछ लोगों द्वारा स्वार्थ सिद्धि के लिए सांप्रदायिक और जातिगत तनाव पैदा करने की प्रवृत्ति के कारण हुआ है। इन चारों एथलीट को देश की ओर से सलाम किया जाना चाहिये जिन्होंने यह सिद्ध कर दिया कि देश के सभी नागरिक एक जुट होकर केवल देश के लिए काम करते हैं बिना किसी भेदभाव के।

जब भी सद्भावना पूर्ण माहौल को किसी भी पक्ष द्वारा बिगाड़ने का प्रयास किया गया तो उसका खामियाजा पूरे देश को भुगतना पड़ा है। सांप्रदायिक उन्माद से जन्मी हिंसा को नियंत्रित करने एवं उसके कारण विभिन्न क्षेत्रों में हुए नुकसान और मनमुटाव को दूर करने में देश का बहुत अधिक समय, ऊर्जा, श्रम और धन व्यर्थ होते हैं। इस पूरी प्रक्रिया में सर्वाधिक प्रभावित वे लोग होते हैं जो जैसे–तैसे दो जून की रोटी का जुगाड़ करके अपने घर परिवार का गुजर–बसर करते हैं।

एक और अच्छी बात जो इस विश्व एथलेटिक्स प्रतियोगिता के दौरान दिखाई दी, वह है भाला फेंक प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले नीरज चोपड़ा और रजत पदक प्राप्त करने वाले पाकिस्तान के नदीम की दोस्ती। जब नीरज चोपड़ा अपना राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा अपने हाथ में पकड़े हुए थे, उनके साथ में नदीम भी खड़े हुए थे। दोनों का दोस्ताना सदैव चर्चा का विषय रहा है । टोक्यो ओलंपिक में भी नीरज चोपड़ा ने अपना भाला नदीम को दिया था। क्या स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का इससे अच्छा उदाहरण कोई हो सकता है? इस प्रकार की स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का माहौल हम दोनों देशों के बीच अन्य क्षेत्रों में क्यों नहीं स्थापित कर सकते हैं? दोनों ही देश के नागरिक आज से 75 वर्ष पूर्व भारत में ही साथ रहते थे बिना किसी परेशानी और भेदभाव के। ये एक–दूसरे के दुख दर्द में काम आते थे। कुछ लोगों की अतिरिक्त महत्वाकांक्षा के कारण भारत का विभाजन हुआ और पाकिस्तान बना, किंतु लोगों के रीति–रिवाज, रहन–सहन, खानपान तो जो वर्षों से एक जैसे थे वैसे ही अभी बने हुए हैं। भारत के कई परिवारों के रिश्ते आज भी पाकिस्तान में है।

जब कभी भारत और पाकिस्तान की सीमा पर तनाव होता है तो सबसे बड़ा नुकसान कला, संगीत, फिल्म खेल के क्षेत्र में काम करने वाले लोगों को होता है। यदि दोनों देशों के राजनीतिज्ञ पारस्परिक संबंधों को सामान्य करने में सफल नहीं हो पा रहे हैं, तो क्या यह उचित नहीं होगा कि दोनों देश के खिलाडियों और कलाकारों को ऐसा करने का अवसर दिया जाय। वर्तमान में तो थोड़ा सा तनाव होने पर सर्वप्रथम दोनों देश आपसी व्यापार, खेल स्पर्धा, कलाकारों का आवागमन एक दम बंद कर देते हैं। यह संभावना तब ही है जब विभिन्न दलों के नेता अपने दलीय स्वार्थ और व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा से ऊपर उठकर दोनों देशों और उनके नागरिकों के बारे में सोच सकें। यदि दोनों देशों के नागरिक मिलकर काम करें तो दुनिया की किसी भी ताकत से आगे बढ़ सकते हैं। यदि दोनों देशों के नागरिक साथ में मिलकर काम न भी करें तो कम से कम भारत में रहने वाले विभिन्न धर्म के विविध परंपराओं और विभिन्न मान्यताओं के लोगों के बीच में पूर्ण सद्भाव तो सुनिश्चित कर ही सकते हैं। ऐसा करने से हमारे देश की प्रगति तेजी से हो सकती है। कई बार विभिन्न सांप्रदायिक हिंसक घटनाओं के कारण जो देश पीछे चला जाता है, वह इस प्रकार की घटनाओं से भी बचाया जा सकेगा। सभी समाजों, समुदायों के नेताओं का काम समाज को विभाजित करना नहीं, उसे एकता के सूत्र में बांधना होना चाहिए। हाल ही में हरियाणा के नूह में हिंसक घटनाओं के बाद सभी धार्मिक समुदायों के लोगों ने साथ बैठकर और मिलकर बहुत शीघ्र ही अच्छा, सद्भावनापूर्ण वातावरण तैयार किया जो देश के लिए एक अच्छा उदाहरण है। उन लोगों ने मिलकर यह तय किया कि बाहरी किसी व्यक्ति को उनके जिले में नहीं आने दिया जाएगा और वे अफवाहों पर ध्यान न देकर एक–दूसरे के दुःख–दर्द में भागीदार बनेंगे। इस प्रकार के वीडियो काफी राहत प्रदान करने वाले हैं और अच्छे भविष्य की और भी संकेत करते हैं।

> **पूर्व में देश के नागरिकों ने अनेक बार यह सिद्ध किया है कि समय-समय पर जब भी देश कोई बहुत बड़ी सफलता प्राप्त करता है, सब लोग एक साथ मिलकर किस प्रकार से अपनी खुशी को व्यक्त करते हैं, इसका नवीनतम उदाहरण चंद्रयान-3 की सफलता के समय देखा गया। प्रत्येक नागरिक के द्वारा व्यक्त उल्लास देखते ही बनता था। इसी प्रकार जब कभी कोई बाहरी संकट होता है तब भी देश ने अपनी अद्भुत एकता का परिचय दिया है।**

कोई राष्ट्र तरक्की तब कर सकता है जब देश में सामाजिक सद्भाव और समरसता बनी रहे। यही सब बातें हैं जो सफलता की कुंजी हैं, इस तथ्य को हमें समझना, स्वीकार और आत्मसात करना होगा।

आगामी चुनाव में जातिगत और धार्मिक भावनाओं को भड़काने के स्थान पर, दोनों समुदायों के समक्ष जो समस्याएं खड़ी हैं जैसे– अज्ञानता, अशिक्षा, कुपोषण गरीबी, बेरोजगारी, महंगाई आदि के बारे में अधिक ध्यान देना होगा। इन समस्याओं का हल निकालने के संबंध में कोई योजना बनाने में परस्पर स्वस्थ प्रतिस्पर्धा हो तो मतदाताओं के लिए एक अच्छा भविष्य तैयार करने का रोड मैप तैयार होगा। ऐसा होना केवल कल्पना नहीं अपितु संभव है । आवश्यकता केवल दृढ़ इच्छा शक्ति की, अपने क्षुद्र स्वार्थ को तिलांजलि देने की है। ऐसा वातावरण निर्माण करने में सभी वर्गों और समुदाय के लोग अपना–अपना योगदान कर सकते हैं। ऐसा करते समय उन तत्त्वों को अलग–थलग करना होगा जो देश को विभाजित करने में लगे रहते हैं और एक दूसरे के विरुद्ध घृणा का वातावरण बनाने हेतु प्रेरित करते हैं ।

हमें यह स्वीकार करना होगा कि देश के नागरिक इसी देश में रहने वाले हैं और इनमें से किसी को भी कहीं बाहर जाने के लिए नहीं कहा जा सकता। यह देश यहां रहने वाले सभी 140 करोड़ लोगों का है और सबका भविष्य एक साथ जुड़ा हुआ है। देश को कमजोर करके कोई भी एक वर्ग या समुदाय कभी आगे नहीं बढ़ सकता। यह बात सब राजनीतिक दलों को समझनी होगी। आगामी कुछ महीनों में चार राज्यों की विधानसभाओं और लोकसभा के चुनाव होंगे। इस बार क्या एक आम जन की तरह हम यह अपेक्षा कर सकते हैं कि चुनाव में सांप्रदायिक सद्भाव को बिगड़ने का कोई काम नहीं होगा और केवल और केवल भारतीयों के विकास और बेहतरी की बात की जाएगी? विभिन्न दल अपनी ओर से इस बात के लिए मतदाताओं के समक्ष चुनावी घोषणा पत्र में रूपरेखा प्रस्तुत करें कि वह कैसे देश की गरीबी, कुपोषण, बीमारी, बेरोजगारी और महंगाई पर नियंत्रण करेंगे और ऐसा करने में भी किस प्रकार सभी वर्गों का सहयोग प्राप्त करेंगे? जो दल इस प्रकार का रोड मेप प्रस्तुत करने में सफल होंगे, उनको समर्थन मिलना निश्चित होगा। यदि अगले चुनाव में भी हमने अपने पुराने रास्तों को नहीं छोड़ा और केवल छोटे–छोटे स्वार्थ के लिए जनता को भड़काने का काम करने लगे तो फिर हम देश में दो सदियों में एक साथ जी रहे होंगे, एक 21वीं और 19वीं सदी में, जहां एक ओर भारत के वैज्ञानिक और तकनीकी विशेषज्ञ देश को दुनिया का सिरमौर बनाने का श्रेय प्राप्त करेंगे, वहीं यहाँ की सामाजिक कटुता और आपसी भेदभाव हमें कई क्षेत्रों में गरीब अफ्रीकी देशों से भी पीछे ले जाने का काम करेंगे।

पूर्व में देश के नागरिकों ने अनेक बार यह सिद्ध किया है। समय–समय पर जब भी देश कोई बहुत बड़ी सफलता प्राप्त करता है, सब लोग एक साथ मिलकर किस प्रकार से अपनी खुशी को व्यक्त करते हैं, इसका नवीनतम उदाहरण चंद्रयान–3 की सफलता के समय देखा गया। प्रत्येक नागरिक के द्वारा व्यक्त उल्लास देखते ही बनता था। इसी प्रकार जब कभी कोई बाहरी संकट होता है तब भी देश ने अपनी अद्भुत एकता का परिचय दिया है। प्रश्न केवल यही है कि क्या हमें एकता का परिचय देने के लिए किसी भारी संकट का इंतजार करना होगा या हम सामान्य समय में भी सदैव एकजुट होकर के राष्ट्र के प्रगति में अपना सर्वस्व लगाने के लिए अवसर लोगों को प्रदान कर पाएंगे? ऐसा हम सबको करना होगा । अपने राष्ट्र की प्रगति के लिए अपने व्यक्तिगत स्वार्थ को आगे नहीं रखेंगे एवं एक अच्छे नागरिक के रूप में अपने कर्तव्य का पालन करेंगे ताकि हम आने वाले समय में आने वाली पीढियों लिए अच्छा उदाहरण प्रस्तुत कर सकें।

देश की विविधता इसका एक आभूषण है, इसकी कमजोरी नहीं। हमारे यहां पर जितनी विविधता है उतनी शायद विश्व के किसी भी देश में नहीं है। जब विभिन्न प्रकार की विविधताओं के साथ हम खुशहाली के साथ रह सकते हैं तो इन विविधताओं को हम अपनी कमजोरी क्यों बनने दें? कल्पना कीजिए सबको एक जैसा बनाने का प्रयास वैसा ही होगा जैसे किसी बगीचे में एक ही रंग के सारे फूल हों। कोई भी बगीचा तब ही बहुत लुभावना और अच्छा लगता है जब उसमें विभिन्न रंगों के फूल खिले हों। हमारा देश इसी प्रकार के विभिन्न रंगों के फूलों वाला गुलदस्ता है, जिसमें भांति–भांति के लोग, रीति रिवाज, त्योहार और उत्सव हैं। सभी एक–दूसरे के साथ इनको मनाने में सदैव से भागीदार रहे हैं।

आइए, हम सब मिलकर इस देश में सद्भावना बढ़ाने का काम करें और इसकी विविधताओं को स्वीकार करते हुए, सभी एक–दूसरे की परंपराओं का सम्मान करते हुए राष्ट्रहित को सर्वोच्च स्थान पर रखने हेतु प्रेरित करें। ऐसा करते समय शुरुआत हम स्वयं से ही करें। भारत के समक्ष एथलेटिक्स में जो उदाहरण 4X400 मीटर की रिले रेस की टीम ने प्रस्तुत किया है और जिस खेल भावना का प्रदर्शन नीरज चोपड़ा और नदीम ने प्रस्तुत किया है, उससे सीख लें। हमारे राजनीतिज्ञों को खिलाड़ियों से अवश्य सीख लेनी चाहिए तभी हम आगे बढ़ने का मार्ग तेजी से प्रशस्त कर पाएंगे और तब हम निश्चित रूप से विश्व गुरु कहलाने के वास्तविक हकदार।

**–अतिथि सम्पादक,**
**राजेन्द्र भाणावत**
**( पूर्व आई.ए.एस. अधिकारी )**

# रेलमंत्री ने उदयपुर रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास कार्यों का लिया जायजा

**■ उदयपुर के सिटी रेलवे स्टेशन पर बनने वाले रूफ प्लाजा देश के सबसे बड़े रूफ प्लाजा में से एक होगा : रेल मंत्री**

**उदयपुर, (कासं)।** रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को उदयपुर के सिटी रेलवे स्टेशन पर पुनर्विकास कार्यों की प्रगति देखी। उन्होंने उदयपुर स्टेशन पर बनने वाले रूफ प्लाजा के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि यह रूफ प्लाजा देश के सबसे बड़े रूफ प्लाजा में से एक होगा।

इस दौरान पत्रकारों से संक्षिप्त बातचीत में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि देश के स्टेशनों को विश्व स्तरीय बनाने की कडी में उदयपुर स्टेशन के पुनर्विकास का कार्य बहुत तेज गति से चल रहा है। उल्लेखनीय है कि 354 करोड की लागत से उदयपुर स्टेशन का विश्वस्तरीय पुनर्विकास कार्य प्रगति पर है। उदयपुर–अहमदाबाद ट्रैक पर और अधिक गाड़ियां चलाने के संबंध में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि अभी तक यह ट्रैक नया था, लेकिन समय बीतने के साथ अब स्थिर हो चुका है, धीरे–धीरे इस पर गाडियों की संख्या भी बढे गी। इस ट्रैक पर फेंसिंग का कार्य स्वीकृत कर शीघ्र पूर्ण कराया जाएगा।



उदयपुर में केन्द्रीय रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव सिटी रेलवे स्टेशन के प्रगति कार्यो का अवलोकन किया।

उदयपुर स्टेशन के निरीक्षण के पश्चात रेल मंत्री ने उदयपुर से चित्तौडगढ –नीमच रेल खंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया और महाप्रबंधक उत्तर पश्चिम रेलवे विजय शर्मा व प्रमुख विभागाध्यक्षों के साथ बैठक कर उत्तर पश्चिम रेलवे के कार्यों की समीक्षा। उन्होंने पुश ट्रॉली जैसे विभिन्न उत्पादों को और अधिक यांत्रिकीय बनाये जाने पर जोर दिया साथ ही रोलिंग ब्लॉक को और अधिक प्रभावी ढ ंग से उपयोग किए जाने के निर्देश दिए ताकि ट्रेन संचालन में सुरक्षा सर्वोपरी रहे।

उल्लेखनीय है कि उदयपुर स्टेशन का विश्वस्तरीय पुनर्विकास कार्य प्रगति पर है। 354 करोड रुपए की लागत से किये जाने वाले पुनर्विकास कार्यों के अंतर्गत नई बिल्डिंग के साथ ही कॉनकोर्स एवं फुट ओवर ब्रिज स्काई वॉक से जुडेंगे। रेलवे द्वारा उदयपुर स्टेशन को विश्वस्तरीय सुविधाओं से युक्त करने के लिए पुनर्विकास कार्य युद्ध स्तर पर कार्य किया जा रहा है। हाल ही में उदयपुर स्टेशन के पुनर्विकास का शिलान्यास माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा नाथद्वारा से किया गया था।

इस अवसर पर उदयपुर सांसद अर्जुनलाल मीणा, महाप्रबंधक उत्तर पश्चिम रेलवे विजय शर्मा, मंडल रेल प्रबंधक अजमेर राजीव धनखड व उत्तर पश्चिम रेलवे जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण सहित उत्तर पश्चिम रेलवे के कई अधिकारी मौजूद थे।

# दहेज और नशा मुक्त समाज के निर्माण का आव्हान

**■ दहेज नहीं लेने वाले 25 परिवारों को मंच पर सम्मानित किया**

**जोधपुर, (कासं)।** दहेज विरोधी क्षत्रिय संघ की ओर से मारवाड़ राजपूत सभा भवन जोधपुर में सिवाणा मठ के संत चेस्टीनाथ के सानिध्य में व मारवाड राजपूत सभा के अध्यक्ष हनुमान सिंह खागटा के मुख्य अतिथि में तथा दहेज विरोधी क्षत्रिय संघ भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष गणपत सिंह राठौड की अध्यक्षता में एक दिवसीय सगाई व परिचय सम्मेलन का भव्य आयोजन संपन्न हुआ।

राष्ट्रीय अध्यक्ष गणपत सिंह राठौड ने समाज में फैली कुरितियों, कुप्रथाओं व कुरिवाजों पर अंकुश लगाने तथा दहेज और नशा मुक्त समाज के निर्माण का आव्हान किया तथा फिजूल खर्ची व दिखावा नहीं करने की अपील की। संस्थापक महेंद्र सिंह जाखली ने बताया कि इस अवसर पर 700 विवाह योग्य युवक युवतियों के रजिस्ट्रेशन हुए तथा बायोडाटा मिलान व परिचय सम्मेलन भी रखा गया। सम्मेलन में चार दहेज विरोधी सगाईयां भी हुई



दहेज विरोधी क्षत्रिय संघ की ओर से मारवाड़ राजपूत सभा भवन जोधपुर में सगाई व परिचय सम्मेलन का आयोजन संपन्न हुआ।

जिनको तथा दहेज नहीं लेने वाले 25 परिवारों को मंच पर सम्मानित किया गया। हनुमान सिंह खागटा ने बताया कि आज दहेज विरोधी क्षत्रिय संघ ने मारवाड क्षेत्र में सफल व भव्य आयोजन काआगाज किया है जो बहुत ही समाज में जागृति योग्य व समाज को सशक्त बनाने योग्य है। इस अवसर पर संघ के जिलाध्यक्ष गोपाल सिंह सिसोदिया, प्रदेश उपाध्यक्ष जबर सिंह राठौड, युवा अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह तेना, देवेंद्र सिंह शेखावत, देवी सिंह चौहान, विक्रम सिंह छावसरी, सुमन कंवर, रंभा कंवर, भंवर मनजीत सिंह, गजेंद्र सिंह, तेज सिंह चावडिया, दिनेश सिंह बाबरा, बिशन सिंह सोडा, गिरधारी सिंह शेखावत, शायर सिंह सहित भारी संख्या में मातृशक्ति व समाजसेवियों ने संबोधित करते हुए दहेज नहीं लेने का संकल्प लिया। लगभग 2000 से ऊपर समाज बंधु व मातृशक्ति की उपस्थिति उपस्थिति रही व सहभोज का भी आयोजन रखा गया।

# घर में शुद्ध हवा के लिए आई.आई.टी. जोधपुर ने डिवाइस विकसित की

## यह डिवाइस 99.99 प्रतिशत से अधिक हानिकारक विषाणुओं को निष्क्रिय करती है

**■ विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार वायु प्रदूषण मुख्य रूप से पुरानी बीमारियों के खतरों को बढ़ाने के पांच कारणों में से एक है**

**जोधपुर, (कासं)।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान जोधपुर के शोधकर्ताओं ने घर के अन्दर बेहतर वायु गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए नवीन कोल्ड–प्लाज्मा डिटर्जेंट इन एनवायरनमेंट (कोड) डिवाइस को विकसित किया है। शोध में इस डिवाइस की व्यापक रूप से जांच की गई है जिसमें यह सामने आया है कि यह डिवाइस 99.99 प्रतिशत से अधिक हानिकारक विषाणुओं को निष्क्रिय करती है और उच्च गुणवत्ता वाली इंडोर वायु प्रदान करती है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार वायु प्रदूषण मुख्य रूप से पुरानी बीमारियों के खतरों को बढ़ाने के पांच कारणों में से एक है। हम भोजन की तुलना में आठ गुना अधिक और पानी की तुलना में चार गुना अधिक ऑक्सीजन या हवा को ग्रहण करते हैं। इंडोर ऑक्सीजन में आमतौर पर बाहरी हवा की तुलना में लगभग 2–5 गुना अधिक प्रदूषण होता है। वहीं आजकल सिक बिल्डिंग सिंड्रोम भी एक चुनौतीपूर्ण मुद्दा है।

इनके अलावा हवा में रहने वाले रोगाणु से होने वाला संक्रमण भी वर्तमान में एक बड़ी चुनौती है। लगभग हर साल हम देख रहे हैं कि एक नये बैक्टीरिया या वायरस की उत्पत्ति हो रही है जिससे बीमारियां और महामारी उत्पन्न हो रहीं है। वर्तमान में उपलब्ध इंडोर वायु शुद्धिकरण उपकरणों द्वारा लम्बे समय तक जीवित रहने वाले विषाणुओं और छोटे आकार के एयरोसोल्स को प्रभावी तरीके ख़त्म नहीं किया जा सकता है। घर के वातावरण में वायु जनित रोगाणुओं व विषाणुओं के संक्रमण के जोखिमों को कम करने के लिए आईआईटी जोधपुर के प्रोफेसर डॉ. राम प्रकाश, डॉ. अंबेश दीक्षित, रामावतार जांगड़ा, किरण आहलावत द्वारा एक नॉवेल कोल्ड–प्लाज्मा डिटर्जेंट इन एनवायरनमेंट कोड डिवाइस विकसित की गई है। जिसके परिणाम हाल ही में नेचर साइंटिफिक रिपोर्ट्स जर्नल में प्रकाशित किए गए हैं। इस तकनीक पर आधारित इंडोर एयर स्टेरलाइजर्स का निर्माण दिव्या प्लाज्मा सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है। यह एक स्टार्टअप कंपनी है जो आईआईटी जोधपुर टेक्नोलॉजी इनोवेशन और स्टार्टअप सेंटर (टीआईएससी) द्वारा संचालित है। इस कंपनी का उद्देश्य घर के वातावरण में वायु जनित रोगाणुओं को निष्क्रिय करना और संक्रमण के जोखिमों से एक साथ निपटना है साथ ही दूषित जगहों पर हवा को शुद्ध करना है।

## राशिफल मंगलवार 5 सितम्बर, 2023



पंडित अनिल शर्मा

भाद्रपद मास, कृष्ण पक्ष, षष्ठि तिथि, मंगलवार, विक्रम संवत 2080, भरणी नक्षत्र प्रातः 9:00 तक, व्याघात योग रात्रि 11:23 तक, वणिज करण दिन 3:47 तक, चन्द्रमा आज दिन 3:00 से वृष राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य–सिंह, चन्द्रमा–मेष, मंगल–कन्या, बुध–सिंह, गुरू–मेष, शुक्र–कर्क, शनि–कुम्भ, राहु–मेष, केतु–तुला राशि में।

आज सर्वार्थ सिद्धि योग और रवियोग दिन 9:00 से आरम्भ होगा। त्रिपुष्कर योग दिन 3:47 से सूर्योदय तक है। भद्रा दिन 3:47 से रात्रि 3:43 तक है। आज हल षष्ठि और ललही छठ, शिक्षक दिवस है।

**श्रेष्ठ चौघड़ियाः** चर 9:18 से 10:52 तक, लाभ–अमृत 10:52 से 1:59 तक, शुभ 3:33 से 5:06 तक।

**राहूकालः** 3:00 से 4:30 तक। सूर्योदय 6:11, सूर्यास्त 6:40

**मेष**
मन:स्थिति में सुधार होगा। मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। महत्वपूर्ण कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। दिन के मध्यान्ह पश्चात समय अनर्गल कार्यों में खराब हो सकता है।

**वृष**
मित्रों/रिश्तेदारों से वाद–विवाद आपसी मतभेद बढ़ सकते हैं। अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है। अनावश्यक धन खर्च हो सकता है। दिन के मध्यान्ह पश्चात मानसिक तनाव से राहत मिलेगी।

**मिथुन**
आर्थिक/वित्तीय मामलों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। दिन के मध्यान्ह पश्चात घर–गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है।

**कर्क**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

**सिंह**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों के लिए बाहर जाना पड़ सकता है। दिन के मध्यान्ह पश्चात व्यावसायिक अड़चनें दूर होने लगेंगी।

**कन्या**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। व्यावसायिक कार्यों के लिए भागदौड़ रहेगी। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं।

**तुला**
परिवार में आपसी सहयोग–समन्वय बना रहेगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। शुभ–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे।

**वृश्चिक**
स्वास्थ्य में सुधार होगा। मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। घर–परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में उचित सफलता मिलेगी।

**धनु**
परिजनों के व्यवहार के कारण मन खिन्न हो सकता है। महत्वपूर्ण मामलों में दुविधा बनी रहेगी। स्वास्थ्य संबंधित परेशानी हो सकती है। दिन के मध्यान्ह पश्चात अस्त–व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा।

**मकर**
घर–परिवार में अतिथियों के आगमन से दिनचर्या अस्त–व्यस्त हो सकती है। परिजनों के व्यवहार के कारण अपमानित होना पड़ सकता है। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।

**कुंभ**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यक्तिगत प्रयासों से महत्वपूर्ण कार्यों में उचित सफलता मिलेगी।

**मीन**
आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा। व्यावसायिक प्रतिष्ठा का ध्यान रखें। घर–परिवार में वाद–विवाद बढ़ सकते हैं। वाणी पर नियंत्रण रखना ठीक रहेगा।

# एम्बुलेंस कर्मियों और सरकार के बीच दो दौर की वार्ता विफल

## जयपुर सहित प्रदेश में राजस्थान एंबुलेंस कर्मचारी संघर्ष समिति के आव्हान पर सोमवार को तीसरे दिन भी एम्बुलेंस कर्मियों की हड़ताल जारी रही




**प्रदेश में एंबुलेंस कर्मियों की हड़ताल सोमवार को तीसरे दिन भी जारी रही। इससे मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। कई मरीजों को एंबुलेंस नहीं मिलने से अन्य साधनों से अस्पताल आना पड़ा।**

**जयपुर।** राजधानी जयपुर सहित प्रदेश में राजस्थान एंबुलेंस कर्मचारी संघर्ष समिति के आव्हान पर सोमवार को तीसरे दिन भी एम्बुलेंस कर्मियों की हड़ताल जारी रही। हालांकि इस बीच आज एम्बुलेंस कर्मी और सरकार के बीच जयपुर में हुई दौर की वार्ता विफल रही। वहीं दूसरी ओर इस हड़ताल से मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

राजस्थान एंबुलेंस कर्मचारी संघर्ष समिति के प्रदेशाध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह शेखावत ने बताया कि संविदा नियमों में एम्बुलेंस कर्मियों को शामिल किए जाने की मांग को लेकर एम्बुलेंस कर्मियों का पिछले तीन दिन से आंदोलन जारी है। इसके चलते पूरे प्रदेश में 108 व 104 एंबुलेंस सेवा पूरी तरह ठप है। इससे मरीजों का भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। एम्बुलेंस सेवा नहीं मिलने से मरीज ऑटो, ई-रिक्शा या दूसरे वाहनों से हॉस्पिटल इलाज के लिए पहुंच रहे है। 108 सेवा की जयपुर

■ **हड़ताल से मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।**

समेत प्रदेशभर में 750 एम्बुलेंस संचालित है। शेखावत ने बताया कि एम्बुलेंस कर्मियों का सात सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल आज राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की अतिरिक्त निदेशक प्रियंका गोस्वामी से स्वास्थ्य भवन में सुबह मुलाकात की। इस दौरान सुबह साढ़े दस बजे व शाम सवा तीन बजे दो दौर की वार्ता हुई। जिसमे अतिरिक्त मिशन निदेशक गोस्वामी ने पदाधिकारियों को बताया की भविष्य के लिए एंबुलेंस कर्मचारियों के लिए प्रपोजल बनाकर सरकार को भेज देंगे, लेकिन इस बात पर एंबुलेंस कर्मचारी सहमत नही हुए। इस दौरान यूनियन पदाधिकारियों ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री लेवल पर वार्ता करने की मांग की है।

शेखावत ने बताया कि आज मेडिकल कॉलेज जयपुर के सामने पूरे प्रदेश से करीब आए हुए 4000 कर्मचारियों द्वारा धरना व प्रदर्शन किया गया। प्रदेश में 108 की 741 एंबुलेंस और 104 की 586 एंबुलेंस सेवा पूरी तरह से ठप रही है और प्रदेश के अधिकतर एंबुलेंस कर्मचारी जयपुर पंहुच गए है। उन्होंने बताया कि एंबुलेंस कर्मचारियों की मांगों का समाधान नही होने तक हड़ताल जारी रहेगी।

# 'शिकायतकर्ता खुद ही दलाल, मुझे जमानत दी जाए'

■ **हाईकोर्ट ने हेरिटेज नगर निगम की मेयर मुनेश गुर्जर के पति सुशील गुर्जर की जमानत अर्जी पर एसीबी से एक सप्ताह में केस डायरी पेश करने को कहा है**

**जयपुर,** (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने रिश्वत लेकर पट्टे जारी करने से जुड़े मामले में न्यायिक अभिरक्षा में चल रहे हेरिटेज नगर निगम की मेयर मुनेश गुर्जर के पति सुशील गुर्जर की जमानत अर्जी पर एसीबी से एक सप्ताह में केस डायरी पेश करने को कहा है। जस्टिस विनोद कुमार भारवानी की एकलपीठ ने यह आदेश सुशील गुर्जर की जमानत याचिका पर दिए।

जमानत याचिका में अधिवक्ता दीपक चौहान ने बताया कि मामले में शिकायतकर्ता का खुद के भूखंड का कोई पट्टा नहीं है। वह तो रुपए लेकर दूसरे लोगों को पट्टा दिलाने का काम करता है। शिकायतकर्ता खुद ही भ्रष्टाचार फैला रहा है। इसके अलावा टेलीफोनिक ट्रांसक्रिप्ट में याचिकाकर्ता का नाम नहीं है और जिन लोगों के भूखंडों के पट्टों की फाइलें थी, उनमें से किसी ने कोई शिकायत नहीं दर्ज नहीं कराई है। इसके अलावा याचिकाकर्ता ने न तो किसी से रिश्वत की मांग की है और ना ही उससे किसी तरह की रिश्वत राशि बरामद हुई है। यह पूरा प्रकरण राजनीति द्वेषता से प्रेरित है। ऐसे में उसे जमानत पर रिहा किया जाए। जिसका राज्य सरकार की ओर से विरोध किया गया। वहीं अदालत ने अभियोजन पक्ष को कहा है कि वह एक सप्ताह में प्रकरण की केस डायरी पेश करे। गौरतलब है कि एसीबी ने गत दिनों मेयर मुनेश गुर्जर के घर रेड डाली थी। एसीबी का आरोप है कि सुशील गुर्जर ने दो लाख रुपए प्रति पट्टा रिश्वत लेकर पट्टे जारी कराने की रिश्वत ली है। एसीबी ने सुशील गुर्जर के साथ ही प्रकरण में शामिल दो दलालों को भी गिरफ्तार किया था। वहीं दूसरी ओर इसी दिन राज्य सरकार ने मुनेश गुर्जर को मेयर पद से निलंबित कर दिया था, हालांकि हाईकोर्ट ने बाद में इस आदेश पर रोक लगा दी थी। इसके बाद राज्य सरकार ने भी निलंबन आदेश वापस ले लिया था।

## 'सौर ऊर्जा के विकास से राज्य की अर्थव्यवस्था सुधरेगी'

**जयपुर,** (का.सं.)। राजस्थान सोलर एसोसिएशन के अध्यक्ष सुनील बंसल ने कहा कि सरकार के प्रयासों से सौर ऊर्जा का विकास होगा और राज्य की अर्थव्यवस्था सुधरेगी। एसोसिएशन के प्रयास भी आरई नियमों में आमूलचूल परिवर्तन लाने में मदद कर रहे हैं। आरएसए पिछले तीन वर्षों में इनके लिये प्रयासरत है।

उन्होंने कहा कि राज्य सौर उद्योग के लिये सरकार ने 80 फीसदी तक सौर स्थापना की अनुमति दी है, सरकार नागरिकों को घरेलू ग्राहकों के लिये 3.26 रुपये प्रति यूनिट का भुगतान करेगी। आरएसए सभी ज्वलंत मुद्दों पर राज्य के सौर विकास के व्यापक हित के लिये सरकार से लगातार मांग कर रहा है। इसके अलावा आरईआरसी उद्योग की मांगों पर कार्रवाई कर रहा है।

## खड़गे 6 सितंबर को गुलाबपुरा में सम्मेलन को संबोधित करेंगे

**जयपुर,** (का.प्र.)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे 6 सितम्बर को भीलवाड़ा जिले के गुलाबपुरा में किसान सम्मेलन को सम्बोधित करने के साथ ही दुग्ध उत्पादक संघ की विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास/लोकार्पण करेंगे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे अपने निर्वाचन के बाद पहली बार राजस्थान प्रदेश कांग्रेस के आग्रह पर आ रहे हैं। खड़गे के साथ ही सम्मेलन को राजस्थान प्रभारी सुखजिन्दर सिंह रंधावा, राजस्थान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, राजस्व मंत्री रामलाल जाट, सहप्रभारी काजी निजामुद्दीन, अमृता धवन भी सम्बोधित करेंगे।

# दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त को 20 साल की सजा

**जयपुर,** (का.सं.)। जिले की पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत ने नाबालिग का अपहरण कर उसके साथ कई दिनों तक दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त नारायण मीणा को बीस साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने 43 वर्षीय इस अभियुक्त पर एक लाख पचास हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। पीठासीन अधिकारी संदीप कुमार शर्मा ने अपने आदेश में कहा कि अभियुक्त पीड़िता के पिता की उम्र का है। उसका यह कृत्य गंभीर और घृणित प्रकृति का है। ऐसे में उसके प्रति नरमी का रुख नहीं अपनाया जा सकता।

अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक विजया पारीक ने अदालत को बताया कि 26 दिसंबर, 2019 को करीब 17 वर्षीय पीड़िता के पिता ने मनोहरपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में कहा गया कि उसकी बेटी 25 दिसंबर को बीएड की एक्स्ट्रा क्लास में पढ़ने के लिए घर से निकली थी, लेकिन अब तक वापस लौटकर नहीं आई है। उसने करीब एक माह पहले नारायण मीणा को अपनी मोटर साइकिल बेची थी। जिसका रुपए भी नारायण पर बकाया चल रहा है। नारायण से संपर्क करने पर उसने आज सुबह पीड़िता के घर आने की बात कही, लेकिन पीड़िता वापस नहीं आई। ऐसे में उसे शक है कि नारायण मीणा उसे अपने साथ ले गया है। पीड़िता घर जाते समय अपने सभी दस्तावेज, कपड़े और बैंक की पासबुक भी साथ ले गई है। रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने कुछ दिनों बाद अजमेर के किशनगढ़ से बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया। सुनवाई के दौरान पीड़िता ने अदालत को बताया कि घटना के दिन वह अपनी दोस्त के घर जा रही थी।

## मुख्यमंत्री से मिलने से पहले ही किरोड़ी मीणा गिरफ्तार

**जयपुर।** डॉ किरोड़ी लाल मीणा ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के गंगापुर दौरे के दौरान मिलने के लिए कहा लेकिन पुलिस ने डॉ मीणा को और उनके समर्थकों को गिरफ्तार कर लिया।

इस दौरान डॉ मीणा ने कहा कि मुखिया आपकी इस तानाशाही का जवाब आने वाले समय में प्रदेश कि जनता अवश्य देगी ओर आपको एवं आपकी पार्टी को हमेशा के लिए सता से बाहर करेगी। डॉ मीणा की प्रमुख मांगों में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत के साथ दौरे के दौरान किए गए अभद्र व्यवहार करने वाले व पुलिस प्रशासन द्वारा की गई लापरवाही करने वालों के ख़िलाफ कार्यवाही करने के लिए। मुखिया के दौरे से पहले भाजपा कार्यकर्ताओं को पुलिस प्रशासन द्वारा नज़रबंद/अभद्र व्यवहार क्यों किया गया, उनके ख़िलाफ कार्यवाही के लिए। पांचना बांध का पानी किन कारणों से रोक रखा है उसे छोड़ा जाए। परिवर्तन संकल्प यात्रा के दौरान सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं को प्रशासन द्वारा रोकने वालों के ख़िलाफ कार्यवाही के लिए।

# कांग्रेस सरकार में किसानों के साथ हो रहे अन्याय व अत्याचारों के खिलाफ आवाज उठाएं : चन्द्रशेखर

**जयपुर।** भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री ओ.पी. यादव ने बताया कि भाजपा किसान मोर्चा की प्रदेश स्तरीय बैठक भाजपा प्रदेश कार्यालय, जयपुर में प्रदेशाध्यक्ष हरिराम रणवां की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इस बैठक में भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री चन्द्रशेखर, मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री एवं राजस्थान प्रदेश प्रभारी रामनरेश तिवाड़ी, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं मोर्चा प्रदेश प्रभारी नारायण सिंह देवल का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ एवं प्रदेश स्तरीय बैठक में मोर्चे के प्रदेश पदाधिकारी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, जिलाध्यक्ष, संभाग प्रभारी, जिला प्रभारी, सोशल मीडिया प्रदेश टीम एवं सोशल मीडिया जिला प्रभारी उपस्थित रहे।

भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री चन्द्रशेखर ने मोर्चे के प्रत्येक पदाधिकारियों से आव्हान किया कि वह अपने-अपने ग्राम स्तर पर संगठन को मजबूत करने के साथ-साथ, किसान विरोधी इस कांग्रेस सरकार में किसानों के साथ हो रहे अन्याय एवं अत्याचारों के खिलाफ आवाज उठाएं। मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष हरिराम रणवां ने बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनते ही किसानों की सम्पूर्ण कर्जामाफी की जायेगी, जो अभी तक नहीं की गई। आज भी किसान अपनी पूर्ण कर्जमाफी का इंतजार कर रहा है। कांग्रेस द्वारा प्रदेश में सरचार्ज, फ्यूल चार्ज ना बढ़ाने का वादा किया था, लेकिन कांग्रेस की सरकार बनते ही बिलों में वृद्धि करके किसानों की कमर तोड़ दी। साथ ही बिजली कटौती करके किसानों के साथ में धोखा किया। ऐसी निकम्मी सरकार को आने वाले विधानसभा चुनाव में प्रदेश का किसान सबक सिखाएगा।

■ **कांग्रेस सरकार बनते ही किसानों की सम्पूर्ण कर्जामाफी की जायेगी, जिसका किसान आज भी कर रहा इंतजार : हरिराम रणवां**

मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री एवं किसान मोर्चा राजस्थान के प्रदेश प्रभारी रामनरेश तिवाड़ी ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि भाजपा किसान मोर्चा को प्रत्येक बूथ स्तर पर केन्द्र सरकार की किसान जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाने की आवश्यकता है, जिससे की हर एक किसान को इन योजनाओं के माध्यम से लाभ मिल सके।


**उठावना**



हमारी पूजनीय माताजी **श्रीमती माणक देवी** पत्नी स्व. श्री टीकमचन्द जी खारेड का स्वर्गवास दिनांक 2.9.2023 को हो गया है। उठावना मंगलवार, दिनांक 5.9.2023 को प्रातः 9:30 से 10:00 बजे, मोती डूंगरी जैन दादाबाडी, मोती डूंगरी रोड, जयपुर पर होगा।

**शोकाकुल**- अशोक- संगीता (पुत्र- पुत्रवधू), नवीन, धरेंद्र, पंकज (भतीजे), भरत, चिराग, चेतन (पौत्र), सरोज- आजाद जी बैद, सुनीता- विजेन्द्र जी महमवाल, अनीता- सुनील जी सिंघवी, बबीता- पारस जी गोलेछा (पुत्री- दामाद), श्रेयांश, प्रतीक (दोहिते) एवं समस्त खारेड परिवार। पीहर पक्षः कमलचन्द जी, आशीष जी ढोर परिवार। मो.- 8890719116

**नम्बर मिलाइए 9587884433**



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


# ईडी ने जल जीवन मिशन में हुए घोटाले की जांच तेज की

## जल जीवन मिशन योजना में करोड़ों के भ्रष्टाचार का मामला

■ **ईडी की टीमें जयपुर सहित अन्य शहरों में संदिग्धों के ठिकानों से भारी मात्रा में नकदी-सोना सहित अन्य दस्तावेज बरामद कर चुकी है।**

**जयपुर।** प्रदेश में जल जीवन मिशन योजना में हुए करोड़ों रुपए के भ्रष्टाचार की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने जांच तेज कर दी है। तीन दिन में गुजरात सहित अन्य राज्यों से जयपुर सहित अन्य शहरों में पहुंची करीब एक दर्जन टीमें अब तक इस घोटाले के अहम साक्ष्य और संदिग्धों के ठिकानों से भारी मात्रा में नकदी-सोना सहित अन्य दस्तावेज बरामद कर चुकी है। सोमवार को ईडी ने आधिकारिक तौर पर जानकारी देते हुए कार्रवाई की जानकारी साझा की।

गौरतलब है कि जल जीवन मिशन योजना में फर्जी टेंडर प्रक्रिया से लेकर पुरानी पाइप लाइन नई बताकर कागजों में डालकर करोड़ों का भ्रष्टाचार होने के इनपुट ईडी के पास थे। दिल्ली और गुजरात अन्य राज्यों की टीमों ने स्थानीय टीम के साथ मिलकर शुक्रवार को जयपुर सहित अन्य जिलों में सर्च ऑपरेशन चलाया था। टीमों ने अलवर, नीमराना, बहरोड़ और शाहपुरा में इस मामले में लिप्त अधिकारी, कर्मचारी, ठेकेदार और दलालों के यहां दबिश दी। इस दौरान धन शोधन निवारण अधिनियम-2002 (पीएमएलए) के तहत मामला दर्ज किया। गौरतलब है कि एसीबी की ओर से दर्ज एफआईआर के आधार पर ही ईडी ने इस बड़े घोटाले की जांच को हाथ में लिया। टीमों ने एक साथ सर्च शुरू की तो पदमचंद जैन (मालिक-मैसर्स श्री श्याम ट्यूबवेल कंपनी), महेश मित्तल (प्रोपराइटर मैसर्स श्री गणपति ट्यूबवेल कंपनी) सहित अन्य को जांच के दायरे में रखा।

जानकारी के अनुसार ईडी की जांच में जल जीवन मिशन योजना घोटाले में अवैध सुरक्षा प्राप्त करने, निविदाएं प्राप्त करने के लिए लोक सेवकों को रिश्वत देना, बिलों को मंजूरी दिलाना और उनके द्वारा निष्पादित कार्य के संबंध में अनियमितताओं को छिपाने के साथ ही लोक स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी से प्राप्त विभिन्न निविदाओं के संबंध में विभाग (पीएचईडी), संदिग्ध चोरी के सामान की खरीद में भी शामिल रहे हरियाणा से अपने टेंडरों व अनुबंधों में इसका उपयोग करने तथा पीएचईडी अनुबंध प्राप्त करने के लिए इरकॉन से कार्य समापन पत्र सहित अन्य साक्ष्य बरामद किए हैं।

गौरतलब है कि ईडी ने करीब 17 ठिकानों पर दबिश देकर सर्च ऑपरेशन चलाया था। जिसमें करीब डेढ़ करोड़ रुपए और एक किलो सोने की ईंट बरामद की थी। जानकारी के अनुसार अमिताभ कौशिक और जेडीए के तहसीलदार सुरेश शर्मा 1 करोड़ 50 लाख रुपए सहित करीब ढाई करोड़ रुपए, प्रोपर्टी डीलर और आईएएस व नेताओं के लाईजनर जमीनी कारोबारी कल्याण कविया के यहां से सम्पत्ति में भारी निवेश के दस्तावेज बरामद किए। टीम ने डिजिटल साक्ष्य सहित अन्य आपत्तिजनक दस्तावेज डिस्क, मोबाइल और बड़े पैमाने पर किए गए लेन-देन का काला चिट्ठा बरामद किया था।


**आम सूचना** मेरे अभिभाष्यगण श्री हरिसिंह पुत्र श्री अमर सिंह शेखावत एवं श्रीमती शोभा शेखावत पत्नि श्री हरिसिंह निवासी- ग्राम मुर्धवा, पटेल नगर, मुर्धवा अपोजिट ललिता सिंह एण्ड सन्स पोस्ट रेनूकूट, सोनभद्र उत्तर प्रदेश हाल निवासी-प्लाट नम्बर-115, मंगल नगर, ग्राम बिशनावाला, सिरसी रोड, जयपुर राज. की ओर से एवं उनके निर्देशानुसार सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्यगण की पुत्री गरिमा शेखावत का आचरण ठीक नहीं होने व मेरे अभिभाष्यगण के कहने में नहीं होने के कारण मेरे अभिभाष्यगण ने अपनी पुत्री गरिमा शेखावत को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्तियों से बेदखल कर दिया है तथा आज के बाद मेरे अभिभाष्यगण का गरिमा शेखावत से किसी प्रकार का सम्बन्ध व सरोकार नहीं है। सूचित रहे।
जयपुर लोकेश शर्मा, एडवोकेट
दिनांक-04/09/23 मो.-9829278275

**आम सूचना**
एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैसर्स श्री सालासर ओवरसीज प्रा. लि. पता 15-बी, गोपालपुरा बाई पास रोड, हीरा नगर, मानसरोवर, जयपुर द्वारा नारायण विहार ब्लॉक वाई फेज 52 योजना का भूखण्ड संख्या -08 क्षेत्रफल 280.00 वर्गगज का अलॉटमेंट लेटर विजय कुमार शर्मा पुत्र/ पुत्री पत्नी श्री एन.सी. शर्मा निवासी उना हिमाचल प्रदेश के नाम से जारी किया गया है। उक्त आवंटी विजय कुमार शर्मा का स्वर्गवास दिनांक 02.10.2015 को हो गया है तथा उक्त स्व. श्री विजय कुमार शर्मा के स्थान पर उनकी पत्नी आशा शर्मा ने स्वयं के नाम प्रतिस्थापन हेतु कम्पनी कार्यालय में आवश्यक दस्तावेजात् के साथ आवेदन प्रस्तुत किया है। अतः इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, कम्पनी, वित्तीय संस्था, बैंक आदि को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस की समयावधि में कम्पनी कार्यालय में सम्पर्क करें अन्यथा 15 दिवस के पश्चात् उक्त आवेदनकर्ता आशा शर्मा पत्नी स्व. श्री विजय कुमार शर्मा के नाम प्रतिस्थापन की कार्यवाही कर दी जावेगी। निदेशक
श्री सालासर आवरसीज प्रा.लि.

**कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत्त द्वितीय**
राजस्थान आवासन मण्डल, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर
Email Id: dhcjpr2.rhb@rajasthan.gov.in. Phone No. 0141-2782772
क्रमांक-DHC-II/1750 दिनांक-29.08.2023
**जाहिर आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान आवासन मण्डाल द्वारा आवास संख्या 13/348, मानसरोवर, जयपुर क्षेत्रफल31.980 वर्ग मीटर/वर्ग गज का आवंटन श्री लालचन्द जैन पुत्र श्री तोफान चन्द जैन को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 276 दिनांक 28.10.1986 को जारी किया गया। इनके द्वारा उक्त आवासन का भौतिक कब्जा दिनांक 08.01.1987 को प्राप्त कर लिया गया था। इसके पश्चात राजस्थान आवासन मण्डल के पत्र क्रमांक 396 दिनांक 26.5.2004 के द्वारा श्रीमती शकुन्तला परनामी पत्नी श्री वेद प्रकाश परनामी के नाम नियमितिकरण पत्र जारी कर दिया गया। इनके द्वारा अपने स्वयं के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक जयपुर में दिनांक 06.07.2004 को करवाया गया। इसके पश्चात श्रीमती शकुन्तला परनामी की मृत्यु दिनांक 20.01.2023 को हो जाने के कारण इनके पुत्र श्री कमल कान्त परनामी पुत्र श्री वेद प्रकाश परनामी ने मृत्यु पश्चात् नाम हस्तान्तरण सम्बन्धी प्रपत्र एवं वसीयतननामा प्रपत्र प्रस्तुत कर उक्त आवास को अपने नाम हस्तान्तरण हेतु निवेदन किया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त वर्णित व्यक्ति/ आवेदक श्री कमल कान्त परनामी पुत्र श्री वेद प्रकाश परनामी के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। उक्त जाहिर आम सूचना उप आवसन आयुक्त महोदय से अनुमोदित है। सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त द्वितीय, जयपुर

**खोया पाया**

मेरी दुकान नं. SB-101 का आवंटन पत्र कहीं खो गया है मिलने पर सूचित करें- मो. नं. 9829325861

मेरे आवास संख्या- 62/438, का अलॉटमेंट लेटर व पजेशन लेटर कहीं खो गया है मिलने पर सूचित करें- मो. 9414300733

मेरे आवास फ्लैट संख्या 43/48/01, मानसरोवर जयपुर का मूल कब्जा पत्र व मूल मुख्त्यारनामा आम कहीं खो गया है। मिलने पर सूचित करें- कैलाश चन्द अग्रवाल पुत्र श्री राधेश्याम अग्रवाल मो. 9351590851

दि. 20.08.23 को विद्याधर नगर में बस स्टैण्ड से विद्याधर नगर दुकान नं. बी-469 तक आते समय मकान नं.46, जयपुर विकास प्राधिकरण की पुनर्वास कॉलोनी के आवश्यक कागजात गिर गये है। यदि किसी भी सज्जन को मिले तो उपरोक्त पते पर पहुचाएं। इनका उपयोग गैर कानूनी होगा। नरेश कुमार मो.-9024913055

मेरे मकान नंबर 133 आयकर नगर रिको कांटा,मानसरोवर जयपुर का इनकम टैक्स हाउस बिल्डिंग (एन.जी.) को-ऑपरेटिव सोसायटी जयपुर के मूल आवंटन पत्र की रसीद एवम समस्त कागज कहीं गुम हो गया है जो की पूजा त्रिपाठी पत्नी यू डी त्रिपाठी के नाम से है। मिलने पर सूचित करे। पूजा त्रिपाठी 9785456920

जयपुर विकास प्राधिकरण की योजना भू.सं. डी-218, विद्याधर नगर जयपुर 50 वर्गगज है। जिसका आवंटन पत्र बदल पत्र और नाम हस्तान्तरण पत्र गिर गया है। सूचित करें। दौलत कुमार मो.नं. 8094865184

**नाम परिवर्तन**

मैंने मेरा नाम राजावत नरेंद्र करणसिंह से बदलकर नरेन्द्र सिंह राजावत रख लिया है, भविष्य में मुझे नरेंद्र सिंह राजावत के नाम से जाना जावे। पता- पुत्र करण सिंह राजावत 29 बालाजी विहार, 33 गोविंदपुरा, जयपुर

मैंने अपना नाम नीलम गुप्ता से बदलकर नीलम अग्रवाल रख लिया है भविष्य में मुझे नीलम अग्रवाल के नाम से जाना जावे। पताः बी-18, काला कॉलोनी, शक्ति नगर, जे.एल.एन. मार्ग जयपुर

मैं धन्नाराम मीणा निवासी डांसरोली तहसील दातांरामगढ़,जिला सीकर का स्थायी निवासी हूं। मेरी पुत्री रिंकू मीणा पुत्री धन्नाराम मीणा का स्कूल रिकॉर्ड में रिंकू मीणा पुत्री धन्नराज मीणा भूलवश गलत लिखा गया। जबकि सही व सत्य नाम रिंकू मीणा पुत्री धन्नाराम मीणा है।

मैंने अपना नाम सोना से बदलकर सोना अग्रवाल रख लिया है। भविष्य में मुझे सोना अग्रवाल पत्नी श्री रूपेन्द्र कुमार के नाम से जाना जावे। निवासी- 6-ए, राधा मार्ग, राजहंस कॉलोनी, स्कीम नम्बर 3, ब्रह्मपुरी, जयपुर 302002

मैंने मेरा नाम राजीव कुमार तलवार पुत्र श्री इन्द्रनाथ तलवार से बदलकर राजीव तलवार रख लिया। भविष्य में मुझे राजीव तलवार नाम से जाना जावे। पताः-8/239, विद्याधर नगर जयपुर

मैं अनिल कुमार भारतीय सेना में आर्मी नं. 15415860 एल. नायक सेवारत हु। मेरी सेवा अभिलेख में मेरी पुत्री का नाम जयति दर्ज है अतः मेरी पुत्री के आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों में जयति सिंह है जो सही है। सेवा अभिलेख में दुरस्त किया जावें।

I have changed my name from Tanzeem to Tanzeem Bano In future 1647 Niwai Mahant Karasta Ramganj Bazar Jaipur

**सम्मन बनाम कायम मुकाम**
**(आर्डर 22 रूल 4 जाब्ता दीवानी)**
**अज अदालत किराया अधिकरण क्रम संख्या- 2 मुकाम जयपुर महानगर प्रथम**
**श्रीमति तस्लीम बानो बनाम सत्यनारायण**
**दावा बाबत निष्कासन**
**मुकद्दमा नम्बर......... सन्**
**बनाम-**
मुसम्मी अनुराधा गोयल पत्नी नीतीन कुमार गोयल कौम......
साकिन दुकान नं.108, दूदू हाउस के तीये परगना रामगंज बाजार, चौपडी घाट गेट जयपुर
चूंकि अर्जीदार ने इस अदालत में तारीख...... माह...... सन् 199 को 1. तस्लीम बानो बनाम 2. स्व.सत्यनारायण दायर की जो कि बाद में फोत हो गया। और चूंकि............ मजकूर के दरख्वास्त अदालत हाजा में यह जाहिर करने की आप मुतवफ्फी...... मजकूर के कायम मुकाम जायज हो और इस्तदुआ की है बजाय उसके आप 3............ बनायें जावें।
लिहाजा बजरिये हाजा बगर्ज जवाब देही 1....... 07 माह 10 सन् 2023 को अदालत हाजा में हाजिर होने के लिये तलब किया जाता है और तारीख मुकर्रर पर आपके हाजिर न होने पर मुकद्दमा आपकी गैर हाजरी में सुना व फैसल किया जावेगा।
बसब्त मेरे दस्तखत व मुहर अदालत के आज तारीख 04 माह 09 सन् 2023 को जारी किया गया।
**आज्ञा से-रीडर**
**अपर वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अपर मुख्य महानगर मजि., क्रम-5 एवं किराया अधिकरण, द्वितीय जयपुर महानगर-प्रथम**
मोहर अदालत

**उद्घोषणा (इश्तिहार) न्यायालय (राज.)**
व्यवहार मिश्रित (मुत्तफरिक) वाद सं. 16/23
विषय- उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र।
प्रार्थी नाम श्रीमती सुखी चोयल पत्नी स्व.श्री भींवाराम चोयल जाति जाट
विवाद स्थान 417 सेक्टर नम्बर 7 मालवीय नगर, जयपुर (राजस्थान)
मृतक स्व.श्री भींवाराम चोयल की सम्पत्ति के विषय में।
पेशी दिनांक- 11/9/23
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रार्थी/प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम स्व.श्री भींवाराम चोयल पुत्र स्व.श्री धर्माराम जाति जाट निवासी 417, सेक्टर नं.07 मालवीय नगर जयपुर (राज.) का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, प्रदान किया जावें।
अतः उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 11 माह 9 सन् 2023 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
आज दिनांक 25 माह 8 सन् 2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।
**आज्ञा से-शरिस्तेदार**
**अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश संख्या 10 जयपुर महानगर प्रथम न्यायालय सांगानेर**
मोहर

**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी नगरीय क्षेत्र निवाई (न.पा.नि.) (जिला -टोंक)**
क्रमांक-का.प्रा.अधि.न.क्षै.नि./कृ.भू./2021-22/185 प्रारूप-10 (नियम 6(7) देखिए) दिनांक-12.04.2023
**प्राधिकृत अधिकारी का कार्यालय नगर पालिका निवाई**
**लोक सूचना**
श्रीमति अनिता सोनी पत्नी स्व.हेमराज सोनी जाति सुनार निवासी शिवाजी कॉलोनी गली नं. 02, निवाई टोंक मुख्त्यारनामा आम खातेदार श्री मुकेश कुमार पुत्र रामविलास बैरवा निवासी निवाई व, निखिल पुत्र रामपाल, मुस्कान, परी पुत्री रामपाल, नाबालिग सरपरस्त माता ममता, दीक्षा पुत्री रामपाल, ममता पत्नी रामपाल कोम खगार ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषिक कृषि आधारित (वेयर हाऊस) प्रयोजनार्थ प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात-

| क्र.सं. | जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम | खसरा नं. | क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| 1 | तह.निवाई जिला टोंक | निवाई | 5418/1, 5418/2 5418/3, 5418/4 | 03 बीघा |

इसलिए इसके द्वारा समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 07 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ आपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।
उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।
यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज......... को जारी की गयी।
(श्रीमती महिमा डांगी) प्राधिकृत अधिकारी, नगरीय क्षेत्र, निवाई

**fincare** Small Finance Bank
**Registered Office:** 301-306, 3rd Floor, ABHIJEET -V, Opp. Mayor's Bungalow, Law Garden Road, Mithakhali, Ahmedabad - 380006, Gujarat. **www.fincarebank.com**
**LOAN AGAINST GOLD - AUCTION NOTICE ON "AS IS WHERE IS" BASIS**
The below mentioned borrower/s have been issued notices to pay their outstanding amounts towards the loan against gold facilities availed from Fincare Small Finance Bank Ltd ("Bank"). Since the borrower/s has/have failed to repay his/their dues, we are constrained to conduct an auction of pledged gold items/articles on **11 September 2023 between 11:00 AM - 03:00 PM (Time)** at below mentioned branches according to the mode specified therein. In case of deceased borrowers, all conditions will be applicable to legal heirs. Please note that in the event of failure of the above auction, the bank reserves its right to conduct another auction without prior intimation.
**E-Auction Branch Details (E-auction will be conducted by using Weblinkhttps://egold.auctiontiger.net/)**
**BANSWARA** - 23660000199033, 23660000237213 | **BHILWARA** - 23660000228271 | **CHITTORGARH** - 22660001104759, 22660001124601, 22660001133883, 23660000261127, 23660000503033 | **JAIPUR** - 22660001195015, 23660000637301 | **JAIPUR-TRIVENI NAGAR** - 22660001113182, 22660001302756, 23660000051353 | **JHALAWAR** - 23660000531470 | **JODHPUR ITI CIRCLE** - 22660001311409 | **KOTA** - 23660000340499, 23660000470673 | **KOTA - GHODE WALE BABA CROSS** ROAD - 23660000256667, 23660000430160 | **UDAIPUR - MADHUBAN BANK STREET** - 23660000173753.
Note: The auction is subject to certain terms and conditions mentioned in the bid form, which is made available before the commencement of auction.
Sd/-
Manager
Fincare Small Finance Bank

# भाजपाईयों ने काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन किया, कई कार्यकर्ता व नेता गिरफ्तार

## प्रदेश में बढ़ती अराजकता, भ्रष्टाचार, दुराचार, महिला अत्याचार एवं बिगड़ी कानून व्यवस्था सहित कमाण्ड एरिया में पांचना का पानी छोड़ने की मांग

**गंगापुर सिटी** (निसं)। सोमवार को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के गंगापुर आगमन के तहत भाजपाईयों ने प्रदेश में बढ़ती अराजकता, भ्रष्टाचार, दुराचार, महिला अत्याचार एवं बिगड़ी कानून व्यवस्था सहित कमाण्ड एरिया में पांचना का पानी छोड़ने की मांग को लेकर फव्वारा चौक पर जमकर प्रदर्शन किया। इस दौरान उनकी पुलिस से तीखी तकरार हो गई।

उन्होंने मुख्यमंत्री एवं स्थानीय विधायक व सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। करीब तीन बजे किरोडी लाल मीना के नेतृत्व में कई दर्जन गाड़ियों का काफिला फव्वारा चौक पहुंच गया जहां भारी संख्या में पुलिस व एसटीएफ के जवान तैनात थे। पांचना बांध से पानी छोड़ने सहित अन्य मांगों को लेकर राज्यसभा सांसद डॉक्टर किरोडी लाल मीणा के नेतृत्व में भाजपाइयों ने फव्वारा चौक सर्किल पर नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ता काला कपडा लिए विरोध प्रदर्शन करते हुए जयपुर रोड से फव्वारा सर्किल की ओर बढे, लेकिन तहसील के सामने ही पुलिस प्रशासन ने उन्हें रोक दिया।

पुलिस कुछ कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर शहर से बाहर ले गई और कुछ को सदर थाने लेकर पहुंची। लोगों ने स्थानीय विधायक के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। काफी तकरार के बाद डॉ. किरोडी लाल मीना सहित उनके कार्यकर्ताओं को तीन पुलिस की



गंगापुर सिटी में मुख्यमंत्री के खिलाफ भाजपाईयों ने प्रदर्शन करते हुए गिरफ्तारी दी।

बसों में बिठाकर बाइपास की ओर ले गए। वहीं पौने चार बजे करीब पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर के नेतृत्व में दूसरा जत्था बाजू पर काली पट्टी बांध कर व हाथों में काले झण्डे लहराते हुए जयपुर बाइपास से पुलिस बैरिकेट तोड़कर फब्बारा चौक के पास पहुंच गए। जहां आयुर्वेदिक औषधालय के सामने एसटीएफ जवानों व गुर्जर के समर्थकों में जमकर धक्का मुक्की हुई अंत में पूर्व विधायक सहित उनके समर्थकों ने गिरफ्तारी दी।

मुख्यमंत्री व स्थानीय विधायक के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पूर्व विधायक ने कहा कि सरकार व प्रशासन इतना डरा हुआ है कि मुख्यमंत्री की यात्रा को देखते यात्रा मार्ग में पड़ने वाली गलियों तक को बैरिकेट लगा कर सील कर दिया है। जनप्रतिनिधि जनता का चुना हुआ मुखिया होता जिसे प्रशासन ने आमजन से ही अलग कर दिया। सीएम गहलोत के आगमन को लेकर जिस प्रकार से प्रशासन से बैरिकेटिंग की है उससे आमजनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। पूर्व विधायक ने कहा कि कांग्रेस के राज में पिछले साढ़े चार साल में सरकार ने महिला उत्पीड़न, भ्रष्टाचार, पेपर लीक, फिसड्डी कानून व्यवस्था में देश में नम्बर वन बन कर रिकॉर्ड बनाया है।

ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल की रिपोर्ट के अनुसार राजस्थान भ्रष्टाचार के मामले में नंबर एक पर है। राजस्थान में पेपर लीक हो रहे हैं। सीएम गहलोत जिस गाडी की ड्राइविंग सीट पर बैठे हैं, उसका क्लच कोई और दबा रहा है। एक्सेलरेटर और कोई दबा रहा है।

- मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के गंगापुर आगमन के तहत भाजपाईयों ने प्रदर्शन किया
- भाजपाईयों ने मुख्यमंत्री एवं स्थानीय विधायक व सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की
- पुलिस से जमकर तकरार हुई, गिरफ्तार नेताओं को पुलिस ने ईदगाह मोड़ पर छोड़ा

पूर्व उपसभापति दीपक सिंहल ने कहा कि मुख्यमंत्री की सभा के लिए आम रास्तों को रोक दिया गया है। बेरीकेटिंग लगा दी गई। व्यापारियों की दुकान बंद कर दी गई, बच्चों की स्कूलों की बस को रोक दिया गया, एक तरीके से सारा जनजीवन अस्त-व्यस्त और ठप कर दिया। क्या राजस्थान के मुख्यमंत्री जनता से इतना डरते हैं? इसका मतलब राजस्थान की जनता गहलोत सरकार की फ्री की स्कीमों से खुश नहीं है।

इसके बाद पुलिस ने दोनों नेताओं के समर्थकों को गिरफ्तार कर ईदगाह मोड व बाइपास पर ले जाकर छोड़ा। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओ ने हाथों में काली पट्टी बांध कर विरोध प्रदर्शन किया।

इस दौरान सांसद किरोडी लाल मीना, पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर, प्रदेश उपाध्यक्ष जितेन्द्र गोठवाल, हेमन्त शर्मा, सभापति शिवरत्न अग्रवाल, उपसभापति विरेन्द्र पुजारी, पूर्व उपसभापति दीपक सिंहल, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष नागेश लोढी, मनोज बंसल, पुखराज सलेमपुर, रवि मंगल, गिरधारी सोनी, अनंत बडीला, मिथलेश व्यास, नवल दनकस, महेन्द्र दीक्षित, शिवदयाल जोशी, रामभरोसी बैष्णव, जगदीश गिरी, जितेन्द्र गुर्जर, मनोज कुनकटा पार्षद ओमप्रकाश कटारिया विनोद होटल विष्णु गुप्ता सोनू गुप्ता, चिरंजी लोधा, दशरथ मिलकपुर, रामहंश बांसरोटा, हरकेश महुंकला, विनोद अटल, पार्षद भवानी मानपुर, विकास ठेकला, अतुल शर्मा, योगेंद्र शर्मा, महेंद्र पूर्व सरपंच सेवा, पूर्व सरपंच दयाराम टोकसी, अनिल दुबे, धोडया पार्षद, बबलू चौधरी, गोविंद पाराशर, गोविन्द एस आर एस, राजेश मावई, शिवहरि मीना, ललित मिर्जापुर, भरतलाल बडौदा, बनवारी चौहान, विक्रम फिरासपुर, दिलीप बुचौलाइ, राधेश्याम कोटडी, मुकेश प्रजापत, पवन रेंडायल, नरेंद्र हरसाना सहित सैकडो की संख्या में कार्यकर्ताओं ने गिरफ्तारी दी।

# टेम्पो पलटने से यूपी के 12 श्रद्धालु घायल

**सादुलपुर**, (निसं)। ददरेवा लक्खी मेले में जा रहे यूपी निवासी जातरूओं का एक टेम्पो तारानगर सादुलपुर सड़क मार्ग पर स्थित तारानगर पुलिया के आगे अनियंतित्र होकर एकाएक पलट गया। जिससे टैम्पों में सवार मुरादाबाद यूपी निवासी बारह लोग घायल हो गये। घायलों को श्रीनाथ जी अस्पताल राजगढ़ में भर्ती करवाया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ददरेवा में भरने वाले लक्खी मेले में जहाँ परवान पर है, वहीं मेले में जा रहे मुरादाबाद निवासी 12 लोग घायल हो गये। वहीं घटना की मिली सूचना पर सभी घायलों को कस्बा राजगढ के श्रीनाथ जी अस्पताल में लाया गया, जहाँ पर श्रीनाथ जी अस्पताल के निदेशक जे.पी. कलाल ने सभी घायलों को निःशुल्क उपचार किया है। निदेशक जे.पी. कलाल ने बताया कि अनियंत्रित होकर टैम्पों के पलटी खाने से युपी से ददरेवा मेले में

- ददरेवा लक्खी मेले में जा रहे थे यूपी निवासी श्रद्धालु

आ रहे यात्रियों के घायल होने की सूचना मिली, जिस पर सभी घायलों को अपनी एम्बुलेंस भेजकर अस्पताल में भर्ती किया तथा निःशुल्क उपचार कर मानवता का परिचय दिया है।

टेम्पों में सवार विनोद कुमार पुत्र अजीत सिंह 19 वर्ष, विशाल पुत्र रतनलाल 15 वर्ष, मयंक पुत्र बबलू ०6 वर्ष, सलोनी पुत्री बबलू 15 वर्ष, धीरज पुत्र शिव चरण 19 वर्ष, बाला पत्नी बबलू 35 वर्ष, गार्घी पत्नी शिवचन्द, विशााल पुत्र रतन लाल उम्र 15 वर्ष, चाहत पुत्र विनोद उम्र 5 वर्ष, गीता पत्नी निरज उम्र 28 साल, आरसी पुत्री निरज उम्र 3० माह, विनोद कुमार पुत्र होरी उम्र 19 साल घायल हो गये थे, जिनका निःशुल्क उपचार किया गया है।

# टेक्सी चालक ने महिला का यौन शोषण किया

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर से गंगासागर तीर्थ के लिये गई एक महिला को टेक्सी चालक से दोस्ती करना महंगा पड़ गया। टेक्सी चालक ने उसको हावड़ा बुलाकर होटल में रोककर उसके साथ दुष्कर्म किया। अब आरोपी उसको बदनाम करने की धमकिया देकर ब्लैकमेल कर रहा है। मामला पूरा कोलकाता का है है मगर पीड़िता मंडोर इलाके की रहने वाली है। पीड़िता रविवार को पुलिस के पास पहुंची और केस दर्ज करवाया। आरोपी कोलकाता हावड़ा का रहने वाला है।

मंडोर पुलिस ने बताया कि थाना क्षेत्र में रहने वाली एक महिला ने रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि वह जनवरी 2023 में वह गंगासागर तीर्थ करने के लिये हावड़ा गई थी। वहां पर उसने एक टेक्सी किराए पर की जिसके चालक ने उससे फोन नम्बर ले लिए थे।

गंगासागर और हावड़ा में रहने के समय आरोपी उसको घुमाने फिराने ले गया। आरोपी अप्रेल में जोधपुर भी आया और दोस्ती बढ़ाने के लिये वापस उसको हावड़ा बुलाया। जहां पर उसे होटल में रुकवाया। आरोपी टेक्सी चालक ने उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोपी ने उसके कुछ अश्लील फोटोग्राफ और वीडियो भी बना लिए और उसको सार्वजनिक करने की धमकी देकर देहशोषण करने लगा। रविवार को पीड़िता थाने पहुंची और केस दर्ज करवाया।



**उदयपुर। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा भारत के गौरवपूर्ण अवसर चंद्रयान-3 की सफलता पर आधारित थीम पर देश के प्रतिभाशाली वैज्ञानिकों ( इसरो ) के सम्मान एवं प्रोत्साहन में देशभक्ति से सराबोर फ्लैश मॉब नृत्य शो पूरे देश में आयोजित किये जा रहे हैं। केन्द्रीय संचार ब्यूरो उदयपुर के सहायक निदेशक रामेश्वर लाल मीणा ने बताया कि इसी कड़ी में सोमवार को लेक सिटी उदयपुर में पिछोला लेक पर फ्लैश मॉब नृत्य शो का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वैज्ञानिकों के सम्मान में नये इसरो गीत ( इसरो गीत ) की प्रस्तुति की गई। उन्होने बताया कि 40 नृत्य कलाकारों ने अपनी नृत्य प्रतिभा से वैज्ञानिकों का उत्हासवर्धन एवं धन्यवाद किया। उन्होंने बताया कि प्रदेश में उदयपुर सहित जयपुर, माउण्ट आबु में नौ सितम्बर को फ्लैश मॉब नृत्य शो का आयोजन किया जाएगा। चंद्रयान-3 की सफलता पर सभी भारतवासी उत्साहित है, हर भारतवासी इसरो वैज्ञानिकों को शुभकामनाएं प्रोत्साहन प्रदान कर रहा है।**

# 'जब तक जमीन में गर्मी पैदा नहीं करोगे, जयपाल पूनिया जैसे लोगों को न्याय नहीं मिलेगा'

## जयपाल पूनिया हत्याकांड की सीबीआई जांच को लेकर प्रदर्शन, डॉ. सतीश पूनियां शामिल हुये

**जयपुर**। नागौर के नावां में भाजपा नेता व व्यवसायी जयपाल पूनिया हत्याकांड की सीबीआई जांच को लेकर धरना-प्रदर्शन में भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां शामिल हुये।

डॉ. पूनियां ने धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए कहा कि राजस्थान में रोज औसतन सात हत्या होती हैं, 18 दुष्कर्म, अब तक 7 लाख मुकदमे राजस्थान में दर्ज हो गए। जब तक जमीन में गर्मी पैदा नहीं करोगे तक तक जयपाल पूनिया जैसे लोगों को न्याय नहीं मिलेगा। आपने कांग्रेस सरकार के खिलाफ इतनी मजबूती के साथ इस धरने की शुरूआत की है, कई बार राख जब चिंगारी बनती है तो उसमें सत्ता का तानाशाही सिंहासन भी जल कर राख हो जाता है। हरीश कुमावत का अभिवादन करता हूं कि आपने अनिश्चितकाल धरने की घोषणा की है, मैं आपको भरोसे के साथ कह सकता हूं कि हरीश का पसीना इस सरकार के ताबूत में अंतिम कील साबित होगा, इस शुरूआत में आगाज का अंजाम भाजपा का कार्यकर्ता लिखेगा, इस सरकार के 40 साल का लेखा-झोखा करेंगे तो और यदि मैं एक एक घटना का उल्लेख करूं तो आपके मन में आक्रोश व सहानुभूति पैदा होगी। एक तो अपराधी होता है, एक अपराध का षडयंत्र करने वाला होता है और एक अपराध को चुपचाप देखने वाला होता है, दोषी सब हैं, लेकिन में पूछता हूं कि जिन्होंने जनघोषणा पत्र में राजस्थान की आवाम, जनता को यह कहा था कि हमारी सरकार आयेगी तो हम सुरक्षा देंगे, पूछता हूँ कि कि राजस्थान का गृहमंत्री मौन क्यों है, मौन इसलिए है वो जयपाल सरीखे कितने ही लोगों की हत्या का जिम्मेदार है, जन सुरक्षा देने में पूरी तरह विफल हैं। जयपाल को तो बदमाशों ने मारा लेकिन श्रीगंगानगर के रायसिंहनगर में ठाकरी गांव का सोहनलाल कड़ेल जिसने आत्महत्या करते हुए लाइव वीडियो जारी कर कहा कि कांग्रेस सरकार के छलावे के कारण आत्महत्या कर रहा हूं, जिसके जिम्मेदार राजस्थान के मुख्यमंत्री हैं। इसकी चर्चा हम सड़क से सदन तक करते हैं।

डॉ. पूनियां ने कहा कि नावाँ की इस घटना के बारे में पहला फोन पूर्व केंद्रीय मंत्री सीआर चौधरी ने मुझे किया, विधायक नारायण बेनीवाल व भाजपा के सभी कार्यकर्ता जनता की आवाज बनकर यहां मौजूद हैं। जनता के हक की लड़ाई दल व विचार नहीं देखती, जनता के हक की लड़ाई एक विचार के लोग जब धरातल पर मजबूती से लड़ते हैं तो सत्ता के पाये हिलते हैं। विधायक रूपाराम, मानसिंह व गजेन्द्र सहित तमाम लोग मजबूती से बैठे हैं, इसको सरकार और प्रशासन को हल्के में लेने की आवश्यकता नहीं, ये तो फिल्म का ट्रेलर है भाई जयपाल को न्याय दिलाने का संकल्प है और अगर 24 घंटे में अपराधी नहीं पकड़े गए तो नावां से तो आगाज हुआ है, राजस्थान की जनता इसको अंजाम में बदलेगी और इस अन्याय का बदला लेगी।

डॉ. पूनियां ने कहा कि झालावाड़ का कृष्णा बाल्मीकि भी न्याय मांगता है, अलवर का हरीश जाटव भी न्याय मांगता है, एक लंबी फेहरिस्त है जिनको भीड़ में मार दिया, जो बदमाशों की गोलियों का शिकार हो गए लेकिन वो मातायें बहनें, अबलाएं जो किसी मंत्री पुत्र के द्वारा रेप गैंगरेप के खिलाफ न्याय मांगती हैं, एक विधायक के पुत्र पर जब गैंगरेप का आरोप लगता है तो सरकार की नीयत देखो उस विधायक के दबाव में मुख्यमंत्री के इशारे पर 300 साल पुराना भगवान शिव मंदिर तोड़ दिया जाता है। ये एक घटना नहीं है, एक लंबी सूची है, इसलिए किसान-नौजवान भाइयों क्रांति का इंकलाब चंद लोग खड़ा करते हैं, मैं 90 से राजनीति में हूं, राजस्थान में इस तरह की अराजक, भ्रष्ट, नकारा, निक्कमी सरकार नहीं देखी।

# भाजपा की परिवर्तन यात्रा जैसलमेर पहुंची

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। रामदेवरा से दोपहर में रक्षा मंत्री राजनाथसिंह द्वारा रवाना की गई परिवर्तन यात्रा लाठी, चांधन, भोजका सहित कई गांवो से होती हुई रात्रि 8बजे जैसलमेर के हनुमान चौराहे स्थित सभास्थल पहुंची। जहां ढोल नगाड़े बजा कर जल शक्ति मंत्री गजेंद्रसिंह शेखावत, कृषि राज्य मंत्री कैलाश चौधरी, राज्य सभा सांसद राजेन्द्र चौधरी का स्वागत जिला अध्यक्ष चंद्रप्रकाश शारदा, पवनकुमारसिंह, विक्रमसिंह नाचना, आईदानसिंह भाटी, छूगसिंह, पूर्व विधायक सांगसिंह, छोटूसिंह, जितेंद्रसिंह भाटी, नगर अध्यक्ष अरुण शर्मा, कवराजसिंह, ओम सेवक, महेंद्र तंवर, शंभूदान भेलानी, हिम्मत चौधरी, सुशील व्यास, विजय बिसानी द्वारा किया गया।

जल शक्ति मंत्री गजेंद्रसिंह शेखावत, कृषि राज्य मंत्री कैलाश चौधरी, राज्य सभा सांसद राजेन्द्र चौधरी के करकमलों से पंडित जी ने परिर्वतन रथ का मंत्रोच्चार कर विधि विधान से पूजन करवाया। आमसभा को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष सारदा ने बताया कि अशोक गहलोत जनता को बिजली मुफ्त का झांसा दे रहे हैं जबकि जनता को बिजली ही नही मिल रही उन्होंने कहा कि अब जनता गहलोत सरकार को उखाड़ फेंकने का मन बना चुकी है। जल शक्ति मंत्री शेखावत ने कहा कि गहलोत सरकार ने त्राहि त्राहि मचा रखी है जिसका जवाब मतदाता देने का मानस बना चूके है अगली सरकार भाजपा की ही होगी। कैलाश चौधरी ने बताया कि रथ यात्रा के पूरे मार्ग पर जनता का जोश देखने लायक रहा हर हर मोदी घर घर मोदी के नारे जनता लगा रही हैं।

भाजपा नेता पवनकुमारसिंह ने अपने भाषण में बताया कि जनता कांग्रेस सरकार से दुखी है जनता अब जादूगर के जादू में फसने वाली नहीं है जैसलमेर की दोनों विधानसभा क्षेत्र में भारी बहुमत से भाजपा प्रत्याशी जीत दर्ज करवा कर राज्य में भाजपा की सरकार बनाएगी। आईदानसिंह ने अपने भाषण में गहलोत सरकार के घोटाले बताते हुए कहा कि जनता ने कांग्रेस सरकार की विदाई की ठान ली है। इस अवसर पर पूर्व विधायक सांगसिंह, छोटूसिंह, जितेंद्रसिंह भाटी, नगर अध्यक्ष अरुण शर्मा, कवराजसिंह, ओम सेवक ने भी सभा को संबोधित किया।

# नर्सिंग भर्ती में धांधली की आशंका

## सीएमएचओ कार्यालय के बाहर किया धरना-प्रदर्शन

**जोधपुर**, (कासं)। सीएमएचओ जोधपुर द्वारा जारी यूटीबी नर्सिंग और एएनएम भर्ती की डीवी लिस्ट आते ही विरोध शुरू हो गया है। अभ्यर्थियों ने आज सीएमएचओ कार्यालय का घेराव कर नारेबाजी की और भर्ती प्रक्रिया नए सिरे से शुरू करने और पूर्णतया ऑनलाइन व पारदर्शी तरीके से कराने की मांग की।

राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन जोधपुर शहर के अध्यक्ष जगदीश जाट ने बताया कि अभ्यर्थियों ने आज सीएमएचओ कार्यालय के बाहर धरना देकर प्रदर्शन किया।

- भर्ती प्रक्रिया नए सिरे से शुरू करने और पूर्णतया ऑनलाइन व पारदर्शी तरीके से कराने की मांग की

उनका कहना है कि ना तो चयन करने के नियम सार्वजनिक किए और ना ही भर्ती पारदर्शी है। राज्य सरकार द्वारा सीएचए को बोनस देने का नियम है वह भी नकार दिया गया। काफी अभ्यर्थियों के नाम बार बार है, काफी डेट ऑफ बर्थ गलत है और कई नामों पर अभ्यर्थी संदेह जता रहे है।

इसको लेकर अभ्यर्थियों में रोष है और आज विरोध जताया। अभ्यर्थियों की मांग है कि इस भर्ती प्रक्रिया को खारिज करते हुए नए सिरे से ऑनलाइन पारदर्शिता से भर्ती हो और राज्य सरकार द्वारा जारी हर एक नियम और बोनस के लिए नियम को जोड़ा जाए। लोकल को प्राथमिकता और सीएचए को बोनस देकर भर्ती प्रकिया करवाई जाए और कमेटी में बदलाव हो।

# 155 दिन से सुजला महासत्याग्रह जारी



सुजानगढ़ में धरने के दौरान लोगों ने नारेबाजी की।

**सुजानगढ़**, (निसं)। सुजला महासत्याग्रह समिति द्वारा जिले मांग को लेकर गांधी चैक में चल रहा धरना लगातार 155 वें दिन जारी रहा। महासत्याग्रह के संयोजक श्रीराम भामा ने बताया कि आगामी दिनों में बड़ा आयोजन कर सरकार को इसी महीने में जिले घोषणा को लेकर चेतावनी दी जाएगी। मोहम्मद यूसुफ गौरी व इलियास खान ने कहा कि आचार संहिता लगने से पूर्व अब सुजला जिला की घोषणा होनी चाहिए। वरना चुनाव में कांग्रेस को सुजानगढ, लाडनूं, रतनगढ, डूंगरगढ, लक्ष्मणगढ़ विधानसभा में सीधा नुकसान उठाना होगा। धरने में मोहम्मद यूसुफ गोरी, किशोर दास स्वामी, भंवरलाल गिलान, गोविंद जोशी, रामनिवास भाट, गोपाल जोशी, दीनदयाल सेन, मनोज गोयल, विकास सोनी, नरेंद्र मोयल, रमेश सिंघी, ओमप्रकाश स्वामी, मोहित प्रजापत सहित अनेक जनों ने ढोल नगाडे के साथ प्रदर्शन कर सुजला जिले के मांग को लेकर नारेबाजी की।

# अरांई में रोडवेज बसों की कमी से यात्री परेशान

## निगम के अधिकारियों की कथित उदासीनता से कोई सुनवाई नही हो रही है

**अरांई**, (निसं)। अजमेर जिले में उपखंड मुख्यालय अरांई में रोडवेज बसों के परिचालन में देरी और बसों की कमी से यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों के शिष्टमण्डल ने कई बार बसों की कमी से अवगत करवाया है। आरोप है कि निगम के अधिकारियों की कथित उदासीनता से कोई सुनवाई नही हो रही है।

अरांई निवासी सुरेश व्यास ने बताया कि अरांई-मालपुरा मार्ग पर पर्याप्त यात्रीभार है। लेकिन इस मार्ग पर अजयमेरु आगार पर्याप्त संख्या में बसों का संचालन नहीं कर रहा है। व्यास ने बताया की पूर्व में इस मार्ग पर प्रत्येक घण्टे में 2 बसों का संचालन हो रहा था। कोरोना काल के बाद कई बसें बन्द कर दी गई थी, जबकि अजमेर-मालपुरा मार्ग पर बसों पर यात्रियों की संख्या में इजाफा ही हुआ हैं। 2-2 घंटों के अंतराल में चल रही बसों में दो गुना क्षमता से अधिक





अरांई में रोडवेज बस पर बैठकर यात्रा करते यात्री।

सवारियों को यात्रा करनी पड़ रही है। यात्री मजबूरन जान जोखिम में डालकर बस की छत पर यात्रा कर रहे हैं। बसें ठसाठस भरकर चल रही है। मगर फिर भी बसों की संख्या नही बढ़ाई जा रही है।

बसों के अभाव में सबसे अधिक परेशानी स्कूली विद्यार्थियों और दैनिक यात्रियों को उठानी पड़ रही हैं। सुरेश व्यास ने बताया कि अरांई से पहली बस सुबह 6.15 बजे जाती थी जो अब 7 बजे रवाना होती है। वहीं अजमेर से वाया

- निजी टेक्सियां यात्रियों से मनमर्जी का किराया वसूल रही है

किशनगढ़ होते हुए पहली बस सुबह 7.15 पर पहुंच जाती थी। जबकि अब सुबह 9.30 बजे पहुंच रही है। अरांई उपखण्ड़ क्षेत्र से रोजाना सैंकड़ों की संख्या में मजदूर किशनगढ़ मार्बल एरिया में मजदूरी करने के लिए जाते है। लेकिन बसों की कमी से समय पर नहीं पहुचने के चलते निजी वाहनों का सहारा लेना पड़ता है। वहीं निजी टेक्सियां यात्रियों से मनमर्जी का किराया वसूल रही है। वार्ड पंच शशि आचार्य, वार्ड पंच मजीद खान, अरुण गौड़, मोहसिन हसन, श्याम सुंदर शर्मा सहित ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री और परिवहन मंत्री को ज्ञापन भेजकर अरांई-मालपुरा मार्ग पर बसों की संख्या बढ़ाने की मांग की है।

# भीलवाड़ा आज आंशिक बंद रहेगा

**भीलवाड़ा**, (नि.सं.)। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के पुत्र व मंत्री उदय निधि स्टालीन के सनातन धर्म को खत्म कर देने के बयान को लेकर मंगलवार को भीलवाड़ा बंद का आव्हान किया गया है। यह जानकारी महामंडलेश्वर हंसराम उदासीन ने दी। महामंडलेश्वर का कहना है कि तमीलनाडु के मुख्ययमंत्री के पुत्र व राज्य मंत्री उदयनीधी स्टालीन ने अपने एक वक्तव्य में कहा कि सनातन धर्म को डेंगू, मलेरिया और कोरोना की तरह खत्म कर देना चाहिए। इस बयान के विरोध में मंगलवार को संत समाज व सनातन संस्थाओं द्वारा सुबह 9 से 11 बजे तक भीलवाड़ा बंद का आव्हान किया है।

**ENGINEERING COLLEGE BHARATPUR**
Village- Shyorana, Near Sewar, NH-21, Bharatpur Pin-321303

महाविद्यालय द्वारा जारी Assistant Teachning Associate के Contractual Appointment को विज्ञप्ति में आवेदन करने की अन्तिम तिथि 04.09.2023 से बढ़ाकर 09.09.2023 की जाती है, अधिक जानकारी के लिए महाविद्यालय की Website : www.ecbharatpur.ac.in का अवलोकन करें। प्राचार्य

# 35 करोड़ की सरकारी जमीन भू-माफिया को कौड़ियों के भाव पर देने की तैयारी!

## प्रताप नगर की कृष्णा विहार कॉलोनी में करीब 7725 वर्गगज सरकारी भूमि पर है भू-माफिया का कब्जा

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। प्रताप नगर सेक्टर-5 की ''कृष्णा विहार'' कॉलोनी के नियमन की आड़ में 35 करोड़ की बेशकीमती सरकारी जमीन भू-माफिया को कौड़ियो के भाव पर देने की तैयारी चल रही है। दरअसल श्यामपुरी गृह निर्माण सहकारी समिति की 82875 वर्गगज वाली इस कॉलोनी का नक्शा वर्ष 2007 में जेडीए ने स्वीकृत किया था। इसके बाद वर्ष 2012 में कॉलोनी की जमीन 82875 से बढ़कर 87 हजार वर्गगज कर दी गई, अब गत 25 अगस्त को जब इस कॉलोनी को नियमन कैंप लगाया गया तो जेडीए के अधिकारियों ने गुपचुप इस कॉलोनी की जमीन 90 हजार 600 वर्गगज कर दी। यानि कि बीते 16 वर्षों में कॉलोनी में भू-माफिया ने करीब 7725 वर्गगज जमीन पर अवैध कब्जा किया और उसके नियमन की गुपचुप तैयारी में जेडीए के अधिकारी जुटे हुए है।

हालांकि जैसे ही यह मामला उजागर हुआ तो जेडीए सचिव ने नियमन कैंप पर रोक लगाकर पूरे मामले की जांच शुरू कर दी। अब पिछले 5 दिनों से मामला अटका हुआ है, लेकिन जेडीए के अधिकारी सरकारी भूमि पर कब्जा लेने और भू-माफिया के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाने के बजाय चुप्पी साधे बैठे है।

मजेदार बात यह है कि इस 7725 वर्गगज जमीन की कीमत करीब 35 करोड़ रुपये से ज्यादा है, इसके बावजूद जेडीए जोन-8 के अधिकारी भू-माफिया पर इस कदर मेहरबान है कि यह जमीन कौड़ियो के भाव सरकारी दर पर आवंटन की सिफारिश कर डाली। यह सिफारिश जोन-8 के तत्कालीन उपायुक्त, एटीपी और तहसीलदार और जेईएन ने की है। नियमन करने में इन अधिकारियों ने यह तो देख लिया कि जमीन का मालिकाना हक गृह निर्माण सोसायटी से पट्टा लेकर कब्जा करने वाले लोगों का नहीं है, लेकिन बसावट के आधार पर उसे राजकीय भूमि मानते हुए नियमन करने की सिफारिश कर दी।

गत 25 अगस्त को हुई राज्यस्तरीय कमेटी की बैठक में खुद तत्कालीन जोन उपायुक्त, एटीपी, जेईएन और तहसीलदार ने बिन्दु संख्या 6 पर लिखा है कि 25 भूखंडों पर आंशिक अतिक्रमण कर रखा है, पर चूंकि यहां बसावट हो गई है तो इन भूखंडों का नियमन राजकीय दर पर कर दिया जाए। इन भूखंडों की वर्तमान में बाजार दर करोड़ों रुपए है और जिस जमीन को राजकीय भूमि पर आंशिक कब्जा माना है, वो राजस्थान आवासन मंडल की है।

जेडीए के अधिकारियों ने कृष्णा विहार योजना की स्कीम के नक्शे को मंजूरी देने में इस कदर धांधली की, कि राजस्थान आवासन मंडल की 1992 की अवाप्ति को खत्म मान लिया गया। इसका आधार यह दिया गया कि राजस्थान आवासन मंडल की अवाप्तशुदा जमीन में बसी हुई कॉलोनी में अवार्ड जारी नहीं होने पर धारा 4 व 6 को स्वतः निरस्त मान लिया गया। इसके लिए आवासन मंडल से किसी तरह का कोई पत्र व्यवहार नहीं किया गया।

जबकि इसी वर्ष जनवरी-फरवरी माह में तत्कालीन आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा ने कृष्णा विहार कॉलोनी निवासी बिरदीचंद शर्मा और कमल किशोर शर्मा को नोटिस जारी कर हाऊसिंग बोर्ड की जमीन से अवैध कब्जा हटाने के लिए कहा था। बताया जा रहा है कि हाऊसिंग बोर्ड की इस बेशकीमती भूमि पर इन दोनों ने कब्जा करके होटल, शोरूम, कॉम्पलेक्स और कई दुकानों का निर्माण कर रखा है।

वहीं दूसरी ओर कृष्णा विहार कॉलोनी में पनपे भू-माफियाओं ने आवासन मंडल की इस जमीन पर नया कब्जा करने का प्रयास शुरू कर दिया है। प्रतापनगर सेक्टर-5 में द्रव्यवती नदी के किनारे और मैरिज गार्डन के पीछे की जमीन पर चारदीवारी बनाने के लिए खुदाई शुरू कर नया निर्माण करने की कोशिश की जा रही है।

इस पूरे प्रकरण में राजस्थान आवासन मंडल कर्मचारी यूनियन ने राजस्थान आवासन मंडल की करोड़ों की जमीन का नियमन करने की जेडीए की कार्रवाई का विरोध जताया है। यूनियन के अध्यक्ष दशरथ सिंह ने कहा कि जेडीए की इस कार्रवाई का वे विरोध करते हैं। इस तरह की कार्रवाई से आवासन मंडल की जमीनों पर कब्जा करने की प्रवृति को बढ़ावा मिलेगा। इसके लिए आवासन मंडल के आयुक्त और सचिव को ज्ञापन दिया जाएगा।



**प्रताप नगर सेक्टर-5 की कृष्णा विहार कॉलोनी में द्रव्यवती नदी के किनारे चारागाह भूमि पर खुदाई कर भू-माफिया अवैध तरीके से रातोंरात बाउंड्रीवाल बनाने की कोशिशों में जुटे हुए है।**

- **जेडीए जोन-8 के उपायुक्त, जेईएन, एटीपी व तहसीलदार ने भूमाफियाओं पर इस कदर मेहरबानी दिखाई कि सरकारी भूमि को मात्र 25 प्लॉट्स पर आंशिक अतिक्रमण बताते हुए सरकारी दर पर आवंटन की सिफारिश कर दी**
- **हालांकि 82875 वर्गगज वाली इस ''कृष्णा विहार'' कॉलोनी का नक्शा जैसे ही पिछले दिनों 90600 वर्गगज का पास हुआ और जेडीए के अधिकारी फंसते दिखे तो उन्होंने नियमन कैंप फिलहाल रोक दिया है।**
- **उधर दूसरी ओर भू-माफिया रात-दिन कृष्णा विहार कॉलोनी में द्रव्यवती नदी के किनारे और मैरिज गार्डन के पीछे की जमीन पर चारदीवारी बनाने के लिए खुदाई शुरू कर नया निर्माण करने की कोशिशों में जुटे हुए है।**

## यू.एस. आर्मी टीम जयपुर एयरपोर्ट पहुंची

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। देश में हो रहे जी-20 सम्मेलन में शामिल होने अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन 7 सितम्बर को भारत आ रहे है। यूएस राष्ट्रपति की इस यात्रा से पहले उनकी सुरक्षा का जायजा लेने के लिए यूएस आर्मी और एयरफोर्स के अधिकारियों का एक दल आज जयपुर पहुंचा।

जयपुर एयरपोर्ट पर यूएस आर्मी का विमान देर शाम पहुंचा और करीब एक घंटा रहकर अधिकारियों ने यहां विमान के उतरने और सुरक्षा के इंतजामों को देखा। सी-19 ग्लोबमास्टर विमान के जयपुर पहुंचने के साथ ही जयपुर एयरपोर्ट पर तमाम सुरक्षा एजेंसियां भी एक्टिव हो गई।

एयरपोर्ट सूत्रों के मुताबिक दिल्ली में अगर कोई तकनीकी खराबी या मौसम संबंधि समस्या आती है तो जयपुर समेत दिल्ली के आसपास दूसरे एयरपोर्ट पर बाइडेन के विमान को उतारा जाएगा।

इसके लिए उन एयरपोर्ट पर क्या व्यवस्था है इसे देखने के लिए यूएस आर्मी और एयरफोर्स के अधिकारियों की टीम जयपुर समेत दूसरे एयरपोर्ट पर पहुंच रही है। जहां विमानों पार्किंग से लेकर रनवे की स्थिति, एयरपोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया जा रहा है।

# मजबूत सड़क को उखाड़कर जे.डी.ए. के इंजीनियर्स ने बना दी नई डामर रोड

## भांकरोटा के ग्राम निमेडा में जेडीए जोन-12 के इंजीनियर्स का कारनामा

**जयपुर** (कासं)। जेडीए के इंजीनियर ही अपने विभाग को नुकसान पहुंचाने में जुटे हुए हैं। इन इंजीनियरों का एक कारनामा भांकरोटा के नीमेडा ग्राम में नजर आया, जब सही और मजबूत सड़क को उखाड़कर नई डामर बिछा दी। डामर की परत भी इतनी पतली कि एक बरसात भी सहन नहीं कर पाएगी।

ग्रामवासियों ने बताया कि नीमेडा ग्राम में जेडीए ने कुछ समय पहले ही 30 फीट चौड़ी एक किमी की सड़क का डामरीकरण किया था। यह सड़क मजबूत बनी हुई थी। इस पर डामर की दो लेयर की हुई थी। इसके बावजूद जेडीए के सहायक अभियंता ने इस सड़क पर पानी भरने के बहाने मजबूत सड़क को जगह-जगह से उखाड़ दिया। इसके पीछे यह तर्क दिया गया कि यहां पानी भरता है तो सीमेंट सड़क बनाई जाएगी। इसके बाद बची हुई सड़क पर भी एक किमी में डामर की एक लेयर चढा दी गई। इसके पीछे तर्क दिया गया कि सड़क में कई जगह खड्ड़े है ऐसे में सड़क दुबारा ही बना दी जाए। स्थानीय निवासियों ने जेडीए की इस कार्रवाई का विरोध भी किया लेकिन कनिष्ठ व सहायक अभियंता अपनी जिद पर अड़े रहे। अब सड़क की हालत यह हो गई है कि सीमेंट की सड़क बनाने से पहले डामर की सही सड़क पर दुबारा डामर करके ठेकेदार को फायदा देने की कोशिश की जा रही है।

इस संबंध में जेडीए के जोन-12 के एक्सईएन का कहना है कि यहां कई जगहों पर पानी भरता था, जिससे बार-बार पेचवर्क करना पड़ता था, अब सीमेंट सड़क बनाएंगे बीच-बीच में, इसलिए पुरानी सड़क को



उखाड़ा गया था।

इसी तरह जोन-12 में मूर्तिकला कॉलोनी में सड़क बनाने का काम चल रहा है। यहां पर अभी पूरी तरह से जीएसबी और डब्लूबीएम भी नहीं हुई है। इससे सड़क के वापस टूटने की आंशका बनी हुई है। इसके बाद डामर किया जाएगा। अभी डामर लगाई भी नहीं है कि ठेकेदार ने इस सड़क का भुगतान उठाने की तैयारी कर ली है।

## सांगानेर एयरपोर्ट पर सायबर ठगों की गैंग पकड़ी

**जयपुर** (कासं)। हैदराबाद से जयपुर में सायबर ठगी करने पहुंची कुख्यात गैंग को पुलिस मुख्यालय की क्राइम ब्रांच ने सांगानेर एयरपोर्ट पर पहुंचते ही पकड़ लिया। पुलिस ने सात जनों को गिरफ्तार किया है। हाईप्रोफाइल गैंग शहर बदलने के लिए हवाई जहाज से यात्रा करती है। पुलिस पूछताछ कर वारदातों समेत पूरे नेटवर्क का पता लगा रही है।

जानकारी के मुताबिक मुखबिर से सुचना मिली थी कि गिरोह के सदस्य हैदराबाद से फ्लाईट से जयपुर आ रहे है। जिस पर पुलिस ने सांगानेर एयरपोर्ट पर जाल बिछाकर सोमवार सुबह 11 बजे हैदराबाद से जयपुर पहुंची फ्लाइट से उतरे 7 ठगों को दबोच लिया। गिरोह के सदस्य जयपुर में बडी वारदात करने आए थे। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि गैंग के सदस्य एटीएम फ्रॉड से लेकर स्वैपिंग मशीन में चिप इन बिल्ड करना, मोबाइल और लैपटॉप हैकिंग कर मोबाइल को रिमोट पर लेकर खाते साफ करने का काम करते है। गिरोह के निशाने पर ज्यादातर बाहरी राज्यों के लोग होते हैं। गौरतलब है कि क्राइम ब्रांच ने हाल ही भरतपुर व अलवर से सायबरों ठगों को गिरफ्तार किया था। इनके पास से एटीएम कार्ड, मास्टर कार्ड, बैंक पासबुक और चैक मिले थे। इन ठगों से मिले इनपुट के आधार पर सांगानेर एयरपोर्ट पर पहुंची गैंग पर शिकंजा कसा गया है।

# अशोक नगर थाना प्रभारी और सर्किल एसीपी पर गाज गिरी

## सी-स्कीम में चल रहे थे देर रात तक हुक्का-बार

**जयपुर**। राजधानी में रात 12 बजे बाद क्लब होटल बार पर पाबंदी है लेकिन अशोक नगर में राजधानी के पॉश इलाके सी-स्कीम देर रात तक चल रहे थे। पुलिस कमिश्नर बीजू जार्ज जोसेफ के आदेशों की अवहेलना करने पर दो पुलिस अधिकारियों पर गाज गिरी है।

सी-स्कीम क्षेत्र में देर रात तक हुक्का-बार और पब-रेस्टोरेंट के संचालन में लगे गंभीर आरोपों में अशोक नगर थानाधिकारी राजवीर सिंह और सर्किल के एसीपी राजेंद्र रावत पर कार्रवाई की गई है। इस इलाके में रात 12 बजे के बाद सर्कल में लगातार क्लब होटल बार और कैफे चल रहे थे। पुलिस कमिश्नर को बार-बार इस संबंध में शिकायतें मिल रही थी। पुलिस मुख्यालय ने मामले को गंभीर मानते हुए एसएचओ को निलम्बित कर एसीपी को एपीओ कर दिया है। जानकारी के अनुसार डीजीपी उमेश मिश्रा ने सोमवार को एक आदेश जारी कर अशोक नगर एसीपी राजेन्द्र कुमार रावत को प्रशासकीय आधार पर पदस्थापन की प्रतीक्षा में किया है। इस दौरान उनका मुख्यालय भी पीएचक्यू में होगा।

इसी प्रकरण में गंभीर आरोपों का सामना करने वाले अशोक नगर थानाधिकारी राजवीर सिंह के खिलाफ विभागीय जांच शुरू कर निलम्बित कर दिया है। जानकारी के अनुसार उनका निलम्बन आदेश डीजीपी के आदेश पर परम ज्योति महानिदेशक पुलिस सतर्कता ने जारी किया है। राजवीर सिंह के सस्पेंड होने उन्हें लाइन में हाजिरी देनी होगी। राजवीर सिंह पर ब्रह्मपुरी थानाप्रभारी रहते हुए भी जमीनों पर कब्जा करने के आरोप लगे थे। राजवीर सिंह के खिलाफ विभागीय जांच भी की जा रही है।

## वाट्सएप-ट्विटर पर मिलेगी मदद

**जयपुर**। आम नागरिक अब पुलिस से संबंधित समस्या के त्वरित समाधान के लिए व्हाट्सअप या ट्विट भी कर सकते है। आमजन व्हाट्सअप या जयपुर पुलिस के ट्विटर हेण्डल पर ट्विट कर सकते है। पुलिस कमिश्नर बीजू जार्ज जोसफ ने बताया कि सूचना एवं प्रौद्योगिकी के समय में समाज के हर वर्ग व उम्र के लोगों का जुड़ाव इंटरनेट, मोबाइल और कम्प्यूटर के माध्यम से सोशल मीडिया से है।

सोशल मीडिया के माध्यम से आमजन पुलिस से संबंधित समस्या के त्वरित समाधान के लिए हेल्पलाईन नंबर 7300363636 पर व्हाट्सअप या जयपुर पुलिस के ट्विटर हेण्डल पर ट्विट कर सकते है। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त राहुल प्रकाश ने बताया कि इस व्हाट्सअप हेल्पलाईन व ट्विटर हेण्डल का उद्देश्य यह है कि आमजन का पुलिस से संबंधित समस्या का सामना होते ही इन पर सूचित कर सकें।

# कांस्टेबल भर्ती परीक्षा की ओएमआर सीट में कांटछांट

- **टाटा कन्सलटेंसी सर्विसेज के रीजन मैनेजर समेत पांच लोग गिरफ्तार**

**जयपुर**। कांस्टेबल भर्ती परीक्षा-2018 की ओएमआर शीट में छेड़छाड़ करने वाले वाले पांच आरोपियों को एसओजी ने गिरफ्तार किया है। मामले को लेकर कोर्ट ने एसओजी को जांच के आदेश दिए थे, जिसके चलते वर्ष-2021 में एसओजी ने एफआईआर दर्ज की थी।

एडीजी एटीएस-एसओजी अशोक राठौड़ ने बताया कांस्टेबल भर्ती परीक्षा 2018 की ओएमआर शीट में कांट-छांट मामले में दर्ज एफआईआर की जांच के बाद लिप्त पाए जाने पर आरोपी टाटा कन्सलटेंसी सर्विसेज में रीजन मैनेजर एडमिनिस्ट्रेशन सौरभ कुमार सिंह (35) निवासी प्रताप नगर, वरणेशपुरी (46) निवासी विकासपुरी नई दिल्ली, पंकज सैनी (33) निवासी आदर्श नगर थाना नया गांव जिला माहोली पंजाब, सूफियान (27) निवासी बाजर पेठ जिला ठाणे महाराष्ट्र सहित राजकुमार को गिरफ्तार किया है। वर्ष 2018 में वीरेन्द्र सिंह ने हाईकोर्ट में पिटीशन लगाई थी की कांस्टेबल भर्ती परीक्षा 2018 में ओएमआर शीट में कांटछांट की गई। कोर्ट ने 10 फरवरी 2021 को अन्तरिम आदेश पर अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस भर्ती एवं पदोन्नती बोर्ड को जिला बारां व बून्दी की लिखित परीक्षा में उपस्थित अभ्यर्थियों के ओएमआर की दोबारा से जांच कराने और अनियमितता पाई जाने पर दोबारा परिणाम जारी करने के निर्देश दिए। मामले की पड़ताल में बांरा के 6 अभ्यर्थियों और बून्दी के अभ्यर्थियों के ओएमआर में काट-छांट मिली।

# सीकर जिले में नीट अभ्यर्थी ने की आत्महत्या

**जयपुर**। सीकर में मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट की तैयारी कर रहे 16 वर्षीय छात्र कौशल मीना ने सोमवार को आत्महत्या कर ली। वह करौली के रायसन का रहने वाला था और सीकर के एक निजी कोचिंग संस्थान में पढ़ता था। आत्महत्या का कारण पता नहीं चला है। मृतक के परिवार को सूचना दे दी गई है। उद्योग नगर पुलिस ने शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। जानकारी के मुताबिक छात्र सीकर के पिपराली रोड स्थित एक निजी इंस्टीट्यूट में नीट की तैयारी कर रहा था। वह 23 अप्रेल से ब्वॉयज हॉस्टल में रह रहा था। सोमवार दोपहर करीब 12 बजे वह कोचिंग से आया और खाना खाकर अपने कमरे में चला गया। कुछ देर बाद उसका दोस्त कमरे में गया तो दरवाजा अंदर से बंद मिला। दोस्त के आवाज देने पर भी दरवाजा नहीं खुला। इसके बाद उन्होंने हॉस्टल संचालक को सूचना दी, जिसके बाद कमरे का दरवाजा तोड़ा गया और कौशल को पंखे से लटका पाया गया। हॉस्टल मालिक की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। करौली में रहने वाले परिजनों को सूचना दी गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि परिजनों के आने के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया जायेगा। छात्र रक्षाबंधन की छुट्टियों में घर गया था और 31 अगस्त की शाम को हॉस्टल लौटा था।

# तालाब में डूबने से युवक की मौत

**जयपुर**। आमेर क्षेत्र के तालाब में रविवार शाम नहाने उतरे तीन दोस्त गहरे पानी में डूब गए। दो दोस्तों ने जैसे-तैसे बाहर निकलकर अपनी जान बचाई। तीसरा साथी नहीं बच पाया। 18 घंटे की मशक्कत के बाद सिविल डिफेंस टीम ने शव को तालाब से बाहर निकाला।

पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के लिए शव को हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में रखवाया है। पुलिस ने बताया कि मुरलीपुरा निवासी नरेश मीणा, रोहित वर्मा और अंकित शाम करीब 4 बजे स्कूटी से आमेर इलाके में भादर का बास स्थित तालाब पर गए थे। तीनों दोस्त तालाब में नहाने उतर गए। नहाते समय पानी की गहराई में जाने से तीनों डूब गए। जैसे-तैसे रोहित और नरेश बाहर निकलने में कामयाब हो गए। इसके चलते दोनों की जान बच गई। अंकित अपने आप को डूबने से बचा नहीं सका। तीसरे साथी के डूबने की सूचना दोस्तों ने पुलिस को दी। पुलिस की सूचना पर सिविल डिफेंस की टीम मौके पर पहुंची। सिविल डिफेंस की टीम ने करीब 18 घंटे की मशक्कत के बाद सोमवार दोपहर अंकित का शव तालाब से बाहर निकाला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी भिजवाया।

## सार-समाचार

### यूनियन बैंक ने देशभर में करवाई प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता 'यू-जीनियस'



**जयपुर,** (कासं)। भारत का अग्रणी राष्ट्रीयकृत बैंक यूनियन बैंक ऑफ इंडिया सम्पूर्ण भारतवर्ष में यू-जीनियस नाम से सभी स्कूलों के कक्षा आठ से कक्षा बारहवीं तक के बच्चों के लिए एक बेहतरीन प्रश्नोतरी प्रतियोगिता का आयोजन करवा रहा है। इसी श्रृंखला में राजस्थान प्रदेश की प्रतियोगिता 4 सितम्बर को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर मालवीय नगर जयपुर में आयोजित की गईजिसमें जयपुर एवं राजस्थान के प्रमुख स्कूलों के लगभग 500 सौ मेधावी विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया।

### एमिटी यूनिवर्सिटी में ओरिएंटेशन प्रोग्राम



**जयपुर,** (कासं)। एमिटी यूनिवर्सिटी जयपुर में 5 दिवसीय ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आज सफलतापूर्वक समापन हुआ। ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन 28 अगस्त से 4 सितम्बर तक किया गया। यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रोफेसर अमित जैन ने एमिटी परिवार में नए बैच के विद्यार्थियों का स्वागत किया और करियर में सही विकल्प चुनने पर बधाई देते हुए जानकारी दी कि विभिन्न विशय-विषेशज्ञों ने ओरियंटेषन प्रोग्राम के दौरान सुझाव और मार्गदर्षन प्रदान किया। ओरियंटषन प्रोग्राम सफलता की ओर बढ़ते हुए युवाओं को करियर के मार्ग के प्रति स्पश्ट दिषा प्रदान करने का एक सषक्त माध्यम था। विद्यार्थियों के साथ आरजे षिवांगी, आरजे नुपुर और आरजे अर्जुन के द्वारा इंटरेक्टिव सत्र से विद्यार्थियो ं का स्वागत करते हुए विभिन्न एक्टिविटी जैसे फ्लैष मॉब और टेलेटं हंट जैस े विभिन्न गेम के जरिये स्टूडेंट्स को रोमांचित होने पर मजबूर कर दिया। ओरिएंटेषन प्रोग्राम के दौरान प्रो वीसी जी.के. असेरी, रजिस्ट्रार डॉ. नितिन भारद्वाज और मार्केटिंग हैड डॉ. अक्षय जैन ने यूनिवर्सिटी की षैक्षणिक गतिविधियों और उपलब्धियों के साथ-साथ एमिटी के एजूकेषन मिषन और दृश्टिकोण पर प्रकाष डाला। ओरिएंटेषन प्रोग्राम में गेल के चीफ एचआर मैनेजर यषवंत चौहान, एनआईसी, भारत सरकार के भूतपूर्व डीडीजी तरूण तोषनीवाल, पीडब्ल्यूसी, जयपुर के डायरेक्टर अभिशेक पुरोहित, हीरो मोटो कॉर्प के एचआर हैड रतन अग्रवाल, सॉफ्ट स्किल ट्रेनर और लाइफ कोच डॉ. वीना के. अरोड़ा, स्प्रिचुअल ट्रेनर बी.के. अनामिका, यस बैंक के सीनियर वाइस प्रेजीडेंट नितिन बस्सी, हैलो किसान के मेंटर एंड चीफ एडीटर डॉ. मुकेष गुप्ता, एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के सीनियर वाइस प्रेजीडेटं रजनीष षर्मा, आर्ट ऑफ लिविगं , जयपुर सेंटर के अंषुल कालरा, राजस्थान की कल्चर एंबेसडर तृप्ति पांडे, मिस आईसीएन इंडिया 2023 की मिस दिव्या जैन की गरिमामय उपस्थिति रही।

### जेजेएस-2023 का पोस्टर लॉन्च



**जयपुर,** (कासं)। जयपुर ज्वैलरी शो (जेजेएस-2023) के 19वें संस्करण के थीम पोस्टर का आज होटल जय महल पैलेस में प्रसिद्ध मॉडल और अभिनेत्री पूजा बत्रा शाह द्वारा लॉन्च किया गया। इस दौरान एमराल्ड प्रमोशन ठ्ाुप भी लॉन्च किया गया। इस अवसर पर जेजेएस की आयोजन समिति के साथ-साथ कई अन्य प्रसिद्ध ज्वैलर्स भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में पूजा बत्रा ने कहा कि इस वर्ष जेजेएस की ब्रांड एंबेसडर बनना वास्तव में सम्मान की बात है। उन्होंने कहा कि वे लगभग 20 वर्षों बाद जयपुर में आकर बहुत प्रसन्न हूं, जो कि दुनिया में अपनी खूबसूरत ज्वैलरी और रंगीन रत्नों के लिए प्रसिद्ध है। उन्होंने यह भी कहा कि अपने ज्वैलरी के माध्यम से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नाम हासिल करना भारत के लिए वास्तव में बहुत गर्व की बात है। इस अवसर पर जेजेएस आयोजन समिति के चेयरमैन, श्री विमल चंद सुराणा ने बताया कि वर्ष 2022 की तरह इस वर्ष की भी थीम- थीम एमराल्ड.. टाइमलेस एलिगेंस है। दो दशकों से जेजेएस विश्वभर में अपना नाम स्थापित कर चुका है।

### जयपुर में होगा जयपुर डेंटल शो



**जयपुर,** (कासं)।इण्डियन डेंटल एसोसिएशन की राजस्थान शाखा की कार्यकारिणी की मीटिंग जयपुर के राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में संपन्न हुई। मीटिंग राजस्थान के अध्यक्ष डॉ प्रदीप जैन की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस अवसर पर डॉ हरीश भारद्वाज, सदस्य राष्ट्रीय कार्यकारिणी ने जयपुर में आगामी 2-3 दिसम्बर को होने वाली वर्कशॉप के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इसमें देश -विदेश के ख्यातिमान् दन्त चिकित्सक अपना व्याख्यान देगें व दन्त रोगों व उनके उपचार से संबंधित नवीनतम जानकारी साझा करेंगे। इस अवसर पर राजस्थान के सचिव डॉ.जे.एस.वालिया ने बताया इसी समय जयपुर डेंटल शो का आयोजन भी राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर जयपुर में होगा। इस डेंटल शो में देश-विदेश की फ़र्म्स दन्त चिकित्सा के नव तकनीक से संबंधित उत्पादों, डेंटल मटेरियल ,इक्वीपमेंट्स, लेटेस्ट रिसर्च प्रॉडक्ट्स की जानकारी कार्यक्रम में भाग लेने वाले दन्त चिकित्सकों को उपलब्ध करवाएगी।

### गोताखोर श्रवण पलसानिया का सम्मान



**जयपुर**। पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बच्चे को तालाब से बाहर निकालने वाले प्रमाणित गोताखोर श्रवण पलसानिया को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया है। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि आमेर क्षेत्र में मुरलीपुरा निवासी अंकित सांखला अपने दो दोस्तों के साथ आकेड़ा डूंगर घूमने गया था, जो नहाते समय तालाब में डूब गए। अंकित सांखला व उसके दोस्तों को बचाने के लिए पुलिस प्रशासन, सिविल डिफेंस व एसडीआरएफ ने शाम 6 बजे कार्रवाई शुरू की। इस बचाव अभियान के श्रवण पलसानिया ने अदम्य साहस व निःस्वार्थ भाव से तत्परता दिखाते हुए दो घंटे पानी के भीतर रहकर मृतक अंकित सांखला के मृत शरीर को बाहर निकाला।



## World Samosa Day

If you've never had one of these delicious little pockets of goodness, you're certainly missing out. Here is the first and most important thing you need to know about Samosas: they are a delightfully fried dish filled with onions, peas, potatoes, cheese, beef or lamb, or any of a myriad of other fillings.Learn how to make the delicious stuffed, spiced, fried appetizer known as a samosa yourself, or get some Indian food to enjoy some professionally made ones.



#INSIGHT

# Significance Of Teachers' Day

In India, this day commemorates the birth anniversary of former President Sarvepalli Radha krishnan. He was a well-known scholar, teacher and ardent promoter of education





A teacher is a friend, philosopher, and guide who holds our hand, opens our mind, and touches our heart. The contribution of a teacher cannot be ignored at all. In many countries across the world, Teacher's Day is a special day where teachers of schools, colleges, and universities are honoured specially. Teacher's Day is celebrated on September 5 every year throughout India in memory of Dr. Sarvapalli Radha krishnan on his birthday.

The day is dedicated to the hard work and importance of a Teacher in our lives and it's celebrated in different parts of the world on different dates.

It was on September 5, 1962, when the first Teachers' Day was celebrated in India. Also, President Radha krishnan assumed his office in the same year. Radha krishnan was born on September 5th, 1882 in a Telegu Brahmin family in Thiruttani in Tamil Nadu. He was the first Vice President of India and become the second President after succeeding Dr.Rajendra Prasad.

### History

September 5th, observed as Teachers' Day, is a heartfelt tribute to our educators who have guided and continue to inspire us on our journey to becoming better and more knowledgeable individuals. Additionally, this date marks the birth anniversary of Dr. Sarvepalli Radha krishnan, an eminent Indian philosopher who served as the first Vice President and the second President of India. The tradition of celebrating Teachers' Day on this date was initiated in 1962 and has been upheld ever since.

Dr. Sarvepalli Radha krishnan was a distinguished scholar, philosopher, politician, and recipient of the prestigious Bharat Ratna award. He dedicated his entire life to the cause of education and the nurturing of the youth in our nation.

Born into a middle-class family in Tirutani, he pursued his education in philosophy at Christian College, Madras, and subsequently embarked on a teaching career at various esteemed institutions, including the University of Mysore and the University of Calcutta.

His remarkable contributions also led to his appointment as the Vice-Chancellor of Andhra University, Delhi University, and Banaras Hindu University. With a multitude of accolades and achievements throughout his lifetime, this day is a fitting tribute to India's most revered academician of all time.

"Instead of celebrating my birthday, it would be my proud privilege if September 5 is observed as Teachers' Day," Dr Sarvepalli Radha krishnan had said.

When do other countries celebrate their Teachers' Day?

### Indonesia: November 25

In Indonesia, National Teachers' Day is celebrated on November 25, the birthday of the Indonesian Teachers' Association, the PGRI.

### Singapore: First Friday of September

Teachers' Day in Singapore is celebrated on the first Friday of September each year. It is a day dedicated to honouring and showing appreciation for the hard work and dedication of teachers in Singapore.

### USA: May 7, 2024

In the United States, Teachers' Day is a non-official holiday on the Tuesday of the first full week of May. The day is celebrated with pomp and gaiety.

### Thailand: January 16

In Thailand, Teachers' Day, is celebrated on January 16th each year. This day is dedicated to honouring and expressing gratitude to teachers for their hard work and dedication to education.




Sugriva's quest for Sita or the sacred geography of India according to Valmiki: "Past the rains, the marshaled Vanars gathered around Sugriva bold. And unto a gallant chieftain thus the King his purpose told: Brave in war and wise in counsel take ten thousand of my best. Seek the hiding places of Ravan in the East. Seek each ravine, rock and forest and each shadowy hill and cave. Far where bright Saryus waters mix with Ganga's ruddy wave. And where Jamuna's dark blue waters ceaseless roll in regal pride. And the Sone through leagues of country spreads its torrents far and wide. Seek where the Videha's empire castled towns and hamlets shine. In Kosala and in Malwa and by Kasi sacred shrine. Maghad rich in peopled centers, Pundra region of the brave. Anga rich in corn and cattle on the eastern ocean wave. Seek where clans of skillful weavers dwell upon the eastern shore. …In the realm of uncouth nations, in the islets of the sea. In the mountains of the ocean, wander far and wander free. …Noblest, bravest of our chieftains, greatest of our race are ye. seek and search the southern regions, rock and ravine, wood and tree. Search the thousand peaks of the Vindhyas lifting high its misty head. Through the gorges of Narmada rolling over its rocky bed. By the gloomy Godavari and by the Krishna's wooded str eam. Through Utkala's sea-girt forests tinged by morning's early gleam. Search the towns of famed Darsana and Avanti's rocky shore. And the uplands of Vidharba and the mountains of Mysore. Land of Matsayas and Kalinga's and Kausika's regions fair. Trackless wilderness of Dandak seek with anxious toil and care. …Halt not till you reach the country where the northern Kurus rest. Utmost confines of the wide earth, home of gods and spirits blest!"



Seige of Chitor



Suttee Handprints

# Mapped And Retold History



Maj. Chandrakant Singh VrC (Retd)
Military Historian

The other day Divij Sharma of the Rashtradoot family phoned me that the Udaipur City Palace is holding an exhibition on Maps and he wanted me to do an article on it. Little did he know that maps are my passion verging on perversity, for it is maps that combine my other two passions-geography and history. So I immediately agreed. To the best of my knowledge this is the first of its kind exhibition and credit must be given to Mk Lakshyaraj Singh for taking the initiative in this novel venture which is both informative and interesting. In all the states of Rajasthan with the baton of custodianship of the heritage of the old princely order which ended in 1947 is now in the hands of the third or fourth generation from the time when the rulers merged their states with the Union Of India with the exception of Jodhpur which is in the hands of the second generation. Lakshyaraj is the fourth generation from the time of Maharana Bhupal Singhji. Lakshyaraj has had to step forward on account of his father's ill health. Having studied abroad and been exposed to a wider world one can feel a refreshing breath of fresh air blowing through the ancient walls and corridors of Udaipur.

I can spend hours browsing over maps and dreaming of mind travels to distant lands and different times. A single sheet of a good survey or ancient map has more wealth of information than a book of a thousand of pages. Maps are works of both science and art. Maps are the life blood of geography as all history has a geographical setting. The love of maps has stood by me in good stead as this extract from a book by Maj Gen Ashok Varma on the 1971 War shows.

Bridge on the River Meghna by Maj Gen Ashok Varma page 42. Thanks to this discovery we won the Battle of Akhaura which was not only the opening battle of the Bangladesh War, appropriately named Operation Nutcracker by Gen Sagat. Akhaura was also the biggest battle involving a Divisional attack by us and lasted over five days. Thereafter it was almost a free run to Dacca with just a few hiccups.

The British were happy to encourage belief in the canard propagated by the likes of Sir Strachey, that the English were the creators of the idea of India as one civilizational entity. Facts however speak otherwise. Our ancients even during the Mythological Age and later when history started being recorded were quite aware of not only the extent of India but also of adjacent lands and even of other



MK Lakshyaraj Singh
Shrijee Arwind Singhji of Mewar with author



Chandrakant Singh and MK Lakshyaraj Singh in the Durbar Hall City Palace.

## Discovering Lake Victoria and the source of the Nile



Col Himmeth Singh and Maj Shammi Mehta pouring over a map of Dacca before beginning their assault.



Maj later General Shafiullah of Bangladesh planning operations of the Mukti Bahini.



Gen Sagt Singh and AVM Chandan Singh planning the Meghna crossing. Author on AVM Chandan Singh's right.

In the nineteenth century the aim of many governments and individual explorers was to discover the source of the Nile, all had failed till Lieutenant Speke of the Indian Army reconstructed a map out of information given in the Puranas (Wilford in the Asiatic Journal). Basing his exploration on Puranic sources he traced the source of the Nile to Lake Victoria. Most surprisingly he found that the ancient Sanskrit names for these places were the same as those in current use when translated in the local languages of the region. Speke said "All our information concerning the hydrography of the regions, originated with the ancient Hindus, who told it to the priests of the Nile. The Hindu traders had a firm basis to stand upon through their intercourse with the Abyssinians." Accompanying Speke was Richard Burton not the actor but the nineteenth century explorer and scholar. He is better known as the translator of the two classical works on erotics, the Kama Sutra and the Persian Perfumed Garden. He is also a little infamous for being the lover of Lade Jane Attenborough the wife the former viceroy of India.




A Map authenticated by Gen Jacob showing the advance of the author's battalion 4 Guards from Agartala to Dacca. The advance was by foot, helicopters, tanks, cycle rickshaws and autos.

A much respected Harvard scholar and authority on India Prof Diana L Eck writes: "it is surprising that in 326 BC, before the advent of the Mauryan Empire, there were informants in Greece, who could describe to Alexander a land we call India and twenty years later to Megasthenes. They correctly asserted that India was roughly quadrilateral in shape, with Indus flowing in the West, the Himalayas and Hindu Kush stretched along the north and the seas skirting the other two sides. They even cited its measurements. Megasthenes also tells us that pillars have been put up at intervals to show the byroads and distances. More than two thousand years later in 1871 Major General Alexander Cunningham the first director general of the Archaeological Survey of India wrote- 'The close agreement of these dimensions, given by Alexander's informants, with the actual size of the country is remarkable, and shows that the Indians, even at that early date in their history, had a very accurate knowledge of the form and extent of their native land.' The Shankaracharaya knew the geography and extent of India which he traversed on foot and located the Char Dhams, but he was not the first. Two thousand years before him, Valmiki spelled out the extent and geography of Jambudweep, Saptsaindhwa, Bharat and India. Call it what you like. Excerpts from Sugriva's speech to his chieftains:-

#UDAIPUR EXHIBITS

## Sugriva's quest for Sita or the sacred geography of India according to Valmiki

Past the rains, the marshaled Vanars gathered around Sugriva bold. And unto a gallant chieftain thus the King his purpose told: Brave in war and wise in counsel take ten thousand of my best. Seek the hiding places of Ravan in the East. Seek each ravine, rock and forest and each shadowy hill and cave. Far where bright Saryus waters mix with Ganga's ruddy wave. And where Jamuna's dark blue waters ceaseless roll in regal pride. And the Sone through leagues of country spreads its torrents far and wide. Seek where the Videha's empire castled towns and hamlets shine. In Kosala and in Malwa and by Kasi sacred shrine. Maghad rich in peopled centers, Pundra region of the brave. Anga rich in corn and cattle on the eastern ocean wave. Seek where clans of skillful weavers dwell upon the eastern shore. …In the realm of uncouth nations, in the islets of the sea. In the mountains of the ocean, wander far and wander free. Noblest, bravest of our chieftains, greatest of our race are ye. seek and search the southern regions, rock and ravine, wood and tree. Search the thousand peaks of the Vindhyas lifting high its misty head. Through the gorges of Narmada rolling over its rocky bed. By the gloomy Godavari and by the Krishna's wooded stream. Through Utkala's sea-girt forests tinged by morning's early gleam. Search the towns of famed Darsana and Avanti's rocky shore. And the uplands of Vidharba and the mountains of Mysore. Land of Matsayas and Kalinga's and Kausika's regions fair. Trackless wilderness of Dandak seek with anxious toil and car. Halt not till you reach the country where the northern Kurus rest. Utmost confines of the wide earth, home of gods and spirits blest!

Ghazni and Ghori looted India of gold and Diamonds and destroyed our art. The British followed and also took our wealth but did not destroy our art, what they could take away they shipped to England. Say what Tharoor may, the Brits have preserved, catalogued and displayed our artifacts better than we have done ourselves. A great part of what the Brits left behind has however again found its way out of India after Independence and abolition of privy purses. The feudal and landowning classes who were the owners of our art treasures finding themselves suddenly in pecuniary were forced to sell their treasures to art dealers, who then sold them to the highest foreign bidders. This too was loot by another means and only came to a stop when Mr Boing made air travel affordable and brought to India both millionaires and penniless pot smoking hippies.

The Maharajah of Jaipur Sawai Man Singh II was the first to convert Rambagh Palace into a hotel and he along with Gayatri Devi moved into the old Residency now renamed as Rajmahal Palace. Simultaneously he opened up parts of the City Palace as a museum. The Maharana of Udaipur Bhagwati Singh followed suite and converted the Lake Palace perhaps the most romantic building in the world into a hotel and the City Palace into a museum. The example of Jaipur and Udaipur was followed by some other princes and also their old nobility with Mandawa and Samode leading the way. Today the palaces and forts of Udaipur, Jaipur and Jodhpur have become tourist destinations by themselves and the spillover from them has benefitted other feudal types and the general public too, by bringing in business and employment.

Equally important as the economic benefits has been the preservation of art, artifacts and old manuscripts in the palace and fort museums, which have become centers of research and preservation of our heritage. This research has helping to rewrite Indian history which earlier was Moghul and British centric, but now thank God we are beginning to get to know the true history of India. For this we must thank the present custodians of our national legacy, and the best part is that the new generation of princes has come forward as custodians and is helping to preserve and promote this legacy.

Leading the charge of the new generation of princes is Maharaj Kumar Lakshyaraj Singh of Mewar who is not only carrying forward the legacy of his forefathers but also adding to it by incorporating new age technology and methodology. The exhibition of maps is one such initiative.

These old maps and paintings have been showcased in such a manner that they are not only a viewing pleasure but also very informative and educative. As a military man who also has an interest in the arts I will discuss in detail three aspects which are of interest and significance to military men, art lovers and also to the general public.

The first is a painting of the Battle of Haldighati. This beautiful work is a landscape map on which a battle scene and sequence of events has been superimposed. This has been done in such an intelligent and aesthetic manner that it draws the viewer's attention to it and then tells the story of the battle at a single glance which would take several pages in a book to relate. The story of Haldighati briefly is that on 18 June 1576 Kunwar Man Singh of Amber mounted on his mighty elephant led the Moghul army against Maharana Pratap who was mounted on his white stallion Chetak.

In the center right, Maharana Pratap is seen attacking Man Singh with his spear. Man Singh is forced to move backwards for cover. In the ensuing melee Chetak is wounded but carries Maharana Pratap to safety across the stream and then fall and dies, Maharana Pratap's brother Shakti who has observed the event rushes forward killing two Moghul horsemen on the way and offers his horse to Maharana Pratap.

It was the first time in the history of the Moghuls that they failed in their mission. Pratap had chosen his field of battle wisely. The narrow valley precluded the Moghuls from deploying their artillery and cavalry in which they were superior, whilst Pratap's Bhils occupied the hillsides from where they rained down arrows and boulders on the Moghuls. The narrow front neutralized the Moghul superiority of numbers and Pratap's forces were able to match the Moghuls and prevent their further advance towards Udaipur and the Girwa valley in which it is located. Pratap's horse Chetak was wounded and succumbed to his wounds but not before carrying Pratap to safety. Pratap lived to fight another day, consolidate his kingdom and prevent further Moghul incursions into his kingdom.

These maps dating to the time of Col Tod shows the strategically sound location of Udaipur. It is ringed on all sides by hill ranges and the narrow passes leading into the Girwa Valley where Udaipur is located are easily defensible.

For the Sisodiya rulers of Mewar, Chittorgarh holds immense strategic, sentimental, spiritual and historical significance. Chittorgarh is situated on a solitary four mile long, half mile wide and three hundred feet high solitary hill in the center of the sixteen mile gap between the Aravallis on East and the Vindhya Ranges on East. The holder of Chittorgarh controls the shortest route from Delhi and Western India to the Narmada Valley and the Deccan Plateau. Its strategic location has made it a prime target for invaders from both the south and the north. Being custodians of Chittorgarh confirmed their military supremacy amongst their neighbours and as custodians of the Shaivite and Vaishnavite shrines of Eklingji and Nathdwara their position of being the leading Hindu kingdom was confirmed and gave legitimacy to their claim of being rulers not only of Mewar but also leaders of all Hindus.

rajeshsharma1049@gmail.com





Two examples of earliest known maps drawn on ivory and clay tablets from Mesopotamia.



An old map in the Jaipur City Palce showing the pilgrim route to Badrinath.

> It was the first time in the history of the Moghuls that they failed in their mission. Pratap had chosen his field of battle wisely. The narrow valley precluded the Moghuls from deploying their artillery and cavalry in which they were superior, whilst Pratap's Bhils occupied the hillsides from where they rained down arrows and boulders on the Moghuls. The narrow front neutralized the Moghul superiority of numbers and Pratap's forces were able to prevent their further advance towards Udaipur.





These two maps of Chittorgarh highlight the difference between indigenous and modern western cartography.

## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# नोटिस देने पर बी.एल.ओ. ने विरोध जताया, रैली निकाली

## बीएलओ कार्य के बहिष्कार पर कारण बताओ नोटिस दिये जाने का विरोध जताया

**जालोर,** (कासं)। जालोर उपखण्ड पर राजस्थान बीएलओ संघर्ष समिति एवं विभिन्न संगठनों ने सोमवार को रैली निकालकर बीएलओ कार्य के बहिष्कार पर कारण बताओ नोटिस दिये जाने का विरोध जताकर ज्ञापन दिया। वहीं शिक्षकों एवं शारीरिक शिक्षकों को बीएलओ कार्य से मुक्त करवाने की मांग की है।

बीएलओ संघर्ष समिति के प्रदेश महामंत्री भाखराराम ने बताया कि नि:शुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम की धारा 27 के अन्तर्गत शिक्षकों को गैर-शैक्षणिक कार्य न करवाये जाने का प्रावधान है किन्तु जिले में अधिकांश शिक्षकों को बीएलओ सहित अनेक प्रकार के गैर-शैक्षणिक कार्यों में झोंका जा रहा है जिस बाबत जिले के शिक्षक लम्बे समय से संघर्षरत है। ज्ञापन में लिखा है कि शिक्षकों द्वारा उक्त बीएलओ कार्य बहिष्कार पूर्णतः संवैधानिक हैं। साथ ही निदेशक के आदेश दिनांक 17 जनवरी 2018 से अवगत करवाया। जिसमें निर्वाचन बिन्दु से तात्पर्य पंच वर्षीय चुनाव से है ना की वर्ष भर चलने वाले मतदाता सूचियों के अद्यतन से है।

शिक्षकों ने हमेशा चुनाव जैसे महत्त्वपूर्ण कार्य को बड़ी ही निष्ठा से संपन्न करवाया है। लेकिन वर्षभर चलने वाले मतदाता सूची संबंधी कार्य के लिए केवल शिक्षकों को ही बीएलओ कार्य में लगाने के कारण

> ■ शिक्षकों एवं शारीरिक शिक्षकों को बीएलओ कार्य से मुक्त करवाने की मांग की है

शिक्षा कार्य बाधित होने के विरोध में समस्त शिक्षक समाज संघर्षरत है। वर्तमान में शिक्षा जैसा महत्त्वपूर्ण कार्य जिस पर राष्ट्र पर विकास की दशा व दिशा निर्भर है। बीएलओ कार्य से प्रत्यक्ष रुप से प्रभावित हो रहा है।

शिक्षक को बीएलओ कार्य के नाम पर वर्ष भर अधिकांश कार्य दिवसों में कक्षा-कक्ष से दूर किया जा रहा है। शिक्षकों का मूल कार्य शिक्षा है एवं बालकों के मौलिक अधिकारों की रक्षा करना प्रत्येक नागरिक का नैतिक एवं संवैधानिक कर्तव्य है। लेकिन प्रशासन की दोगले व्यवहार से शिक्षण कार्य पूर्णतः प्रभावित हो रहा है और शिक्षक पर जबरन गैर-शैक्षणिक कार्य थोपे जा रहे है। जिसके विरोध में जिले के सम्पूर्ण शिक्षकों से 5 सितम्बर, शिक्षक दिवस के अवसर पर काली पट्टी बांध कर कार्य करने का आव्हान संघर्षरत साथियों एवं विभिन्न संगठनों द्वारा किया गया।

इस मौके पर राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के जिलाध्यक्ष शैतान सिंह, राजस्थान शिक्षक संघ (शेखावत) के प्रदेश उपाध्यक्ष शिवदत्त आर्य, जिला संरक्षक दलपत सिंह आर्य, राजस्थान शिक्षक संघ (अम्बेडकर)के जिलाध्यक्ष हीरालाल रेड्डी, राजस्थान शिक्षक संघ (प्रगतिशिल) के मालाराम, प्रकाश नारायण, पुनमाराम विश्नोई, जिला फिजिकल एज्युकेशन एसोशियेसन के जिला अध्यक्ष भोपाल सिंह, प्रबोधक संघ जालोर के ब्लॉक अध्यक्ष भंवरु खां पठान, राजस्थान बीएलओ संघर्ष समिति के जिलाध्यक्ष भानाराम पालीवाल एवं सदस्य कपिल मुदगल, रमेश दान राव, खुशवन्त नाग, कन्हैया लाल भाण्ड, जसपाल सिंह, सुरेन्द्र गर्ग, सुरेश नागर बरकत खां, अर्जुन सिंह देलदरी धनु खां मेहर, खुशाल सिंह राठौड, फिरोज अली, दीपक त्रिवेदी उपस्थित थे।

# एस.पी. कार्यालय के सामने धरने पर बैठी रेप पीड़िता

## पीड़िता ने आरोपी को गिरफ्तार करने की मांग की

**हनुमानगढ़,** (निसं)। महिला पुलिस थाना में रेप का मामला दर्ज होने के बाद आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होने से नाराज पीड़िता ने सोमवार को जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सामने धरना शुरू कर दिया। इस मामले में रेप पीड़िता ने 2 दिन पहले पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर आरोपी की गिरफ्तार नहीं होने पर सोमवार से धरना देने की चेतावनी दी थी।

क्षेत्र की पीड़िता ने बताया कि उसने महिला पुलिस थाना में रामगोपाल शर्मा के खिलाफ रेप के आरोप में एफआईआर दर्ज करवाई, लेकिन जांच अधिकारी की ओर से इस मामले में अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। इस कारण आरोपी का हौसला दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। आरोपी की ओर से उसे धमकाया जा रहा है। इस मामले में भी उसने महिला पुलिस थाना में सूचना दी, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। पीड़िता ने जांच अधिकारी के आरोपी के दबाव में होने का आरोप लगाते हुए एसपी से गुहार लगाई कि आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर न्याय दिलवाने के लिए जांच अधिकारी को निर्देशित किया जाए। आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होने तक उसका धरना जारी रहेगा। इस दौरान महिला पुलिस थाने से महिला कर्मी भी महिला को समझाने आए थे, लेकिन पीड़िता ने आरोपी पर कार्रवाई नहीं होने तक धरना से नहीं उठने की बात कही।

### नाबालिग से रेप की कोशिश

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। घर में घुसकर नाबालिग से रेप की कोशिश की गई। परिवार के शोर मचाने पर आरोपी भाग गया। नाबालिग के पिता ने पॉक्सो एक्ट में मामला दर्ज करवाया है। मामला श्रीगंगानगर के एक क्षेत्र का है।

पीड़िता के पिता ने पुलिस को बताया कि आरोपी सतनाम सिंह पुत्र राजविंद्र सिंह उसके गांव का ही रहने वाला है। वह देर रात उसके घर की दीवार फांदकर घर में घुस आया। इस दौरान आरोपी ने उसकी बेटी से रेप की कोशिश की। शोर मचाने पर आरोपी भाग गया। मामले की जांच एसआई राकेश सांखला को दी गई है। सांखला ने बताया कि नाबालिग का बयान लेकर जांच की जाएगी।

# पुलिस ने दबिश देकर 180 आरोपियों को गिरफ्तार किया

## चार लाख दस हजार रुपये बरामद किये, हत्या, लूट, बलात्कार आदि प्रकरणों में वांछित है आरोपी



पुलिस ने विभिन्न स्थानों पर दबिश देकर आरोपियों को गिरफ्तार किया।

**सीकर,** (निसं)। आगामी विधानसभा चुनाव को मध्यनजर रखते हुये पुलिस ने 618 स्थानों पर दबिश देकर 180 आरोपियों को गिरफ्तार कर अभियान के तहत चार लाख दस हजार रुपये की नगद राशि सहित एक वाहन जब्त किया।

पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा व अतिरिक्त महानिदेशक एम.एन दिनेश तथा महानिरीक्षक पुलिस सत्येंद्र सिंह की गाइड लाइन के अनुसार सोमवार को सुबह विभिन्न स्थानों पर छापे की कार्रवाही की गई जो की पूरी तरह से गोपनीय रही। इस अभियान में 95 पुलिस टीमों में एक हजार से अधिक पुलिस कर्मी शामिल रहे। पुलिस अधीक्षक सीकर ने बताया कि कार्रवाई के फलस्वरुप आपराधिक गतिविधियों में लिप्त कुल 180 लोगों के विरुद्ध विधिक कार्रवाही अमल में लाई गयी। 132 लोगों के विरुद्ध 110 सीआरपीसी के तहत इस्गासा तैयार कर न्यायालय में पेश किया गया।

26 आरोपियों को धारा 151 के तहत गिरफ्तार किया गया। इसी के साथ जघ्नय अपराधों में लिप्त पांच जनों को तथा सामान्य प्रवृति के अपराधों में दो अपराधियों एवं 6 स्थाई वारंटियों व एक भगोड़े को गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा धारा 38 पुलिस एक्ट के तहत चार वाहन जब्त किये गये। इसी के साथ चार लाख दस हजार रुपये बरामद किये गये। इस कार्रवाई में पुलिस ने अभियान के दौरान विजेंद्र ओला पुत्र जयसिंह ओला, संजू पुत्र पूर्णचंद, विजय सिंह उर्फ टोनी, राजवीर सिंह पुत्र शुभराम, अजीत कुमार पुत्र धन्नीराम, नरेश प्रजापत पुत्र किशनलाल, अशोक कुमार पुत्र राजेंद्र कुमार, व सज्जन कौर उर्फ सजना पत्नी स्व. सतवीर जाट को गिरफ्तार किया गया।

# डॉ. शिखा मील बराला के सानिध्य में "चौमूं परिवर्तन यात्रा" निकाली

## यात्रा दो दिन में विधानसभा क्षेत्र की 35 से ज्यादा पंचायतों में पहुंची

**चौमूं/कालाडेरा,** (निसं)। चौमूं विधानसभा क्षेत्र में पीसीसी सचिव डॉ. शिखा मील बराला के सानिध्य में युवाओं ने चौमूं परिवर्तन यात्रा निकाली। चौमूं स्थित प्राचीन गढ़ गणेश जी मंदिर से निकली परिवर्तन यात्रा ने दो दिन में विधानसभा क्षेत्र की 35 से ज्यादा पंचायतों में यात्रा की।

चौमूं परिवर्तन यात्रा का लोगों ने जगह-जगह भव्य स्वागत किया। साथ ही परिवर्तन यात्रा के दौरान ग्रामीणों ने डॉ शिखा मील बराला का राजस्थानी परंपरा के अनुसार साफा बंधवा कर भव्य स्वागत सत्कार किया। डॉ. शिखा मील बराला अपनी कार्यशैली और बेबाक अंदाज से विधानसभा क्षेत्र में चर्चा में आई है। डॉ. शिखा मील ने एक बार फिर कई दिग्गज नेताओं की नींद उडाने का काम किया है। दो दिवसीय परिवर्तन यात्रा में डॉ. शिखा मील बराला को मिले अपार जनसमर्थन व यात्रा में उमड़ी हजारों युवाओं की टीम एक सुर में परिवर्तन की मांग को मजबूती प्रदान करती नजर आ रही थी। परिवर्तन यात्रा के शुभारंभ से पहले चौमूं शहर के गढ़ परिसर में डॉ. शिखा मील ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि चौमूं राजधानी के समीपवर्ती



चौमूं में पीसीसी सचिव डॉ. शिखा मील बराला के सानिध्य में युवाओं ने रैली निकाली।

विधानसभा क्षेत्र होने के बावजूद मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहा है। आज हमारी भूमिका आज के आधुनिक युग के साथ होनी चाहिए लेकिन फिर भी हम आज भी मूलभूत सुविधाओं के लिए लड़ रहे हैं।

डॉ. शिखा मील बराला ने यात्रा में उमड़े जन सैलाब का आभार प्रकट करते हुए उन्हें विश्वास दिलाया कि वह हमेशा क्षेत्रवासियों के साथ कदम से कदम मिलाकर जन सेवा के लिए तत्पर रहेगी। परिवर्तन यात्रा में प्रयास फाउंडेशन की अध्यक्ष और प्रदेश कांग्रेस पीसीसी सचिव डॉ. शिखा मील बराला ने चौमूं गढ़ गणेश जी का आशीर्वाद लेकर चौमूं परिवर्तन यात्रा का आगाज किया, जिसमें हजारों लोगों द्वारा बाइक रैली निकालकर परिवर्तन की मांग की। यात्रा चौमूं गढ़गणेश मंदिर से शुरू होकर नगर परिषद, रावण गेट, टांकरडा, जयसिंहपुरा,

> ■ 'राजधानी के समीपवर्ती विधानसभा क्षेत्र होने के बावजूद मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहा है'

कालाडेरा, गौरी का बास, डोला का बास, मंडा भिंडा, नौपुरा, हस्तेडा, किशनपुरा, रंजीतपुरा, नांगल गोविंद, गुड़लिया, मलिकपुर होते हुए गोविन्दगढ़ पहुंची। वहीं रात्रि विश्राम के बाद रविवार को गोविंदगढ़ से रैली शुरू हो नांगल कला, ईटावा, अनन्तपुरा चिमनपुरा ,उदयपुरिया, हाड़ोता, सामोद, महारकला, जाटावाली, बांसा कुशलपुरा, चीथवाड़ी, मोरिजा, अनंतपुरा होते हुए जैतपुरा में संपन्न हुई। डॉ. शिखा मील ने मीडिया से रूबरू होते हुए कहा कि हमारी यह परिवर्तन यात्रा विकास प्रगति की ओर यात्रा है। चौमूं का हर युवा जागरुक है और हमारे साथ जुड़ा हुआ है। परिवर्तन यात्रा का समापन भगत सिंह सर्किल पर सभी यात्रियों का सम्मान करते हुए किया गया।

# मोबाईल लूट मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**उदयपुर,** (कासं)। झाडोल थाना पुलिस ने हाईवे पर मोबाईल लूट करने वाले दो आरोपी को गिरफतार करते हुए लूटे हुए दो मोबाईल बरामद किए है।

झाडोल थाना अधिकारी रतन सिंह चौहान ने बताया कि प्रार्थीया ममता कुमारी पिता मन्ना लाल बुम्बडिया उम्र व 18 वर्ष निवासी नावा पुलिस थाना पानरवा ने उपस्थित थाना हो एक लिखित रिपोर्ट पेश की कि 28 अगस्त को मै व मेरे अंकल का लडका मनीष गरासिया पिता गोरख नाथ गरासिया निवासी नालवा, एसटीसी की परिक्षा देकर अपने घर जा रहे थे तभी हम लीलावास बाई पास हाइवे पर पहुचे थे एवं शौच हेतु रुकने के पश्चात पुन: अपने घर निकल रहे थे, तभी वहां पर 2 मोटरसाइकिलों पर सवार होकर 5 लोग आये जिन्होने मेरे व मेरा भाई मनीष के पास से मोबाईल फोन एवं एक हजार रुपये भी लेकर भाग गये।

भुवन भूषण यादव जिला पुलिस अधीक्षक उदयपुर द्वारा सम्पति सम्बधित अपराधों की रोकथाम हेतु एवं हाईवे पर लूट पाट करने वाले बदमाशों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही हेतु निर्देश प्रदान किये गये है। इस ॠम मे परबत सिंह अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक खेरवाडा एवं बलवीरसिंह मीणा वृताधिकारी वृत झाडोल के निर्देशन में रतन सिंह चौहान थानाधिकारी पुलिस थाना झाडोल की टीम द्वारा मुखबीर की सूचना एवं तकनिकी अनुसंधान के आधार पर हाईवे पर मोबाईल छिन कर लूट करने वाले दो आरोपी अर्जुन पिता ककुआ राम पारगी निवासी आवरदा तथा दिलीप पुत्र भेरू लाल खैर, गणेशपुरा ,झाडोल को गिरफतार करने मे सफलता प्राप्त की।

# सूने घर पर चोरों ने धावा बोला



सुजानगढ़ में वारदात के बाद पुलिस ने मौका मुआयना किया।

**सुजानगढ़,** (निसं)। शहर के लुहारागाडा क्षेत्र में एक सूने घर पर दिनदहाडे चोरों ने धावा बोल दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मांगीलाल चोरडिया के घर में कमरों के ताले काटकर लॉकर में रखे हजारों रुपये नगद सहित अन्य सामान पार कर ले गए। मकान मालिक मुम्बई में रहते हैं। मकान मालिक के रिश्तेदार जयप्रकाश बैद ने बताया कि चोर सौ रूपये की तीन नई गड्डी सहित व लॉकर में रखे अन्य रुपये भी ले गए व अलमारियों व संदूकों में रखा सामान बिखेर दिया। सूचना पर कोतवाली थाने के हैड कांस्टेबल दिलीप सिंह ने पहुंचकर मौका मुआयना किया।

# 'लाल डायरी है चुनावी षड्यंत्र'

**पुष्कर,** (निसं)। आरटीडीसी के अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ ने लाल डायरी को चुनावी षड्यंत्र बताया। धर्मेंद्र राठौड़ ने कहा कि जैसे ही चुनाव आते हैं इस तरह का षड्यंत्र रचे जाते हैं।

चुनावी साल में अच्छे भले बुरे मुद्दे सब आते है। मुख्यमंत्री के कार्य से बौखलाकर ये आरोप लगाए जा रहे हैं। हमने गाय और मंदिर के लिए कार्य किया है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश की जनता की भलाई की है कंपटीशन विकास के मुद्दे पर करना चाहिए ना की इस तरह के मुद्दों से करना चाहिये। आरटीडीसी के अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ पुष्कर ब्रह्मा मंदिर दर्शन के बाद सरोवर की पूजा अर्चना की। पुष्कर आए राठौड़ से पत्रकारों ने लाल डायरी का राज पूछा। धर्मेंद्र राठौड़ सवा महीने तक बीमार रहने के बाद सोमवार को देव दर्शन यात्रा पर निकले। इसके बाद वह पुष्कर आए थे।

# 396 स्टूडेंट्स को डिग्री मिलेगी

**जोधपुर,** (कासं)। डॉ एसएन मेडिकल कॉलेज में पांच सितंबर को प्रातः 11 बजे मेडिकल कॉलेज सभागार में डिग्री वितरण कार्यक्रम होगा। 396 स्टूडेंट्स को डिग्री वितरित की जाएगी। पहली बार पैथालॉजी के एक और शिशु रोग विभाग के एक टॉपर को गोल्ड मेडल दिया जायेगा। मुख्य अतिथि आरयूएचएस के वाइस चांसलर डॉ. सुधीर भंडारी और प्रो. वाइस चांसलर डॉ अमरजीत मेहता गेस्ट ऑफ ऑनर होंगे। इस अवसर पर मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य एवं नियंत्रक डॉ. दिलीप कच्छावा व अतिरिक्त प्रधानाचार्य डॉ अरूण वैश्य, डॉ रंजना देसाई, डॉ. योगीराज जोशी, डॉ. राजकुमार राठौड़ मौजूद रहेंगे।

प्रवक्ता डॉ. जयराम रावतानी ने बताया कि 2016 बैच के 253 एमबीबीएस स्टूडेंट्स, 137 एमडी-एमएस किए हुए 20108 बैच के स्टूडेंट्स को डिग्री वितरित की जाएगी। इसके अलावा 6 सुपर स्पेशलिटी में डीएम-एमसीएच कर रहे स्टूडेंट्स को भी डिग्री दी जाएगी।

स्टूडेंट्स को पूर्व मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ. अरविंद माथुर अपनी पत्नी डॉ. आशा माथुर की स्मृति में गोल्ड मेडल देंगे। उन्होंने बताया कि डॉ. एसएन मेडिकल कॉलेज के डिग्री वितरण कार्यक्रम में कॉलेज से सेवानिवृत और कार्य किए हुए 75 वर्ष व अधिक उम्र के टीचर्स का सम्मान किया जायेगा। ऐसे 16 टीचर्स जोधपुर के रहवासी है। इसमें 12 टीचर्स ने कार्यक्रम में आने की स्वीकृति दी है।

# चरागाह की भूमि को खुर्द-बुर्द करने की शिकायत

**भीलवाड़ा,** (नि.सं.)। राजस्व रेकार्ड, नक्शा ट्रेस व जमाबंदी में हेरफेर कर चरागाह की भूमि को खुर्द-बुर्द कर खातेदारों पटवारी, गिरदावर व तहसीदार द्वारा फर्जीवाड़ा करने की शिकायत आज पूर्व मंत्री कालूलाल गुर्जर व उदयलाल भडाना के नेतृत्व में ग्रामीणों ने एडीएम से की।

पूर्व मंत्री गुर्जर ने चेतावनी दी कि अगर 12 सितंबर तक इस शिकायत पर कार्रवाई नहीं हुई तो वे ग्रामीणों के साथ कलेक्ट्रेट पर धरना देंगे और हर हाल में ग्रामीणों को न्याय दिलाकर रहेंगे। चानसेन, चौहानों का बाड़िया, हांकल का बाड़िया, काला पायरा व धोली मंगरी के ग्रामीणों मांगूराम गुर्जर, गणेश गुर्जर, ईश्वर गुर्जर, नारायण गुर्जर, प्रभु गुर्जर, नारायण गुर्जर, पोखर गुर्जर, सुखा व सुखा गुर्जर, मेवा गुर्जर, प्रभुलाल गुर्जर, नंदा गुर्जर व दूदा गुर्जर ने एडीएम को दी लिखित शिकायत में बताया कि इन गांवों के ग्रामीणों के पशुधन को चराने के लिए चानसेन में चरागाह भूमि आरक्षित होकर राजस्व रेकार्ड में दर्ज है। इन चरागाह भूमि के मध्य अन्य आराजी है।

इन आराजी को उनके खातेदारों ने रामदयाल जाट को 12 जनवरी 2022 को विक्रय कर दी। इसी दिन रजिस्ट्री भी की गई। यह आराजियात खरीदार रामदयाल जाट के नाम खाते में दर्ज कर दी गई। ग्रामीणों का आरोप है कि उक्त सभी आराजियात को नक्से में हेराफेरी कर जिस जगह यह आराजियात पहले दर्ज थी, वहां से हटाकर चरागाह की आराजी संख्या 1052 में तरमीम कर दर्ज कर दी गई।

इस प्रकार से चरागाह की भूमि को विक्रेता, क्रेता, तत्कालीन पटवारी, गिरदावर, तहसीलदार व अन्य अधिकारी व कर्मचारियों ने आपस में सांठगांठ कर चरागाह भूमि को खुर्दबुर्द कर हड़प करना चाह रहे हैं। ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि यहां पर माइनिंग करने पर ये लोग उतारू है।

तत्कालीन पटवारी ज्ञानचंद, गिरदावर, तहसीलदार या अन्य किसी कर्मचारी व खरीदार, विक्रेता ने मिलकर चरागाह भूमि को नक्शे में गलत रूप से दर्शाकर नक्शे में हेराफेरी कर चरागाह की भूमि आराजी संख्या 1052 में तरमीम कर नक्शे में दर्शा दी गई, जो किसी सक्षम अधिकारी के आदेश के बिना कर सारी कार्रवाई फर्जीवाड़ा कर हेराफेरी की गई। ग्रामीणों ने शिकायत में दोषियों पर कार्रवाई कर प्रकरण दर्ज करने की मांग की है। साथ ही किसी प्रकार का के खनन कार्य के लिए लीज आदि जारी नहीं करने की मांग की गई।

# हादसे में दो अध्यापक घायल

**हनुमानगढ़,** (निसं)। नोहर थाना क्षेत्र में ट्रोले की टक्कर लगने से कार सवार दो सरकारी अध्यापक गंभीर रूप से घायल हो गए थे। फिलहाल दोनों घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। इस संबंध में रविवार देर शाम नोहर पुलिस थाना में ट्रॉला चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ। पुलिस के अनुसार अनिल कुमार (33) पुत्र सुभाषचन्द्र धाणक निवासी उत्तरादा बास तहसील भादरा ने मुकदमा दर्ज करवाया कि उसके पिता सुभाष चन्द्र मौर्य सरकारी अध्यापक हैं। वह विद्यालय के बाद कार से उत्तरादा बास घर के लिए रवाना हुए। उनके साथ एक अन्य अध्यापक भी थे। जब वे पलू से नोहर के बीच स्थित सोनड़ी गांव के पास पहुंचे तो सामने से ट्रोला चालक वाहन को लापरवाही से गलत साइड में चलाता हुआ आ रहा था। ट्रॉला चालक ने सामने कार को आते देखा तो उसने तेज गति से चल रहे ट्रॉले को अचानक अपनी साइड घूमाते हुए कार के पास से निकालने की कोशिश की।

# हेमलता राजे व अचलानन्द गिरी महाराज का स्वागत

**जोधपुर,** (कासं)। रामदेवरा के लिए हेमलता राजे के नेतृत्व व अचलानन्द गिरी महाराज के सानिध्य में चल रही पदयात्रा सोमवार को प्रातः सूर्योदय से पूर्व घेवडा से आरती के बाद रवाना हुई व मीनो की ढाणी-चैराई होकर गांव से आगे पड़ाव स्थल विश्राम के लिए पहुंची।

घेवड़ा में विश्राम स्थल पर हेमलता राजे व सैनाचार्य अचलानन्द गिरी महाराज ने आरती की व सैकडो महिला व पुरुष पद यात्रियों के साथ उत्साह व आस्था के साथ प्रातः सूर्योदय से पूर्व ही पदयात्रा प्रारम्भ की। घेवडा में राजपुरोहित समाज के द्वारा शॉल ओढाकर व मालाऐं पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर सरपंच केवल राम मेघवाल, चंदन सिंह राजपुरोहित, बिहारी लाल राजपुरोहित, बाबू सिंह राजपुरोहित, गोपाल सिंह राजपुरोहित, हीरालाल सेनजोग सिंह राजपुरोहित सहित अनेक लोगों ने स्वागत किया। चैराई गांव में सरपंच कमलादेवी, अचला राम पालीवाल के नेतृत्व में सैकडों ग्रामीणों ने हेमलता राजे व अचलानन्द गिरी का स्वागत किया।



कई गांव के ग्रामीणों ने हेमलता राजे व अचलानन्द गिरी का स्वागत किया।

## संक्षिप्त

### धर्मराज केवट सर्वसम्मति से प्रदेश सचिव बने

**टोंक ।** राजस्थान के कहार कीर केवट भोई मेहरा कश्यप समाज आरक्षण संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष उमाशंकर कहार ने बताया कि सर्वसम्मति से धर्मराज केवट निवासी टोंक जिला को प्रदेश सचिव मनोनित किया है। धर्मराज केवट को प्रदेश सचिव बनाये जाने पर टोंक जिले के समाज बन्धुओं ने खुशी की लहर दौड गई, प्रदेश अध्यक्ष उमाशंकर कहार,प्रदेशाध्यक्ष महिला मोर्चा सरिता केवट ने बधाई देते हुये उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। प्रदेश अध्यक्ष उमाशंकर कहार ने बताया कि समाज के उत्थान व विकाश के लिये केवट कल्याण बोर्ड का गठन करवाने सहित 11 सुत्रीय मांगों को लेकर 29सितम्बर को जयपुर मे शहिद स्मारक पर महापंचायत महापडाव व राजसुय यज्ञ आयोजित किया जायेगा। जिसमे राजस्थान सहित देशभर से हजारों की संख्या मे समाज बन्धु सम्मिलित होंगेद्य राजस्थान के समाज बन्धुओं से महापंचायत मे सम्मिलित होने की अपिल की गई है।

### क़ार्यकारिणी की घोषणा

**राजगढ़** (निस)। सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था कला संगम के अध्यक्ष बृजेंद्र अवस्थी ने कार्यकारिणी घोषणा की।
कार्यकारिणी में अध्यक्ष बृजेंद्र अवस्थी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष चिरंजीलाल सैनी, उपाध्यक्ष दीनदयाल बंसल एवं ऋतुराज मिश्रा, सचिन जगमोहन शर्मा, कोषाध्यक्ष मदन लाल शर्मा, निर्देशक यशु कटारिया, सहनिर्देशक शिवकुमार शर्मा , मंच निर्देशक शरद राठिया, संगीत निर्देशक योगेश शर्मा बैनी, भंडार प्रभारी सुभाष शर्मा, शहभंडार प्रभारी देबू पाराशर, रूप सत्य प्रभारी पूर्ण रही एवं मुनेश सेन, प्रचार मंत्री कुलदीप शर्मा, संगठन मंत्री दिनेश शास्त्री, पवन प्रधान चुने गए। किशोर मुखर्जी, के बी शर्मा, गोपाल तिवारी, मोहन बोहरा, रमेश मुकुल एवं सुरेश तिवारी को संरक्षक मंडल में लिया गया।

# उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ आज पहुंचेंगे डिग्गी कल्याणजी के दरबार में


उपराष्ट्रपति जगदीप धनकड के डिग्गी पहुंचने से पूर्व सुरक्षा एजेंसियों व अधिकारियों ने पूर्वाभ्यास किया।

■ एक हजार अधिकारी व पुलिस के जवान तैनात

**मालपुरा** (निस) उपराष्ट्रपति जगदीप धनकड आज सवा नो बजे भगवान विष्णु के अवतार डिग्गी कल्याणजी महाराज के दर्शनो के लिए धर्मनगरी डिग्गी पहुंच मंदिर मे विशेष पूजा अर्चना करेगें।

उपराष्ट्रपति के डिग्गी आगमन व डिग्गी प्रवास के दौरान सुरक्षा व्यवस्थाओं को लेकर धर्म नगरी डिग्गी को पुलिस छावनी मे तब्दील कर दिया गया। अजमेर संभागीय आयुक्त सहित अजमेर रैंज आईजी लता मनोज कुमार, जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल,जिला पुलिस अधिक्षक राजर्षि राज वर्मा, एडीएम अशोक त्यागी, एडीएम सुरज सिंह नेगी, सहित टोंक, पीपलू, निवाई, मालपुरा व टोडारायसिंह एसडीएम, तहसीलदार सहित दिल्ली से पहुंची सुरक्षा एजेंसियों के आलाधिकारियो ने डिग्गी मे डेरा डाल सुरक्षा व्यवस्थाओं को लेकर अलर्ट मोड पर है। डिग्गी अस्पताल मे दो बेड का वातानुकुलित आईसीयू वार्ड व डिग्गी से डिग्गी मोड के बीच जैन मंदिर के पास तीन हेलीपेड सहित हेलीपेड से मंदिर तक पूर्ण सुरक्षित सडक निर्माण करवा हेलीपेड से मंदिर तक दो किमी. मार्ग को ग्रीन कॉंडिडोर मे तब्दील कर मार्ग मे आने वाले सभी रास्तो पर बेरीकेटिंग लगा आमजन की आवाजाही बंद की गई है।

स्थानीय प्रशासन ने डिग्गी के व्यापारियो से डोर टू डोर सम्पर्क कर मंगलवार को प्रात: 7 बजे से उपराष्ट्रपति के जाने तक मंदिर व बाजार मे श्रद्धालूओ का प्रवेश बंद रहेगा जिसके लिए प्रशासन की और से बंद रखने के लिए निर्देशित किया गया है। एडीएम ने उपतहसील सभागार में प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक ले सुरक्षा व्यवस्थाओं सहित अन्य व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिये। उपराष्ट्रपति की सुरक्षा को लेकर डिग्गी मे डेरा जमाये सुरक्षा एजेंसी अधिकारियों के सुपरविजन में स्थानीय प्रशासन ने सोमवार को हेलीपेड से मंदिर तक पूर्वाभ्यास कर व्यवस्थाऐं जांची।

कस्बे मे 1 हजार अधिकारी व पुलिस के जवान सहित स्पेशल बटालियन तैनात की गई है जो कि चप्पे-चप्पे पर निगरानी रखते हुए उपराष्ट्रपति के आगमन के दौरान मार्ग मे परिंदा भी पर नही मार सके। उपराष्ट्रपति धनकड के दौरे के दौरान कवरेज के लिए जिला कलेक्टर कार्यालय मे अधिकृत मिडियाकर्मियो के पास भी जारी करने के दस्तावेज तो लिये गये लेकिन सुरक्षा एजेंसियों द्वारा पास की स्वीकृति नही देने के चलते एक भी मिडियाकर्मी को कवरेज के लिए पास जारी नही करने से मिडियाकर्मियो मे नाराजगी देखी गई।

# पालिका प्रतिपक्ष नेता ने स्ट्रीट लाइटों को बताया शोपीस

**किशनगढ़ बास।** नगर पालिका किशनगढ़ बास प्रतिपक्ष नेता पार्षद उमेश यादव ने अधिशासी अधिकारी को शहर में बिगड़ी सफाई व्यवस्था एवं स्ट्रीट रोड लाइट को लेकर शिकायत की है।

प्रतिपक्ष नेता पार्षद का आरोप है ठेकेदार निविदा के अनुरूप संसाधन उपलब्ध नहीं करा पा रहा जिसके चलते सफाई की व्यवस्था गड़बड़ी हुई है। पार्षद ने अधिकारी से मामले की जांच कर सफाई व्यवस्था को सुचारू करते हुए ठेकेदार के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की है । प्रतिपक्ष नेता पार्षद उमेश यादव ने अधिशासी अधिकारी को लिखित में शिकायत देते हुए बताया है कि शहर में करोड़ों रुपए खर्च कर लाइट लगाई गई है जो शोपीस बनकर लगी हुई है। पार्षद ने बताया है की शहर में मुख्य सड़क मार्गों पर चौराहे पर स्ट्रीट हाई मास्क लाइट तो लगा दी गई है लेकिन कोई यह देखने वाला नहीं है की लाइट है जल भी रही है या नहीं। अधिकांश लाइट है लगने के एक-दो दिन बाद से ही बंद पड़ी है। अनेको स्थान पर तो लाइट लगने के बाद एक बार भी नहीं जली है। जिसके कारण सड़कों पर अंधेरा पसरा है। शिकायत में प्रतिपक्ष नेता पार्षद उमेश यादव ने लिखा है शहर की सफाई का 1 करोड़ 36 लाख रुपए का टेंडर छोड़ा हुआ है। निविदा की शर्त के अनुरूप ठेकेदार ने ना तो संसाधन लगाए हैं और ना ही अभी तक सफाई कर्मचारियों को परिचय पत्र जारी किए हैं यहां तक की समस्याओं के निदान के लिए ठेकेदार की ओर से एक कर्मचारी को नगर पालिका में बैठाया जाना था जो अभी तक नहीं बैठाया गया है। शहर में खैरथल रोड टेंपो स्टैंड पर तथा इंदिरा रसोई के सामने कचरा सग्रह के लिए पॉइंट बनाया हुआ है। दोनों बिंदु से कचरा उठाने के लिए निविदा में दो लोडर मशीन लगाई जानी थी जबकि ठेकेदार की ओर से एक मशीन लगाई हुई है जिसके कारण मुख्य सड़क पर दोपहर 12 बजे तक भी कचरा नहीं उठ पाता है। और वहां आसपास के दुकानदारों व राहगीरों को बदबू का सामना करना पड़ता है। नगर पालिका में ठेकेदार की ओर से एक कर्मचारी को शिकायतों के समाधान के लिए बैठ जाने के लिए निविदा में पाबंद किया गया है ।

## रंगीलो म्हारो श्याम महोत्सव की तैयारी

**चाकसू** (निस) । यहां श्री श्याम निशान संघ परिवार (रजि.) चाकसू के तत्वावधान में आगामी 19-20 अक्टूबर 2023 को आयोजित होने वाले11 वां वार्षिकोत्सव रंगीलो म्हारो श्याम महोत्सव की रूप रेखा तैयार करने के लिए सभी सदस्यों की एक सामूहिक गोठ एवं मीटिंग कस्बा स्थित खाल के बालाजी आश्रम पर रखी गई।

मीटिंग में आगमिक कार्यक्रम के तहत आयोजित होने वाली विशाल कलश यात्रा,शोभायात्रा तथा विशाल भजन संध्या की तैयारी को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

अमित बाहेती एडवोकेट ने बताया कि चाकसू में बाबा श्याम का भव्य विशाल वार्षिकोत्सव आयोजन करवाने को लेकर आगामी कार्यक्रम के बारे में चर्चा की गयी। मीटिंग में रमन खंडेलवाल, राकेश मामोडिया, राजेश गौत्तम, अशोक सोनी, आशीष गोस्वामी, देवनारायण गुर्जर, घनश्याम गुप्ता, अमित बाहेती एडवोकेट, सोनू बजाज, विजय डंगायच, विक्रम साहू, आशीष अग्रवाल, विवेक अग्रवाल, अवधेश बजाज, देवी सिंह गोगावत, सोनू गोयल, वीरेंद्र बिंदल, दीपक खंडेलवाल, रवि शर्मा, राजू प्रजापत, महेश प्रजापत, अनिल पोद्दार, मनोज अग्रवाल, सुरेश सैनी, योगेश कुमावत, मोहित अग्रवाल, रोहित शर्मा, विवेक बडेरा, रुद्राक्ष सोनी सहित मंडल के सभी सदस्यगण, चाकसू के प्रतिष्ठित व्यापारीगण एवं समस्त जनप्रतिनिधियों ने सभी के सहयोग से कार्यक्रम में तन मन धन से सहयोग करके चाकसू में ऐतिहासिक कार्यक्रम करवाने का प्रण लिया।

## सार-समाचार

### घर जाते युवक को पीटा



**श्रीमाधोपुर ।** कस्बे के सालासर मंदिर के पास गुप्ता पेंट वाली गली में अज्ञात हमलावरों ने अचानक एक युवक पर ताबड़तोड़ हमला कर दोनों पैर तोड़ दिए। गंभीर रूप से घायल युवक अशोक कुमावत ने बताया कि वह बाजार से पैदल अपने घर जा रहा था कि जैसे ही वह गुप्ता पेंट वाली गली में पहुंचा तो पीछे से दो नकाबपोश बदमाश बाइक पर सवार होकर आए और पास आते ही उन्होंने लोहे की राड (सरिया) तथा लाठियां से अशोक पर हमला कर दिया, शौर शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर दौड कर आए लेकिन बदमाश मौका पाकर फरार हो गए। मौके पर लहुलूहान हालात में पड़े घायल युवक को आसपास के लोगों ने अस्पताल पहुंचाया जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में उसे जयपुर रैफर कर दिया। घटना की सूचना लगते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया तथा आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। सीसीटीवी फुटेज में दो युवक मुंह पर कपड़ा बांधे हुए आते हुए दिखाई दे रहे हैं वहीं पुलिस ने फिलहाल नाकाबंदी करवाई है और बदमाशों का भी पता नहीं चल पाया। पुलिस जांच में जुटी हुई है।

### रामदेव जी की सवारी निकाली




**दूदू** (नि.स) जयपुर से रामदेवरा जा रहे रामदेव जी की सवारी घोडे को कंधों पर लेकर पैदल यात्रियों का अलग अलग नजारा देखने को मिला विभिन्न स्थानो से पेदल यात्री नाचते गाते डीजे की धुनो पके दूदू शहर से गुजर रहे है यात्रियों के लिए जगह जगह भण्डारो में भोजन की व्यवस्थाऐं भक्तजनो द्वारा की जा रही है।

### डिजिटल साक्षरता का प्रशिक्षण

**टोंक ।** जिला प्रशासन टोंक एवं महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आंगनवाड़ी केंद्रों को और मजबूत बनाने के लिए बहुत से अग्रणी कदम उठाये जा रहे हैं। इसी कड़ी में जिला प्रशासन, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा जिला परिषद् टोंक के सहयोग से रॉकेट लर्निंग संस्था के द्वारा जिले की सभी आंगनवाडी कार्यकर्ताओं को "ईसीई का महत्व" तथा "ईसीई के डोमेन" भाषा विकास, संज्ञानात्मक विकास, शारीरिक विकास, सामाजिक-भावनात्मक विकास पर प्रशिक्षण दिया जा रहा हैं। इसी के साथ मिशन बुनियाद टोंक एवं डिजिटल साक्षरता के महत्व की जानकारी दी जा रही हैं। बतौर सुगमकर्ता संस्था साथी मोहित वैष्णव एवं चितरंजन नामा कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दे रहे हैं। प्रशिक्षण की इस कडी में मालपुरा ब्लॉक के चांदसेन, डिग्गी, लांबाहरीसिंह, लावा, सोडा, पछेवर, टोरडी तथा मालपुरा सिटी में ट्रेनिंग दी गयी जिसमें 283 कार्यकर्ताएँ शामिल रही। इस ट्रेनिंग के अंतर्गत महिला एवम बाल विकास अधिकारी सरोज मीणा, सीडीपीओ हनुमान प्रसाद तथा स्थानीय सुपरवाइजर पिंकी शर्मा, माया शर्मा, तथा शबनम सिद्दकी आदि उपस्थित रहे।

### गांव कोरसीना को लिया गोद

**सांभरझील ।** यहां पंचायत समिति के प्रधान सहदेव गुर्जर के आग्रह पर गांव कोरसीना को आशियाना संस्था की ओर से गोद लिया गया। इसका मुख्य उद्देश्य गांव में पिछड़ापन दूर करने, सामाजिक और आर्थिक विकास की दृष्टि से आगे बढ़ाना है, इसके लिए संस्था की ओर से कार्य किए जाएंगे। बताया गया कि संस्था की ओर से शनिवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के समस्त विद्यार्थियों और शिक्षकों को स्टील के टिफिन सेट भेंट भी किए गए। इस अवसर पर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य रमेश कुमार वर्मा, ग्रामीण शोभाराम भड़ाना, रामू कोली सहित कई लोग मौजूद रहे।

### 4 घंटे बंद रहेगी बिजली सप्लाई

**मालपुरा** (निस) मंगलवार को 33 केवी पर मेन्टीनेंस कार्य के चलते चार जीएसएस से जुडे ग्रामीण क्षैत्रो मे 4 घंटे बिजली आपूर्ति बंद रहेगी । पचेवर कनिष्ठ अभियन्ता संजय मीणा ने बताया कि 33 केवी जीएसएस पर अतिआवश्यक रखरखाव के चलते पचेवर,किरावल,पारली,नगर व चैनपुरा जीएसएस से जुडे ग्रामीण क्षैत्रो मे प्रात: 7 बजे से दोपहर 12 बजे तक बंद बिजली आपूर्ति रहेगी ।

# अग्निवीर योजना व अन्य मुद्दों पर चर्चा

**बहरोड/ जयपुर ।** 4 सितंबर 2013 कांग्रेस पार्टी समर्थित एक्स सर्विसमैन सेल और फौज में शहीद हुए सैनिकों के मान सम्मान तथा कांग्रेस पार्टी की रीति नीतियों और राहुल गांधी की भारत छोड़ो यात्रा के बारे में पूर्व सैनिक विभाग के प्रदेश एवं जिला स्तरीय पदाधिकारियों की अग्निवीर आदि मुद्दों को लेकर बैठक आयोजित हुई।

जानकारी के मुताबिक प्रदेश कार्यालय में आयोजित हुई बैठक में कांग्रेस के सैनिक परिवार से जुडे रणजीत सिंह रंधावा एवं गोविंद सिंह डोटासरा तथा रोहित चौधरी और मुंडावर के विशाल पूर्व विधायक मेजर ओपी यादव सहित पूर्व सैनिकों तथा शहीद परिवारों के प्रति भारतीय जनता पार्टी के द्वारा सैनिकों के साथ हो रहे दुर्व्यवहार के साथ ही अग्निवीर सहित प्रदेश स्तर से लेकर गांव ढाणी एवं देश के हर क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी के साथ मिलकर लड़ाई लड़ने की कार्य योजना बनाई गई।

बैठक के बारे में मुंडावर से पूर्व विधायक रहे मेजर ओपी के बेटे विशाल मेजर यादव ने बताया कि पीसीसी कार्यालय में आर्मी में रहे रोहित चौधरी द्वारा एक्स सर्विसमैन सेल जो कांग्रेस की नीतियों पर आधारित और फौज में आरपी को लेकर और अग्निवीर को लेकर जो लोगों में गुस्सा है उसको ध्यान में रखते हुए विधानसभा चुनाव के समय एक्स सर्विसमैन सेल को मजबूती देने के लिए गोविंद सिंह डोटासरा पीसीसी अध्यक्ष एवं रणजीत सिंह रंधावा के मुख्य आतिथ्य में जो कि खुद भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर रहे फौजी और एक्स सर्विसमैन को पुकार रैली की हुंकार भरते संबोधित किया गया।

वहीं बैठक में सर्व समाज से जुड़े लोगों के साथ ही कांग्रेस पार्टी के एक्स सर्विसमैन सेल से जुडे बडी तादाद में लोग पहुंचे बताए।

## ब्रजमोहन मीणा का सम्मान आज

**राजगढ।** ब्लॉक के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय रामसिंहपुरा में कार्यरत अध्यापक ब्रजमोहन मीणा को जयपुर में शिक्षक दिवस पर राज्य स्तरीय सम्मान समारोह मेंसम्मानित किया जाएगा। मीना ने अपने विद्यालय व अन्य विद्यालयों में भौतिक सुख सुविधाओं हेतु भामाशाहों को प्रेरित कर निरंतर आर्थिक सहयोग प्राप्त कर विद्यालय के चौमुखी विकास में सराहनीय सहयोग प्रदान किया। ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षणों में केआरपी की भूमिका का निर्वहन कर प्रशिक्षणों में शिक्षकों को प्राथमिक शिक्षा की अवधारणाओं की समझ विकसित की गई। शिक्षण में नवाचारों के साथ नशा मुक्ति अभियान, रक्तदान, निर्वाचन कार्य, कोविड-19 बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, पर्यावरण संरक्षण, हरित क्रांति के तहत वक्षारोपण राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम, योग दिवस, राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेलों म ,मेरी माटी मेरा देश आजादी का अमृत महोत्सव आदि के कुशल संचालन के लिए चयन हुआ है।

# पुलिस कर्मियों के राखी बांधी


दूदू में प्रजापिता ब्रहमकुमारी विश्वविद्यालय की बहनों ने सोमवार को पुलिस थाना कर्मियों के राखी बांध कर ओमशांति का प्रतीक चिन्ह भेट किया। इस अवसर पर बहिनें एवं पुलिस कर्मी मौजूद रहें।

## बैठक आयोजित

**श्रीमाधोपुर।** विधान सभा स्तरीय ब्राह्मण प्रतिभा सम्मान समारोह 2023 को लेकर रविवार को देर शाम ब्राह्मण समाज भवन के परशुराम सभागार में समाज अध्यक्ष रमाकांत शर्मा शास्त्री की अध्यक्षता और पूर्व प्रधान मखखन लाल शर्मा के आतिथ्य में एक आवश्यक बैठक बुलाई गई।महामंत्री शिंभू दयाल भारद्वाज ने बताया कि श्रीमाधोपुर विधान सभा स्तर की ब्राह्मण प्रतिभाओं को 10 सितंबर को पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 3 बजे तक होटल नारायण पैलेस में आयोजित होने वाले ब्राह्मण प्रतिभा सम्मान समारोह 2023 में सम्मानित किया जाएगा।कार्यक्रम को लेकर व्यवस्थार्थ विभिन्न उप समितियों का गठन कर जिम्मेदारियां दी गई।जिसमे प्रमाण पत्र निर्मात्री समिति में मुकेश शर्मा, राजेंद्र राम सेवक,नरेंद्र मिश्रा को,मंच व्यवस्था समिति में शिंभू दयाल भारद्वाज,महेश ओझा,महेश जोशी को,समारोह पांडाल व्यवस्था समिति में महेश पारीक, भरत शर्मा, दिनेश स्वामी, मालीराम शर्मा नांगल को, भोजन व्यवस्था समिति में महेश दीवान, मूल शंकर गोठवाल, ललित स्वामी, मख्खन लाल स्वामी, सल्लू भिंडा को,पारितोषिक वितरण समिति में रूपेश शर्मा, प्रशांत शर्मा,हेमंत शर्मा, चंद्र कांत शर्मा को, महिला पुरुष संपर्क समिति में दिनेश मिश्रा,हेमंत पारीक, लखन पारीक, शंकर भिंडा को, महिला संरक्षण सम्मान समिति में रमा शर्मा, अनुष्का शर्मा,गायत्री रसोइया, कोमल मिश्रा को जिम्मेदारी दी गई। कार्यक्रम में पवन हरितवाल को आयोजन स्थल, राइवल फाउंडेशन के राकेश त्रिवेदी को स्मृति चिन्ह और समाज अध्यक्ष रमाकांत शर्मा शास्त्री को भोजन व्यवस्था उपलब्ध करवाने के लिए आभार प्रस्ताव लिया गया।

# सैनी समाज में शिक्षा की वृद्धि हुई : रामेश्वर मौर्य

■ महात्मा ज्योतिबा फुले सेवा संस्थान की बैठक संपन्न


महात्मा ज्योतिबा फुले सेवा संस्थान की बैठक संपन्न।

**चाकसू** (निस) । महात्मा ज्योतिबा फुले सेवा संस्थान की बैठक कस्बा स्थित संस्थान कार्यालय में संस्थान अध्यक्ष रामेश्वर मौर्या जादम की अध्यक्षता में हुई।

इस अवसर पर संस्थान अध्यक्ष रामेश्वर मौर्य जादम ने कहा कि सैनी समाज में शिक्षा की वृद्धि हुई है, लेकिन संख्या के अनुपात में सैनी समाज को अलग से आरक्षण नहीं होने के कारण समाज के युवाओं का राजकीय सेवा में चयन नहीं हो पाता है।उन्होंने कहा कि युवा वर्ग की शिक्षा और सामाजिक कल्याण के लिए महात्मा फुले बोर्ड का गठन किया जाए, क्योंकि माली समाज के लोग राजनीतिक, सामाजिक, शैक्षिक, आर्थिक स्थिति से कमजोर है। बैठक में समाज के छात्रावास पर हो रहे निर्माण कार्य के आय-व्यय का विवरण प्रस्तुत करते हुए, सावित्री बाई फुले सेवा संस्थान, फागी रोड, रेलवे स्टेशन के पास चाकसू पर आगामी अमावस्या 15 सितंबर 2023 को समाज की सामूहिक गोठ का आयोजन करते हुए मीटिंग का आयोजन किया जाना है साथ ही समाज का 2024 में फुलेरा दोज पर सामूहिक विवाह सम्मेलन करने का भी निर्णय सर्व सम्मति से लिया गया।

बैठक में लक्ष्मीनारायण कोटखावदा, रूपनारायण, सुरेश चंद, हनुमान, ओमप्रकाश सरसवाल, छांदेल खुर्द, राम प्रकाश, शंकर लाल चंदलाई, ग्यारसी लाल बबेरवाल बरखेड़ा, हेमाराम जी बाथला, सत्यनारायण तंवर, नाथू लाल तंवर, जगदीश जादम, नाथूलाल मली का मावर, किशोरीलाल सोलंकी, द्वारका प्रसाद, विनोद, सीताराम, सुरेश चंद चावंडिया, रामावतार श्रेणी जादम, राम गोपाल गंडराल्या, रामस्वरूप चूलीवाल, सूजी लाल तंवर, रूपचंद मतंगा, राजेंद्र सरसवाल, फैली राम, मुकेश, रामस्वरूप अजमेरा, मदन लाल फतेहरामपुरा, विजेंद्र टाक, सत्यनारायण छारेडिया, महेश अजमेरा सवाई माधोसिंहपुरा, शंकरलाल, गोपाल लाल सोलंकी, रामराय, छीतर सरसवाल कमलेश मोरा का मावर सहित समाज के कई समाज बंधु उपस्थित हुए।

## कार्मिकों से सुझाव लिए

**टोंक।** राजस्थान मिशन-2030 अभियान के तहत राज्य सरकार के कार्मिकों के साथ परामर्श एवं सुझाव कार्यक्रम सोमवार को अतिरिक्त जिला कलेक्टर डॉ. सूरज सिंह नेगी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में प्रात: 11:00 बजे आयोजित किया गया। मुख्य आयोजना अधिकारी ओमप्रकाश मीणा ने बैठक में उपस्थित सहभागियों का स्वागत करते हुए वर्तमान सरकार द्वारा राज्य सरकार के कार्मिकों के हित में उठाये गये कदमों एवं प्रगति का विस्तृत विवरण पीपीटी के माध्यम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में एडीएम ने राजस्थान मिशन 2030 के तहत विभिन्न विभागों के उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से चर्चा करते हुए संकेतात्मक विषय बिंदुओं के बारे में जानकारी प्रदान कर उनसे संवाद किया। मुख्य आयोजना अधिकारी ने बताया कि कार्यक्रम में राजकीय महाविद्यालय से उपस्थित प्रतिनिधि ने कार्मिकों के कार्य के विभाजन को समरूपता प्रदान करने के संबंध में, महिला एवं बाल विकास विभाग से सरोज वर्मा, महिला सुपरवाईजर ने प्रत्येक वार्ड में 2 कार्यकर्ता एवं 2 सहायिका रखे जाने के संबंध में अपने सुझाव दिए। इसी प्रकार पशुपालन विभाग से पशुधन सहायक ओमप्रकाश वर्मा ने विभागीय संस्था खोलने व रिक्त पदों को शीघ्र भरे जाने, पुलिस विभाग से देवकरण ने वर्तमान कानून व्यवस्था को आधुनिक रूप प्रदान कर आईटी तकनीकी से विभाग को मजबूती प्रदान करने का सुझाव दिया।

# रामगढ़ पचवारा में नशे के खिलाफ जागरूकता जगाई

**रामगढ पचवारा ।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के तूंगा सेवाकेंद्र के तत्वावधान में ब्रह्माकुमारीज़ के मेडिकल प्रभाग तथा भारत सरकार की सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग के संयुक्त तत्वावधान के अंतर्गत नशा मुक्त राजस्थान अभियान के अंतर्गत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय तूंगा में नशा मुक्ति का कार्यक्रम आयोजित किया।

कार्यक्रम में प्रभु दयाल गुर्जर प्रिन्सिपल सहित सभी शिक्षक और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी जानकी बहन ने सभी तरह के नशों एवं मोबाइल, इंटरनेट रूपी डिजिटल नशों के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि हमारे भारत को नशा मुक्त बनाना है तो सर्वप्रथम स्वयं को नशा मुक्त बनाना होगा और उसके लिए अपने मन को सशक्त बनाना और बताया कि नशे की 13 साल की उम्र से 20 वर्ष की उम्र के बीच में शुरुआत हो जाती है।


**कार्यालय ग्राम पंचायत कालाडेरा**
**पंचायत समिति गोविन्दगढ, जिला-जयपुर (राज.)**
Email ID: kala.gov.jp@gmail.com, Mob.: 9799603237

क्रमांक-707/2023 | **प्रारूप 22** | दिनांक-04/09/2023

**रा.प.रा.नि. 1996 के नियम 148 के अन्तर्गत आबादी भूमि के प्रस्तावित विक्रय के संबंध में आक्षेप आमंत्रित करने का नोटिस**

| क्र.सं. | नाम/पिता का नाम/पति का नाम | क्षेत्रफल |
|---|---|---|
| 1 | नरेन्द्र कुमार सहरिया पुत्र श्री सत्यनारायण सहरिया | 179.92 वर्ग मी. |
| 2 | युवराज सहरिया पुत्र श्री नरेन्द्र कुमार सहरिया | 178/03 वर्ग मी. |
| 3 | प्रभात सहरिया पुत्र श्री नरेन्द्र कुमार सहरिया | 214.52 वर्ग मी. |
| 4 | केदारमल, बसन्त कुमार, प्रदीप कुमार, श्यामसुन्दर पुत्रान श्री ओमप्रकाश हिस्सा 1/3, श्री अशोक कुमार पुत्र श्री सन्तोष कुमार भाला हि. 1/3, संजय भाला पुत्र श्री शंकरभाला टि.1/3 प्रत्येक का | 230 वर्ग मी. |
| 5 | श्री केदारमल बसन्त कुमार प्रदीप कमार श्यामसुन्दर समस्त पुत्रान श्री ओमप्रकाश भाला | 28 वर्ग मी. |

**नोट**-उपरोक्त पट्टा पत्रावलियों के संबंध मं किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो आक्षेप आमंत्रण की प्रकाशन तिथी से 30 दिवस (1 माह) के भीतर ग्राम पंचायत कार्यालय में अपनी आपत्तियाँ प्रस्तुत कर सकता है। बाद मियाद किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। समस्त पत्रावलियों का अवलोकन कार्यालय दिवस में निर्धारित समयावधि में किया जा सकेगा।

**सरपंच**
**ग्राम पंचायत-कालाडेरा**
**पं.स. गोविन्दगढ (जयपुर)**



मैं भारत के खिलाफ श्रृंखला के कुछ हिस्से में खेलना चाहता हूं। लेकिन मुझ पर इसे लेकर कोई दबाव नहीं है। आस्ट्रेलियाई टीम विश्व कप से पहले तीन मैच की वनडे श्रृंखला के लिए भारत आयेगी जिसकी शुरुआत 22 सितंबर को मोहाली मुकाबले से होगी। **–ग्लेन मैक्सवेल**

**ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज, टखने की चोट के बावजूद भारत के विरुद्ध खेलने को लेकर।**

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**

## नीरज चोपड़ा



**स्विट्जरलैंड** पर्यटन ने अपने 'मित्रता दूत' ओलंपिक और विश्व चैंपियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा को उनकी उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया है। पिछले महीने बुडापेस्ट में विश्व चैंपियनशिप में 88.17 मीटर के प्रयास के साथ 25 साल के चोपड़ा ओलंपिक और विश्व खिताब दोनों अपने नाम करने वाले सिर्फ तीसरे भाला फेंक खिलाड़ी बने। स्विट्जरलैंड पर्यटन में वैश्विक सझेदारी प्रमुख पास्कल प्रिंज ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा, "भारत के दिग्गज खिलाड़ी नीरज चोपड़ा के साथ जश्न मनाकर हम सम्मानित और खुश हैं। नीरज ने एक पूरी पीढ़ी को प्रेरित किया है।

**क्या आप जानते हैं ?...** ब्राजील (1950) में खेले गये विश्वकप फुटबॉल के विजेता का लीग आधार पर खेले गए मैचों से हुआ, उरुग्वे विजेता रहा।

## बुमराह के घर गूंजी 'अंगद' की किलकारी

मुंबई, 4 सितंबर। भारत के अग्रणी तेज़ गेंदबाज़ जसप्रीत बुमराह और उनकी पत्नी संजना गणेशन ने अपने परिवार में बेटे 'अंगद' का स्वागत किया है। बुमराह ने सोमवार को एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा,हमारा छोटा परिवार बड़ा हो गया है। हमारे दिल इतने भर आये हैं जितना कभी सोचा भी नहीं था। आज सुबह हमने अपने नन्हे से बेटे अंगद जसप्रीत बुमराह का इस दुनिया में स्वागत किया। उल्लेखनीय है कि बुमराह भारत के साथ एशिया कप खेलने श्रीलंका गये थे लेकिन बेटे के जन्म के लिये वह रविवार को स्वदेश लौट आये। इस कारण वह भारत और नेपाल के बीच सोमवार को होने वाले मुकाबले में हिस्सा भी नहीं ले सके। बुमराह ने कहा, हम चांद के ऊपर हैं। हमारे जीवन का यह नया अध्याय जो कुछ अपने साथ लाया है, उसका इंतज़ार नहीं कर सकते। बुमराह अब सुपर-चार चरण में हिस्सा लेने के लिये श्रीलंका लौटेंगे, जहां भारत का पहला मुकाबला 10 सितंबर को पाकिस्तान से होगा।

## एशियाई खेलों से पहले 17 दिवसीय शिविर में हिस्सा लेंगे भारतीय मुक्केबाज

नयी दिल्ली, 4 सितंबर। चीन के हांग्झोउ में 23 सितंबर से होने वाले एशियाई खेलों की तैयारी के लिये भारतीय मुक्केबाजी दल 17 दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी प्रशिक्षण शिविर के लिये चीन के वुइशान शहर के लिये रवाना हुआ है। भारतीय मुक्केबाजी संघ ने सोमवार को बताया कि इस दल में 13 मुक्केबाज और 11 सहयोगी स्टाफ सदस्य शामिल हैं। आरईसी लिमिटेड द्वारा समर्थित प्रशिक्षण शिविर तीन सितंबर से 20 सितंबर तक निर्धारित है। इसके बाद भारतीय मुक्केबाज एशियाई खेलों में भाग लेने के लिये हांग्झोउ रवाना होंगे। एशियाई खेलों के लिये भारतीय पुरुष टीम में दीपक (51 किग्रा), सचिन (57 किग्रा), शिव थापा (63.5 किग्रा), निशांत देव (71 किग्रा), लक्ष्य चाहर (80 किग्रा), संजीत (92 किग्रा) और नरेंद्र (92 किग्रा) का नाम है। वहीं महिला टीम में निकहत ज़रीन (50 किग्रा), प्रीति (54 किग्रा), परवीन (57 किग्रा), जैस्मीन (60 किग्रा), अरुंधति चौधरी (66 किग्रा), लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) शामिल है।

## दीक्षा आयरिश ओपन में सातवें स्थान पर रही

डबलिन, चार सितंबर। भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर ने अच्छी शुरूआत के बाद लय खो दी और आखिरी दौर में दो अंडर 70 के स्कोर के साथ केपीएमजी महिला आयरिश ओपन में सातवें स्थान पर रही। वह इस साल छठी बार शीर्ष दस में रही है। इसके साथ ही वह लेडीज यूरोपीय टूर के आर्डर आफ मेरिट में तीसरे स्थान पर पहुंच गई। उन्होंने अदिति अशोक की जगह ली जो एलईटी और अमेरिका में लेडीज पीजीए दोनों खेल रही हैं। सत्र के आखिर में शीर्ष चार में रहने वालों को लेडीज पीजीए टूर कार्ड मिलेगा। स्मिला टार्निंग सोंडरबाय दस अंडर 62 का स्कोर करके शीर्ष पर रही। भारत की त्वेसा मलिक संयुक्त 36वें, वाणी कपूर संयुक्त 54वें और रिधिमा दिलावारी 69वें स्थान पर रही। अमनदीप द्राल कट में प्रवेश से चूक गई थी।

## अमेरिकी ओपन के क्वार्टरफाइनल में पहुंचे बोपन्ना-एब्डेन

न्यूयॉर्क, 4 सितंबर। भारत के रोहन बोपन्ना यहां अमेरिकी ओपन 2023 टेनिस टूर्नामेंट में पुरुष युगल के क्वार्टरफाइनल में पहुंच गये हालांकि मिश्रित युगल प्रतियोगिता से उन्हें हार के साथ बाहर होना पड़ा। पुरुष युगल के प्री-क्वार्टरफाइनल में, छठी वरीयता प्राप्त रोहन बोपन्ना और ऑस्ट्रेलियाई साथी मैथ्यू एबडेन की जोड़ी ने जूलियन कैश और हेनरी पैटन की ब्रिटिश जोड़ी को दो घंटे 20 मिनट चले मुकाबले में 6-4, 6(5)-7, 7-6(10-6) से हराने के लिये कड़ी मेहनत की। अगले दौर में बोपन्ना-एबडेन का सामना शीर्ष वरीय वेस्ले कूलहोफ-नील स्कूपस्की और नाथनियल लैमन्स-जैक्सन विथ्रो के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। हार्ड कोर्ट पर खेला जाने वाला अमेरिकी ओपन साल का चौथा और अंतिम टेनिस ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट है। इस सीज़न की शुरुआत में बोपन्ना और एबडेन ने दोहा और इंडियन वेल्स में हार्ड कोर्ट पर खिताब जीते थे। यह जोड़ी जुलाई में विंबलडन के सेमीफाइनल में भी पहुंची थी। इस बीच, मिश्रित युगल प्रतियोगिता में रोहन बोपन्ना और इंडोनेशिया की अल्दिला सुत्जियादी अमेरिका की टेलर टाउनसेंड और बेन शेल्टन से एक घंटे से भी कम समय में 6-2, 7-5 से हार गये। बोपन्ना इस आयोजन में एकमात्र भारतीय खिलाड़ी थे। गौरतलब है कि 43 वर्षीय बोपन्ना अमेरिकी ओपन 2023 में भारत के एकमात्र प्रतिनिधि हैं। इससे पहले, साकेत माइनेनी और युकी भांबरी पुरुष युगल के दूसरे दौर में हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गये थे। अंकिता रैना और सुमित नागल सहित कोई भी भारतीय एकल खिलाड़ी क्वालीफायर से आगे नहीं बढ़ पाया।

## मेस्सी ने दो गोल करने में मदद की, इंटर मियामी 3-1 से जीता

लास एंजिलिस, 4 सितंबर। इंटर मियामी को जुलाई के मध्य में सुपरस्टार लियोनल मेस्सी के जुड़ने के बाद से हार का सामना नहीं करना पड़ा है और रविवार रात उसने सत्र का सर्वश्रेष्ठ खेल दिखाते हुए गत लास एंजिलिस फुटबॉल क्लब को 3-1 से पराजित किया। मेस्सी ने इस मैच के दौरान दो गोल करने में मदद की। इंटर मियामी के लिए फाकुंडो फारियास, जोर्डी अल्बा और लियोनार्डो कैम्पाना ने गोल किये। इंटर मियामी को पिछले 11 मैचों (सभी प्रतियोगिताओं) में हार का सामना नहीं करना पड़ा है। लास एंजिलिस के लिए रेयान होलिंगशेड ने एकमात्र गोल दागा।

# नेपाल को रौंदकर सुपर-4 में पहुंचा भारत

### सुपर-4 में पाकिस्तान से 10 सितम्बर को दोबारा टक्कर

पाल्लेकेले, 4 सितंबर। कप्तान रोहित शर्मा (74 नाबाद) और शुभमन गिल (67 नाबाद) के आक्रामक अर्द्धशतकों की बदौलत भारत ने एशिया कप 2023 के वर्षाबाधित ग्रुप-ए मुकाबले में सोमवार को नेपाल को 10 विकेट से रौंदकर सुपर-चार चरण में प्रवेश कर लिया।

नेपाल ने भारत के सामने 50 ओवर में 231 रन का लक्ष्य रखा, जिसे बारिश के कारण घटाकर 23 ओवर में 145 रन कर दिया गया। बारिश हालांकि भारत की उम्मीदों पर पानी नहीं फेर सकी और रोहित-गिल की जोड़ी ने 20.1 ओवर में यह लक्ष्य हासिल कर लिया।

इस जीत के साथ भारतीय टीम सुपर-चार में पहुंच गयी, जहां उसका मुकाबला 10 सितंबर को एक बार फिर चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से होगा। क्वालीफिकेशन टूर्नामेंट जीतकर एशिया कप में पहुंचे नेपाल ने भारत के खिलाफ ऑलआउट होने से पहले सराहनीय प्रदर्शन करते हुए 48.2 ओवर खेले। सलामी बल्लेबाज आसिफ शेख (58) के अर्द्धशतक और आठवें नंबर के बल्लेबाज सोमपाल कामी (48) की महत्वपूर्ण पारी ने नेपाल को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचा दिया था, लेकिन रोहित-गिल की जोड़ी ने विपक्षी टीम के गेंदबाजों को कभी भी हावी होने का मौका नहीं दिया।

रोहित ने जहां पहला ओवर मेडेन खेला, वहीं गिल ने दूसरे ओवर में तीन चौके जड़कर अपने इरादे साफ कर दिये। रोहित ने भी तीसरे ओवर की शुरुआत चौका लगाकर की लेकिन बारिश ने फौरन ही मैदान पर दस्तक दे दी। करीब दो घंटे तक मैच रुका रहने के कारण भारत को नेपाल से अंक बांटने पड़ सकते थे लेकिन निर्धारित समय समाप्त होने से कुछ देर पहले ही अंपायरों ने मुकाबला पुन: शुरू करने का फैसला लिया।

रोहित ने मैदान पर लौटने के बाद आक्रामकता दिखाने में कोई कमी नहीं की। उन्होंने सातवें ओवर में संदीप लमिछाने को एक चौका और एक छक्का लगाया, जबकि अगले ओवर में दो रन लेकर भारत का पचासा पूरा किया। कप्तान रोहित ने मुख्यत: स्पिनरों को निशाना बनाते हुए 40 गेंद में अपना अर्द्धशतक पूरा किया। दूसरे छोर पर खड़े गिल 47 गेंद में अपने अर्द्धशतक तक पहुंचे। नेपाल के पास इन दोनों की आक्रामकता का कोई जवाब नहीं था और गिल ने 21वें ओवर की पहली गेंद पर चौका लगाकर भारत की जीत पर मुहर लगायी। रोहित 59 गेंद पर छह चौकों और पांच छक्कों के साथ 74 रन बनाकर नाबाद रहे, जबकि गिल 62 गेंद पर आठ चौकों और एक छक्के की मदद से 67 रन बनाकर अविजित रहे।

इससे पूर्व, भारत ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया लेकिन 25 गेंद के अंदर तीन कैच छोड़ना उसके लिये भारी पड़ा। कुशल भुर्तेल (दो) और आसिफ को जीवनदान मिलने के बाद दोनों सलामी बल्लेबाजों ने पहले विकेट के लिये 65 रन की साझेदारी कर डाली। एक समय पर नेपाल की रनगति छह से ऊपर की थी लेकिन शार्दुल ठाकुर ने आतिशी बल्लेबाजी कर रहे भुर्तेल (25 गेंद, 38 रन) को आउट कर पारी पर लगाम कसी। रवींद्र जडेजा ने भीम शर्की, रोहित पौडेल और कुशाल मल्ला को छोटे स्कोरों पर आउट कर भारत को राहत पहुंचाई, जबकि आसिफ 97 गेंद पर आठ चौकों की सहायता से 58 रन बनाकर पवेलियन लौटे। सिराज ने अपने अगले ओवर में गुलशन झा (35 गेंद, 23 रन) को भी आउट किया।

# भारत ने एशियाई चैम्पियनशिप में कांस्य पक्का किया

प्योंगचांग (दक्षिण कोरिया), 4 सितंबर। भारतीय पुरुष टेबल टेनिस टीम ने एशियाई चैंपियनशइप के क्वार्टरफाइनल में सोमवार को सिंगापुर को 3-0 से मात देकर अपने लिये कांस्य पदक सुनिश्चित कर लिया। शरत कमल, सत्यन ज्ञानशेखरन और हरमीत देसाई ने अपने-अपने एकल मुकाबले जीतकर भारत को सेमीफाइनल में पहुंचाया। अनुभवी शरत और इजाक क्यूक के बीच शुरुआती एकल मैच में कड़ी टक्कर हुई, जिसमें भारतीय खिलाड़ी ने अंतत: 11-1, 10-12, 11-8, 11-13, 14-12 से जीत हासिल की। सत्यन ने यू एन कोएन पांग पर 11-6, 11-8, 12-10 की आसान जीत के साथ भारत को 2-0 की बढ़त दिलाई।

भारत के सर्वोच्च रैंकिंग वाले 61वें खिलाड़ी हरमीत देसाई ने झे यू क्लेरेंस च्यू को 11-9, 11-4, 11-6 से हराकर मुकाबला अपने नाम किया। सेमीफाइनल में भारत का सामना बुधवार को चीनी ताइपे से होगा। इस बीच, महिलाओं के क्वार्टरफाइनल में पांचवीं वरीयता प्राप्त भारतीय टीम को जापान के खिलाफ 0-3 से हार का सामना करना पड़ा।

दुनिया की आठवें नंबर की खिलाड़ी मीमा इतो ने शुरुआती एकल में अयहिका मुखर्जी को 11-7, 15-13, 11-8 से हराया। दुनिया की 36वें नंबर की खिलाड़ी मनिका बत्रा ने सातवीं रैंकिंग वाली हिना हयाता के खिलाफ एक गेम जीता लेकिन वह भी 7-11, 9-11, 11-9, 3-11 से हार गयीं। पहले गेम में अच्छा प्रदर्शन करने के बाद सुतीर्था मुखर्जी को मियू हिरानो के खिलाफ 7-11, 11-4, 11-6, 11-5 से हार का सामना करना पड़ा।

भारतीय महिला टीम अब मंगलवार को 5-8 स्थान के लिये क्लासिफिकेशन मैच खेलेगी। एशियाई टेबल टेनिस चैंपियनशिप का आयोजन तीन से 10 सितंबर के बीच हो रहा है। इसके बाद खिलाड़ी हांग्झोउ में 23 सितंबर से होने वाले एशियाई खेलों का रुख करेंगे।

# अफगानिस्तान और सुपर-4 के बीच श्रीलंका बना दीवार

लाहौर, 4 सितंबर। अफगानिस्तान को अगर एशिया कप 2023 के सुपर-चार में पहुंचना है तो उसे अपने दूसरे और आखिरी ग्रुप-बी मुकाबले में मंगलवार को श्रीलंका पर बड़ी जीत दर्ज करनी होगी। श्रीलंका अपने पहले मुकाबले में बंगलादेश को पांच विकेट से हराने के बाद ग्रुप-बी की तालिका में शीर्ष पर है, जबकि बंगलादेश ने भी अफगानिस्तान पर 89 रन की जीत के साथ दो अंक अर्जित कर लिये हैं। टूर्नामेंट के इस प्रारूप में एक जीत या हार किसी भी टीम का भविष्य तय करने के लिये काफी होती है इसलिये अफगान टीम कल श्रीलंका के विरुद्ध अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए सुपर-चार में पहुंचने का भरपूर प्रयास करेगी।

अफगानिस्तान के लिये ऐसा करना आसान नहीं होगा क्योंकि श्रीलंका भी मज़बूत टीम है और फॉर्म में है। अपने अनुभवी तेज़ गेंदबाज़ों की अनुपस्थिति के बावजूद श्रीलंका ने पाल्लेकेले स्टेडियम में बंगलादेश को मात्र 164 रन पर ऑलआउट कर दिया था। अफगानिस्तान अगर श्रीलंका के विरुद्ध बड़ा स्कोर बनाना चाहती है तो उसे युवा तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना और ऑफ-स्पिनर महीश तीक्षणा की घातक गेंदबाजी का तोड़ निकालना होगा। हाल ही में जून में इन दोनों टीमों का आमना-सामना हुआ था। उस समय भले ही अफगानिस्तान ने शुरुआती एकदिवसीय मैच जीता था, लेकिन श्रीलंका ने मजबूत वापसी करते हुए अगले दो मुकाबलों में अपने विरोधियों को हराकर शृंखला 2-1 से जीत ली थी। तीसरे वनडे में खासकर श्रीलंका ने अपने गेंदबाजों के दम पर नौ विकेट से जीत दर्ज की थी और अफगान टीम मंगलवार को मैदान पर उतरते हुए इस बात का विशेष ध्यान रखेगी।

एशिया कप के सह-मेज़बान श्रीलंका में भले ही भारी बारिश हो रही है, लेकिन लाहौर का मौसम बिल्कुल शुष्क है और मैच के दिन भी इसी की उम्मीद है। गद्दाफी स्टेडियम पर तेज़ गेंदबाज़ों को मदद मिलने की उम्मीद है लेकिन अगर अफगानिस्तान अपनी थोड़ी भी उम्मीदें बरकरार रखना चाहता है तो गुलबदीन नाइब और फजलहक फारूकी को अपनी गेंदबाजी में अनुशासन लाना होगा।

**अफगानिस्तान संभावित एकादश :** रहमानुल्लाह गुरबाज़ (विकेटकीपर), इब्राहिम जादरान, रहमत शाह, हशमतुल्लाह शाहिदी (कप्तान), नजीबुल्लाह जादरान, मोहम्मद नबी, गुलबदीन नाइब, करीम जन्नत, राशिद खान, फजलहक फारूकी, मुजीब उर रहमान।

**श्रीलंका संभावित एकादश :** पथुम निसांका, डिमुथ करुणारत्ने, कुसल मेंडिस (विकेटकीपर), सदीरा समरविक्रमा, चरित असलंका, धनंजय डी सिल्वा, दसुन शनाका (कप्तान), डुनिथ वेलालगे, महीश तीक्षणा, कसुन रजिता, मथीशा पथिराना।

# एशिया कप : कोलंबो की मेजबानी पर फिर सकता है पानी

कोलंबो, 4 सितंबर। एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) भारी बारिश के कारण एशिया कप 2023 के सुपर-चार मुकाबलों को कोलंबो से बाहर स्थानांतरित करने पर विचार कर रहा है। ईएसपीएन क्रिकइन्फो की ओर से रविवार को प्रकाशित एक खबर के अनुसार, श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अधिकारी श्रीलंका में ऐसे वैकल्पिक स्थानों पर विचार कर रहे हैं जहां कोलंबो की तुलना में अपेक्षाकृत शुष्क मौसम का अनुमान है।

श्रीलंका में फिलहाल बरसात का मौसम नहीं है, लेकिन कोलंबो में पिछले कुछ दिनों में भारी बारिश होने से शहर के उत्तरी इलाकों के कुछ हिस्सों में बाढ़ आ गयी है। कोलंबो में सितंबर अक्सर बारिश वाला महीना नहीं होता है क्योंकि उत्तर-पूर्वी मानसून आम तौर पर अक्टूबर में शुरू होता है। सुपर-चार चरण के पांच मैचों और फाइनल की मेज़बानी के लिये चुने गये खेतारामा स्टेडियम ने 2015 के बाद से सितंबर के महीने में पांच पुरुष टी20 अंतरराष्ट्रीय और चार पुरुष एकदिवसीय मैचों का आयोजन किया है। वे सभी मैच पूरे हुए और सिर्फ दो में बारिश ने बाधा डाली।

रिपोर्ट में बताया गया कि अगर मैच कोलंबो से बाहर स्थानांतरित होते हैं तो वैकल्पिक स्थल चुनना भी आयोजकों के लिये सिरदर्द का कारण होगा। एक विकल्प के रूप में दांबुला पर विचार किया गया, लेकिन एसएलसी अधिकारियों के अनुसार स्टेडियम की फ्लडलाइट पर काम चल रहा है। दांबुला श्रीलंका के "शुष्क क्षेत्र" में स्थित है और इस कारण साल के इस समय में कैंडी और कोलंबो दोनों की तुलना में वहां काफी कम वर्षा होती है।

श्रीलंका के सूखे और गीले क्षेत्रों की सीमा पर स्थित हंबनटोटा आयोजन के लिये एक और विकल्प हो सकता है लेकिन वह स्टेडियम अनिवार्य रूप से जंगल के किनारे पर स्थित है और आस-पास कोई आवास विकल्प नहीं है। अगर मैच वहां ले जाये गये तो आवागमन एसएलसी के लिये बड़ी परेशानी होगी।

रिपोर्ट के अनुसार, एशिया कप का प्रसारक डिज्नी प्लस हॉटस्टार शेष मैचों को दो अलग-अलग स्थानों पर विभाजित करने के पक्ष में नहीं हैं क्योंकि इसमें या तो सड़क मार्ग से उपकरणों को ले जाना होगा, या श्रीलंका में दो अलग-अलग स्थानों पर प्रसारण बुनियादी ढांचा कायम करना होगा।

उल्लेखनीय है कि एशिया कप की मेज़बानी मूल रूप से पाकिस्तान को मिली थी, लेकिन भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने 'सुरक्षा कारणों' का हवाला देते हुए पड़ोसी देश जाने से मना कर दिया, जिसके बाद टूर्नामेंट के अधिकतर मैच श्रीलंका में स्थानांतरित किये गये थे।

# चांगवन के 'उल्लंघन' के बाद, एनआरआई ने जूनियर निशानेबाजों के चयन में देरी की

नयी दिल्ली, 4 सितंबर। जूनियर विश्व कप के दौरान चांगवन में भारतीय निशानेबाजी टीम की 'अनुशासनात्मक उल्लंघन' के कारण आगामी एशियाई चैंपियनशिप के लिए टीम के चयन में देरी हो रही है।

भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ जूनियर खिलाडियों के चयन से पहले अपनी अनुशासनात्मक समिति से मंजूरी का इंतजार कर रहा है। महासंघ के सचिव राजीव भाटिया ने बताया, " एनआरएआई के अध्यक्ष कलिकेश सिंहदेव की अध्यक्षता वाली समिति अगले कुछ दिनों में अपनी रिपोर्ट सौंपेगी और उसके बाद ही टीम की घोषणा की जाएगी।"

एनआरएआई आमतौर पर प्रमुख अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए सीनियर टीम के साथ जूनियर दल की भी घोषणा करता है। उसने हालांकि शनिवार को केवल सीनियर टीम की घोषणा की, जिसके बाद जूनियर वर्ग के कई निशानेबाज चिंतित हो गए।

भारतीय जूनियर निशानेबाजों ने जुलाई में चांगवन में आईएसएसएफ जूनियर विश्व चैंपियनशिप से 17 पदक (छह स्वर्ण, छह रजत और पांच कांस्य) हासिल किये थे। टीम ने हालांकि इस दौरान अपने होटल में कई बार 'आचार संहिता का उल्लंघन' किया। एक सूत्र बताया कि होटल ने 'उल्लंघनों' का वीडियो फुटेज भी भेजा था और एनआरएआई को भी लिखा था कि वे एशियाई चैंपियनशिप के दौरान भारतीय दल के लिए बुकिंग नहीं करेंगे।

भाटिया ने कहा, "कलिकेश सिंहदेव की अध्यक्षता वाली अनुशासनात्मक समिति इस मामले को देख रही है और एक बार रिपोर्ट आने के बाद ही दल की घोषणा की जाएगी। इसमें कोई संदेह नहीं है कि भारत प्रतियोगिता के लिए अपने जूनियर निशानेबाजों को भेजेगा, लेकिन दल की घोषणा में देरी होगी।" इस प्रतियोगिता का आयोजन 22 अक्टूबर से दो नवंबर तक होगा।

### भारतीय पुरूष टेबल टेनिस टीम का एशियाई चैम्पियनशिप में पदक पक्का

प्योंगयांग (दक्षिण कोरिया), 4 सितंबर। भारतीय पुरूष टेबल टेनिस टीम ने एशियाई चैम्पियनशिप के क्वार्टर फाइनल में सिंगापुर को 3.0 से हराकर कम से कम कांस्य पदक पक्का कर लिया। अनुभवी शरत कमल और इजाक क्वेक के बीच पहला एकल रोमांचक रहा जिसमें शरत ने 11.1, 10.12, 11. 8, 11.13, 14.12 से जीत दर्ज की। जी साथियान ने इसके बाद यू एन कियोन पांग को 11.6, 11.8, 12.10 से हराकर भारत को 2.0 की बढत दिलाई। भारत के सर्वोच्च 61वीं रैंकिंग वाले खिलाड़ी हरमीत देसाई ने झे यू क्लारेंस च्यू को 11.9, 11.4, 11.6 से हराया। तीसरी वरीयता प्राप्त भारत का सामना अब ईरान या चीनी ताइपै से होगा। पुरूष टीम ने दो साल पहले दोहा में कांस्य पदक जीता था। लंबे समय बाद शरत और साथियान ने एकल रैंकिंग में शीर्ष सौ में जगह बनाई है। उनका लक्ष्य इसमें और सुधार करने का होगा। महिला क्वार्टर फाइनल में पांचवीं वरीयता प्राप्त भारत को जापान ने 3.0 से हराया। दुनिया की आठवें नंबर की खिलाड़ी मिमा इतो ने अहिका मुखर्जी को पहले एकल में 11.7, 15.13, 11.8 से हराया। वहीं दुनिया की 36वें नंबर की खिलाडी मनिका बत्रा को हिना हयाता के हाथों 7.11, 9.11, 11.9, 3.11 से पराजय झेलनी पडी। सुतीर्था मुखर्जी को 14वीं रैंकिंग वाली मियू हिरानो न 7.11, 11.4, 11.6, 11.5 से मात दी। अब भारतीय टीम पांचवें से आठवें स्थान का क्लासीफिकेशन मुकाबला खेलेगी।

# अमलान को एशियाई खेलों की भारतीय टीम में शामिल किया जायेगा : एएफआई प्रमुख

नयी दिल्ली, 4 सितंबर। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ के अध्यक्ष आदिल सुमरिवाला ने सोमवार को कहा कि खेल मंत्रालय द्वारा जारी प्रतिभागियों की प्रारंभिक सूची से बाहर होने के बाद भारत के शीर्ष धावक अमलान बोरगोहेन को एशियाई खेलों के लिए भारतीय टीम में शामिल किया जाएगा।

खेल मंत्रालय द्वारा कुछ दिन पहले जारी एशियाई खेलों के लिए 65 सदस्यीय एथलेटिक्स टीम से बोरगोहेन का नाम शामिल नहीं था। सुमरिवाला ने कहा कि ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि असम का एथलीट हांगझोउ खेलों के लिए एएफआई द्वारा निर्धारित क्वालीफाइंग समय को हासिल नहीं कर सका था।

बोरगोहेन ने इस साल जून में भुवनेश्वर में राष्ट्रीय अंतरराज्यीय चैम्पियनशिप में 200 मीटर में स्वर्ण पदक जीता था। उन्होने इसके लिए 20.71 सेकेंड का समय लिया था। एएफआई ने एशियाई खेलों के क्वालीफिकेशन समय 20.61 सेकेंड तय किया था। सुमरिवाला ने 'कहा, " हां, वह (बोरगोहेन) टीम में हैं। उनका नाम नयी सूची में होगा।" पच्चीस साल के बोरगोहेन के नाम पुरुषों की 200 मीटर दौड़ में 20.52 सेकंड का राष्ट्रीय रिकॉर्ड है। वह 10.25 सेकंड के समय के साथ 100 मीटर के राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक भी हैं। खेल मंत्रालय द्वारा जारी सूची में एशियाई खेलों के लिए भारतीय दल में 634 खिलाडी शामिल है। जिसमें सबसे

# एशियाई खेलों से पहले भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों की नजरें चीन ओपन पर

चांग्झू (चीन), 4 सितंबर। विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने के बाद एचएस प्रणय मंगलवार से यहां से शुरू हो रहे चीन ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट में लक्ष्य सेन के साथ भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे। इस महीने शुरू होने वाले एशियाई खेलों से पहले भारतीय खिलाड़ी इस प्रतियोगिता से जरिए लय हासिल करने की कोशिश करेंगे। स्टार खिलाड़ी पीवी सिंधू ने एशियाई खेलों पर ध्यान लगाने के लिए अंतिम लम्हों में टूर्नामेंट से हटने का फैसला किया जिससे महिला एकल में कोई भारतीय खिलाड़ी नहीं दिखेगी।

पिछले एशियाई खेलों में रजत पदक जीतने वाली सिंधू को पहले दौर में कोरिया की किम गा युन से भिड़ना था। केरल के प्रणय ने पिछले महीने विश्व चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन किया और इस प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतने के दौरान दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी और ओलंपिक चैंपियन विक्टर एक्सेलसन को भी हराया।

विश्व चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन की बदौलत करियर की सर्वश्रेष्ठ छठी विश्व रैंकिंग हासिल करने वाले प्रणय अपने अभियान की शुरुआत मलेशिया के एनजी जी योंग के खिलाफ करेंगे। प्रणय को प्री क्वार्टर फाइनल में दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी थाईलैंड के कुनलावुत वितिदसार्न से भिड़ना पड़ सकता है। यह भारतीय खिलाड़ी अब तक हुए दो मुकाबलों में इस तीसरे वरीय खिलाड़ी को नहीं हरा पाया है।

क्वार्टर फाइनल में पहुंचने पर प्रणय को दुनिया के नौवें नंबर के खिलाड़ी इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी के खिलाफ खेलना पड़ सकता है जबकि इस मुकाबले को जीतने पर वह एक बार फिर शीर्ष वरीय एक्सेलसन से भिड़ सकते हैं।

राष्ट्रमंडल खेलों के चैंपियन और विश्व चैंपियनशिप के पूर्व कांस्य पदक विजेता लक्ष्य सेन को पहले ही दौर में डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसन की कड़ी चुनौती का सामना करना है। उन्हें प्री क्वार्टर फाइनल में सिंगापुर में सातवें वरीय लोह कीन यूव और क्वार्टर फाइनल में एक्सेलसन के खिलाफ खेलना पड़ सकता है।

पुरुष एकल में ही प्रियांशु राजावत पहले दौर में इंडोनेशिया के शेसार हिरेन रुस्ताविता के खिलाफ उतरेंगे। पुरुष युगल में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी विश्व चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल से बाहर होने की निराशा को दूर करने के इरादे से उतरेंगे।

यह दूसरी वरीय भारतीय जोड़ी अपने अभियान की शुरुआत इंडोनेशिया के मोहम्मद शोहीबुल फिकरी और बगास मौलाना की जोड़ी के खिलाफ करेगी। एमआर अर्जुन और ध्रुव कपिला केइचिरो मात्सुई और योशिनोरी तोकेयुची के खिलाफ अभियान की शुरुआत करेंगे। त्रीशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की महिला युगल जोड़ी को पहले ही दौर में चेन किंग चेन और जिया यी फेन की चीन की शीर्ष वरीय जोड़ी के खिलाफ उतरना है। विश्व चैंपियनशिप में त्रीशा और गायत्री को चीन की इसी जोड़ी ने हराया था।

### गंभीर ने दर्शकों को उंगली दिखाने पर कहा, यह प्रतिक्रिया भारत विरोधी नारों पर थी

पालेकल (श्रीलंका) 4 सितंबर। भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर ने यहां एशिया कप के दौरान दर्शकों को उंगली दिखाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने पर सोमवार को कहा कि यह दर्शकों के एक वर्ग के 'भारत विरोधी नारे' का जवाब था। सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो में गंभीर दर्शकों के वर्ग को अपनी बीच की उंगली दिखा रहे है। माना जा रहा है कि यह वीडियो एशिया कप के दौरान भारत बनाम पाकिस्तान मैच का है।

गंभीर ने सोमवार को यहां मीडियाकर्मियों से कहा, जब आप मैच देखने आए तो राजनीतिक नारेबाजी न करें। आप अगर भारत विरोधी नारे या कश्मीर के बारे में कुछ कहेंगे तो आप मुझसे चुप रहने की उम्मीद नहीं कर सकते। सोशल मीडिया आपको कभी पूरी तस्वीर नहीं दिखाता है।" गंभीर ने कहा, " सोशल मीडिया पर जो दिखाया जाता है वह सही नहीं होता। लोग सोशल मीडिया पर वही दिखाते हैं जो वह चाहते है। वहां पर भारत विरोधी नारे लग रहे थे।

# बीसीसीआई अधिकारी पाकिस्तान में : शुक्ला ने कहा राजनीति से न जोड़ें, पीसीबी को संबंध सुधरने की उम्मीद

अमृतसर/लाहौर, 4 सितंबर। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के दो वरिष्ठ पदाधिकारी (अध्यक्ष रोजर बिन्नी और उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला) 17 साल में पहली बार सोमवार को पाकिस्तान के दौरे पर गये। एशिया कप देखने के लिए पीसीबी (पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड) के निमंत्रण का सम्मान करते हुए भारतीय टीम के पूर्व खिलाड़ी बिन्नी और कांग्रेस नेता शुक्ला सोमवार को अटारी-वाघा पार करने के बाद लाहौर पहुंचे। अनुभवी राजनीतिज्ञ शुक्ला ने जहां लोगों से क्रिकेट को राजनीति से नहीं जोड़ने का आग्रह किया वहीं बीसीसीआई अधिकारियों के आगमन से खुश पीसीबी के अध्यक्ष जका अशरफ ने उम्मीद जताई कि भारतीय बोर्ड द्वारा निमंत्रण स्वीकार किए जाने के बाद दोनों क्रिकेट बोर्ड के संबंधों में सुधार होगा। वह पीसीबी प्रबंध समिति के प्रमुख अशरफ थे जिन्होंने वाघा बॉर्डर पर बीसीसीआई अधिकारियों का स्वागत किया और फिर उन्हें लाहौर में गद्दाफी स्टेडियम ले गए। बीसीसीआई के दोनों अधिकारी मंगलवार और बुधवार को एशिया कप सुपर चार के मैचों को देखेंगे। भारतीय टीम ने पिछली बार 2008 में एशिया कप के लिए पाकिस्तान की यात्रा की थी। पाकिस्तान ने आखिरी बार 2006 में द्विपक्षीय श्रृंखला के लिए भारत की मेजबानी की थी। बीसीसीआई ने एशिया कप के लिए अपनी टीम पाकिस्तान भेजने से इनकार कर दिया था, जिसके कारण इसका आयोजन 'हाइब्रिड मॉडल' में दो देशों (पाकिस्तान और श्रीलंका) में हो रहा है। बीसीसीआई ने पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के गवर्नर द्वारा आयोजित रात्रिभोज में बिन्नी और शुक्ला की भागीदारी को मंजूरी दे दी। शुक्ला ने यहां मीडियाकर्मियों से कहा, " पाकिस्तान एशिया कप का मेजबान है। इस प्रतिनिधिमंडल का दौरा पूरी तरह से क्रिकेट से जुड़ा है और इसमें कोई राजनीति शामिल नहीं है। यह दो दिवसीय यात्रा है और पंजाब (पाकिस्तान) के गवर्नर रात्रिभोज के लिए हमारी मेजबानी कर रहे हैं। इस मौके पर वहां बांग्लादेश, अफगानिस्तान और पाकिस्तान तीनों टीमें मौजूद रहेंगी। हमें क्रिकेट को राजनीति के साथ नहीं जोड़ना चाहिए।" पिछले दो दशक से बीसीसीआई से जुड़े शुक्ला 2004 में ऐतिहासिक 'फ्रेंडशिप सीरीज' के लिए बीसीसीआई प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा थे। द्विपक्षीय क्रिकेट प्रतियोगिताओं को फिर से शुरू करने की संभावनाओं के बारे में पूछे जाने पर इस राज्यसभा सांसद ने कहा, "द्विपक्षीय श्रृंखला के संबंध में निर्णय भारत सरकार द्वारा लिया जाता है और सरकार जो भी सुझाव देगी हम उसका पालन करेंगे।" पीसीबी प्रमुख अशरफ ने तुरंत ही संवाददाता सम्मेलन का आयोजन किया जिसमें बिन्नी और शुक्ला भी उनके साथ बैठे थे। अशरफ ने कहा," मैं हमारा आमंत्रण स्वीकार करने के लिए बिन्नी और शुक्ला का तहेदिल से आभार व्यक्त करता हूं। हमने उन्हें आमंत्रित किया और उन्होंने उसे स्वीकार किया। अगर वे हमें अपने देश में आमंत्रित करेंगे तो हम भी उसे गर्मजोशी के साथ स्वीकार करेंगे। इंशाल्लाह हम एक साथ मिलकर आगे बढ़ेंगे।" बिन्नी ने इस दौरान अपनी पिछली पाकिस्तान यात्रा को याद किया। वह एशियाई क्रिकेट परिषद के सदस्य के तौर पर 16 साल पहले इस देश में आये थे। बिन्नी ने कहा, "पाकिस्तान की मेरी आखिरी यात्रा 2006 में हुई थी जब मैं एशियाई क्रिकेट परिषद का हिस्सा था। पाकिस्तान का आतिथ्य बहुत अच्छा रहता है। हमारे साथ बहुत अच्छा व्यवहार किया गया।"




*देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राजस्थान में रामदेवरा से भाजपा की तीसरी परिवर्तन संकल्प यात्रा को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर आयोजित जनसभा में उन्होंने कांग्रेस, राहुल गाँधी और राजस्थान सरकार को आड़े हाथों लिया। जनसभा में, राज्य की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत एवं प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सी.पी. जोशी सहित भाजपा के अनेक नेता उपस्थित थे।*

# '20 साल से राहुल यान की ना लॉन्चिंग हो पाई ना लैंडिंग'

## राजनाथ सिंह ने रामदेवरा में आयोजित जनसभा में यह भी कहा कि, ट्रांसपरैंसी इंटरनैशनल की रिपोर्ट में राजस्थान भ्रष्टाचार में नम्बर वन है

- **कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, अर्जुन राम मेघवाल, प्रदेश अध्यक्ष सी.पी. जोशी व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ भी मौजूद थे।**
- **केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रामदेवरा में भाजपा की तीसरी परिवर्तन यात्रा को हरी झंडी दिखाई और जनसभा को संबोधित किया।**

पोकरण/रामदेवरा, 4 सितम्बर (निसं)। जैसलमेर जिले के रामदेवरा में सोमवार को भाजपा की तीसरी परिवर्तन संकल्प यात्रा का आगाज़ हुआ। इस अवसर पर आयोजित आम सभा में भारत सरकार के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि, भारत के चंद्रयान की लॉन्चिंग और लैंडिंग तो सफलतापूर्वक हो गई, लेकिन राहुल यान की 20 साल से न तो लॉन्चिंग हुई ना ही लैंडिंग हो पाई। राजस्थान के बारे में उन्होंने कहा कि, ट्रांसपरैंसी इंटरनेशनल की रिपोर्ट के अनुसार राजस्थान भ्रष्टाचार के मामले में नंबर एक पर है।

उन्होंने कहा, राजस्थान में अशोक गहलोत के कार्यकाल में पेपर लीक होने से युवाओं का भविष्य अंधेरे में है। मु.मंत्री गहलोत जिस गाडी की ड्राइविंग सीट पर बैठे हैं उसका क्लच और एक्सेलेरेटर कोई और दबा रहा है। राजस्थान अपराध की दृष्टि में सबसे अग्रणी श्रेणी में आ रहा है।

राजनाथ सिंह ने तीसरी परिवर्तन संकल्प यात्रा को हरी झंडी दिखाने से पहले सभा को संबोधित करते हुए बताया कि, यह यात्रा जोधपुर संभाग में 20 दिन में 51 विधानसभा क्षेत्रों में जाएगी। उन्होंने कहा, नरेंद्र मोदी को हटाने के लिए 28 दल एक साथ गठबंधन कर सनातन धर्म को चोट पहुंचा रहे हैं। कांग्रेस चुप है, राहुल प्रियंका सहित कांग्रेस के बड़े नेता कुछ नहीं बोल रहे हैं। सनातन धर्म का कोई अंत नहीं है।

राजनाथ सिंह ने कहा कि, भारत अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में 2027 तक टॉप 3 में होगा, 2014 में हमारी अर्थव्यवस्था दसवें स्थान पर थी। अब 9 साल बाद भारत पांचवें स्थान पर आ गया है।

पोकरण के बारे में बोलते हुए रक्षा मंत्री ने कहा, परमाणु नगरी में पांच-पांच परमाणु परीक्षण किए गए हैं। यह भूमि गौरव बढ़ाने वाली है। उन्होंने कहा, भारत चांद पर तो पहुंच गया, अब 15 लाख किलोमीटर की दूरी तय कर हम आदित्य से सूर्य की तरफ जा रहे हैं। हॉलीवुड फिल्मों से भी कम बजट में यह काम हमारे वैज्ञानिकों ने कर दिखाया है। भारत अब कमजोर नहीं बल्कि ताकतवर देशों में है।

राजनाथ सिंह ने राजस्थान की सरकार को आड़े हाथों लिया और कहा, राजस्थान में अपराधिक घटनाओं में बढ़ोतरी हुई है। राजस्थान जैसे हालात कहीं नहीं हैं। दुष्कर्म व छोटी बच्चियों के साथ बलात्कार किए गए हैं। जोधपुर में पूरे परिवार की हत्या हुई और उदयपुर में जो हुआ वह भी सभी को याद है। यह यात्रा परिवर्तन का शंखनाद है। कांग्रेस और भाजपा के शासन का लोग खुद आकलन कर रहे हैं।

आम सभा को संबोधित करते हुए, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने कहा कि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमारे देश की ख्याति पूरे विश्व में जमाई है, देश में गरीबी कम की है, लोगों के जीवन में खुशहाली आई है।

राम मंदिर निर्माण करने का काम मोदी सरकार ने किया है। राजस्थान में 2018 में कांग्रेस ने झांसा देखकर सरकार बनाई, उंगलियों पर गिनकर 10 दिन में कर्ज माफ करने की बात कही, लेकिन किया नहीं। राज्य में कानून व्यवस्था चरमराई हुई है।

इस अवसर पर भारत सरकार में कैबिनेट मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने अपने उदबोधन में कहा कि, कांग्रेस पार्टी भगवान राम के अस्तित्व को नकारती है।

कभी रामसेतु के अस्तित्व को नकारती है, कभी राम मंदिर निर्माण में बाधा उत्पन्न करती है। उन्होंने कहा, भारत तेरे टुकड़े होंगे, यह नारा लगाने वाले कन्हैया कुमार को स्टार प्रचारक बनाया।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सी.पी. जोशी ने अपने उदबोधन में कहा कि, राजस्थान सरकार ने "लूट सके, तो लूट ले" वाली कहावत पर चलकर भ्रष्टाचार का तांडव मचाया हुआ है। युवाओं के सपने रोकने का काम करते हुए किसानों का कर्ज माफ नहीं किया गया है।

राजस्थान विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता राजेंद्र सिंह राठौड़ ने भी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि, यह क्षेत्र वतन परस्तों की ज़मीन है, यहाँ एक परिवार का कब्जा है। सालेह मोहम्मद मंत्री हैं, एक भाई प्रधान, एक प्रमुख है। इस अवसर पर, केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि, कांग्रेस भ्रम फैलाती है कि भाजपा आएगी तो आरक्षण समाप्त कर देगी। भाजपा ने कभी आरक्षण समाप्त करने की बात नहीं कही है।

भाजपा के वरिष्ठ नेता महंत प्रतापपुरी ने कहा कि, देश अग्रणी पथ पर आगे बढ़ रहा है। क्षेत्र का चौमुखी विकास करने के लिए आगामी 2023 व 2024 चुनाव में न झुकेंगे, न दबेंगे, न प्रलोभन में आएंगे, क्षेत्र की जनता समझ चुकी है।

कार्यक्रम के दौरान कैबिनेट मंत्री कैलाश चौधरी, भाजपा युवा नेता आईदान सिंह भाटी, प्रियंका मेघवाल, मदन सिंह राजमथाई, अनंत राम बिश्नोई, छोटू सिंह भाटी, जितेंद्र सिंह भाटी सहित कई नेताओं ने अपने विचार रखे।

# केन्द्रीय पर्यवेक्षक की मौजूदगी में कांग्रेस कार्यकर्ताओं में मारपीट

- **आदर्श नगर ब्लॉक में केन्द्रीय पर्यवेक्षक आराधना मिश्रा के सामने विधायक रफीक खान व एक अन्य दावेदार इलियास कुरैशी के समर्थक आपस में लड़ पड़े।**
- **टिकट के अन्य दावेदारों ने मंच पर विधायक रफीक खान की फोटो लगाने पर आपत्ति की और कहा कि, संगठन की बैठक में विधायक की फोटो क्यों, बस इसी मुद्दे पर बहस शुरू हुई जो मारपीट में बदल गई।**

जयपुर, 4 सितम्बर (का.प्र.)। राजस्थान में कांग्रेस के टिकट वितरण से पहले ही कई जिलों से जूतम पैजार की खबरें आ रही थीं। अब जयपुर में एक विधानसभा क्षेत्र में हुई बैठक में पर्यवेक्षक के सामने ही दो गुटों में खूनी संघर्ष हो गया जिसमें एक दावेदार को दो बार पीटा गया और दो बार थाने में एफ.आई.आर. लिखवानी पड़ी।

जयपुर की पर्यवेक्षक आराधना मिश्रा सोमवार को राजधानी जयपुर के आदर्श नगर ब्लॉक की बैठक लेने आई थीं।

इस दौरान विधायक रफीक खान के समर्थकों और अन्य दावेदारों के बीच जबरदस्त हंगामा हो गया। दावेदार इलियास कुरैशी ने कहा कि, जब संगठन की बैठक हो रही है तो मंच पर विधायक का फोटो क्यों लगा है। वहीं, उन्होंने मांग उठाई कि कुरैशी समाज को कांग्रेस कुछ नहीं देती है, इसलिए इस बार कुरैशी समाज को टिकट दिया जाए। अन्य दावेदारों ने भी विधायक रफीक खान का विरोध किया। विवाद इतना बढ़ गया कि यह हंगामा और मारपीट शुरु हो गई। इसमें कई लोगों को चोटें भी आईं। इस दौरान रफीक खान समर्थकों ने एक दावेदार, एडवोकेट अफजल के साथ मारपीट की जिससे उसका दांत टूट गया और इसके बाद एडवोकेट अफजल ने पुलिस में एफ.आई.आर. दर्ज करवाई। इतना ही नहीं, एफ.आई.आर. दर्ज करवाकर मेडिकल होने के बाद अफजल जिला कांग्रेस अध्यक्ष, आर.आर. तिवारी और पर्यवेक्षक आराधना मिश्रा को पूरा घटनाक्रम बताने आए और सब कुछ बताकर जब जा रहे थे, तो एक बार फिर उनके साथ मारपीट की गई। इसके बाद दोबारा फिर पुलिस में मामला दर्ज करवाकर मेडिकल करवाया गया।

जयपुर कांग्रेस के लिए बनाई गईं पर्यवेक्षक, उत्तर प्रदेश की विधायक और कांग्रेस विधायक दल की नेता आराधना मिश्रा (मोना तिवारी) आदर्श नगर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक लेने पहुंचीं थीं। इस दौरान किसी ने "भारत माता की जय" का नारा लगाया तो विधायक आराधना मिश्रा नाराज हो गईं और उन्होंने साफ लहजे में कहा कि, अगर कोई नारा लगाना है तो वह कांग्रेस पार्टी की जय का नारा लगाओ। इसके अलावा कोई भी नारा लगाया जाएगा तो उसे अनुशासनहीनता मानी जाएगी।

बताया जा रहा है कि, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मुस्तफ़ा और अफजल के बीच विवाद हुआ था। कार्यकर्ता मो. अफजल ने आरोप लगाया था कि भाजपा में रह चुके व्यक्ति को ब्लॉक कांग्रेस का अध्यक्ष बना दिया है।

## 'एडिटर्स गिल्ड ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

दबा रही थी उसे सामने लाया जा सके। राज्य सरकार की यह कार्यवाही मीडिया को धमकाने के सक्षम है वो भी देश की सर्वोच्च मीडिया संस्था को। पी.सी. आई. ने कहा इस समय हिंसाग्रस्त मणिपुर पर सरकार को ज्यादा ध्यान देना चाहिए, उसके ऐसे कदम हालात बिगाड़ सकते है। उन्होंने आरोप लगाया कि एफ. आई.आर. के. पत्रकारों पर इन्फॉर्मेशन एण्ड टैक्नॉलजी एक्ट की धारा 66 भी लगाई गई है, जबकि सुप्रीम कोर्ट इसे रद्द कर चुका है।

## एक राष्ट्र-एक चुनाव का मुद्दा उछालने की "टाइमिंग"...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

कमेटी की संरचना बताती है कि इस का गठन पूर्व निर्धारित एजेंडा के साथ किया गया है, मुद्दे के वास्तविक परीक्षण के लिये नहीं। लोकसभा के पूर्व महासचिव सुभाष सी. कश्यप जो कमेटी के सदस्य बनाये गये है, एक साथ चुनाव कराये जाने के विचार के प्रबल समर्थक रहे हैं।

लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी, जो कमेटी में विपक्ष के एकमात्र प्रतिनिधि हैं, ने कमेटी में शामिल होने से इनकार कर दिया है तथा इसे एक "धोखा" बताया है। गृह मंत्री अमित शाह को लिखे पत्र में, उन्होंने कहा है कि वे उस कमेटी का हिस्सा नहीं बन सकते, जिसकी "टर्म्स ऑफ रेफरेंस" इसके निष्कर्षों की गारंटी देने वाले तरीके से तैयार की गई हैं।

सरकारी अधिसूचना की "टर्म्स ऑफ रैफरैंस" की भूमिका में कहा गया है कि एक साथ चुनाव कराने का मुद्दा "राष्ट्र हित" में है। अधिसूचना में कहा गया है कि यह कमेटी इसे प्राप्त करने के उपायों/तरीकों का "परीक्षण एवं अभिशंसा" करेगी।

"एक राष्ट्र, एक चुनाव" प्रधानमंत्री मोदी तथा उसके विचारधारा स्त्रोत" राष्ट्रीय स्वयं सेवक का बहुत ही प्रिय विषय रहा है। मोदी कई सालों से इसकी बात करते आ रहे है, इसलिये इस मुद्दे को उठाने का समय सरकार के इरादों को संदिग्ध बना रहा है। यह स्पष्ट है कि अगले लोकसभा चुनाव तथा विधानसभा चुनाव एक साथ नहीं होंगे क्योंकि इसके लिये संवैधानिक संशोधन तथा कानून बनाया जाना जरूरी होगा।

इस विचार को प्रस्तावित करने वालों, जिनमें प्रमुखतः भाजपा तथा आर.एस.एस. शामिल हैं, द्वारा दिये गये मुख्य तर्कों में से एक तर्क कहता है कि वर्तमान व्यवस्था किसी सरकार को शासन/प्रशासन पर ध्यान केन्द्रित करने का समय नहीं मिल पाता। इसके साथ ही, इस विचार के प्रस्तावकों एवं समर्थकों का कहना है कि पूरे साल चुनाव होते रहने के पैसे की बहुत बरबादी होती है।

ये दोनों दलीलें अर्थहीन है क्योंकि लोकतंत्र के संचालन में जनता की इच्छा सर्वाधिक महत्वपूर्ण होती है। इसलिये महत्वपूर्ण यह है कि जो सरकार लोगों का विश्वास खो चुकी होती है, नया जनादेश पाने के लिये सत्ता त्याग देती है। जनता सरकार का चुनाव शासन करने के लिये करती है तथा निर्वाचित सरकार का यह दायित्व है कि वह पूरी क्षमता से करे तथा बहाने नहीं बनाये। इसके अलावा, विधानसभा चुनावों के साथ लोकसभा चुनाव कराने लॉजिस्टिक की व्यवस्था इतनी बडी तथा जटिल हो जायेगी कि अगले साल मार्च-अप्रैल इसे इसली जामा पहनाना संभव नहीं हो पायेगा। संक्षेप में, यह प्रस्ताव मूल रूप से लोगों का ध्यान उनके अस्तित्व के लिये जरूरी चीजों से जुड़े मुद्दों से भटकाने के लिये रखा जा रहा है। ये मुद्दे हैं- महँगाई, स्वास्थ्य चिकित्सा, शिक्षा, बेरोज़गारी, दैनिक जरूरतें, महिला सुरक्षा तथा ऐसे ही अन्य अनेक मुद्दे। यह प्रस्ताव लोगों को यह सपने दिखाने तथा उन्हें आश्वस्त करने के लिये रखा जा रहा है कि अगर एक साथ चुनाव होंगे, तो सारी समस्याओं का समाधान हो जायेगा।

## 16-17...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

इस बैठक के बाद हैदराबाद के पास कांग्रेस की एक विशाल रैली होंगी, जिसमें तेलंगाना के लिए "पांच गारंटियाँ" घोषित की जाएंगी।

कांग्रेस अध्यक्ष एक यात्रा को भी रवाना करेंगे, जिसमें सी.डब्ल्यु.सी. सदस्य, पी.सी.सी. अध्यक्ष और सी.एल.पी. नेता शामिल होंगे। जो तेलंगाना की सभी 119 सीटों का दौरा करेंगे।

18 सितम्बर को कांग्रेस कार्यकर्ता घर-घर जाकर प्रचार करेंगे। भारत जोड़ो यात्रा के पहले नेता सामुदायिक भोज में शामिल होंगे।

# वरिष्ठ पर्यवेक्षक मधुसुदन मिस्त्री प्रदेश सरकार व पदाधिकारियों से असंतुष्ट नज़र आए

## मिस्री ने 25 लोकसभा सीटों के कई पर्यवेक्षकों की रिपोर्ट अस्वीकार की और कहा, सिर्फ माला पहन कर नहीं आना है, आपको क्षेत्र में जाकर सच्चाई का पता लगाना है

- **कुछ पर्यवेक्षकों ने बताया कि, कांग्रेस कार्यकर्ताओं की शिकायत है कि, पार्टी के प्रदेश प्रमुख डोटासरा का व्यवहार बेहद रूखा है।**
- **कुछ पर्यवेक्षकों ने कहा कि राज्य सरकार की योजनाओं में कांग्रेसजनों की भागीदारी का कोई रोडमैप नहीं है।**

जयपुर, 4 सितम्बर (का.प्र.)। राजस्थान कांग्रेस के वरिष्ठ पर्यवेक्षक मधुसूदन मिस्त्री लोकसभावार लगाए गए 25 पर्यवेक्षकों के काम से संतुष्ट नजर नहीं आ रहे हैं। साथ ही, सरकार की ओर से चलाई गई योजनाओं में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की भागीदारी नहीं होने पर पर्यवेक्षकों की ओर से सवाल उठाए गए हैं।

राजस्थान में लोकसभावार लगाए गए 25 पर्यवेक्षकों की बैठक के दौरान जब पर्यवेक्षकों ने यह कहा कि, वे लोकसभा क्षेत्र में जाकर आए हैं, तो, कथित रुप से, मधुसूदन मिस्त्री ने उनकी रिपोर्ट को अस्वीकार करते हुए कहा कि, आपको सिर्फ क्षेत्र में जाकर माला पहनकर नहीं आनी थी, बल्कि आपको क्षेत्र में वास्तविक स्थिति क्या है, योजनाओं को लेकर लोग क्या सोचते हैं, कांग्रेस कैसे जीत सकती है, इस बारे में विस्तृत रिपोर्ट तैयार करनी थी, लेकिन आप लोग सिर्फ क्षेत्र में जाकर अपना स्वागत कराने के साथ औपचारिकता निभाकर आए हैं। अब आप लोग फिर क्षेत्र में जाएं और पूरी विस्तृत रिपोर्ट तैयार करके दें।

बताया जाता है कि, कई पर्यवेक्षकों ने यह भी जानकारी दी है कि, बहुत सारे जिलों और लोकसभा क्षेत्रों से इस तरह की शिकायतें कांग्रेसजनों की ओर से मिली हैं कि, राजस्थान प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा का आम कांग्रेसजनों के साथ व्यवहार काफी रूखा है और इस बात की नाराजगी कांग्रेसजनों में नजर आ रही है। सरकार की ओर से चलाई गई योजनाओं को लेकर भी यह फीडबैक सामने आया है कि, सरकार ने योजनाएं तो एक के बाद एक शुरू कर दीं, लेकिन इन योजनाओं में कांग्रेसजनों की भागीदारी का कोई रोडमैप तैयार नहीं किया। कई पर्यवेक्षकों का कहना था कि, सरकार की मोबाइल फोन बांटने वाली जो योजना है, उसमें भी कांग्रेसजन किसी तरह की भागीदारी नहीं निभा पा रहे हैं, क्योंकि सरकार ने इस तरह की कोई व्यवस्था नहीं की है। बल्कि इसका फायदा उठाकर क्षेत्र में आर.एस.एस. और भाजपा से जुड़े कार्यकर्ताओं ने फोन बांटने वाली योजना को अपने लाभ के लिए इस्तेमाल किया है।

उल्लेखनीय कि, पिछले दिनों सोशल मीडिया पर इस तरह के कुछ वीडियो भी वायरल हुए हैं, जिनमें कि मोबाइल फोन राजस्थान सरकार बांट रही है, लेकिन जब लोगों से बात की जा रही है, तो वह वोट मोदी को देने की बात कर रहे हैं।

पर्यवेक्षकों की ओर से दी गई इस रिपोर्ट पर वरिष्ठ पर्यवेक्षक मधुसूदन मिस्त्री ने आश्चर्य जताते हुए कहा कि, यदि इतनी बड़ी योजनाओं का लाभ कांग्रेस को नहीं मिलकर भाजपा को मिलता दिख रहा है, तो योजनाएं बनाने के साथ ही ऐसा रोडमैप बनाना चाहिए था, जिसमें कांग्रेसजन सीधी भागीदारी निभाते, ताकि चुनाव में इसका फायदा पार्टी को मिल पाता।

बैठक में चर्चा के बाद मधुसूदन मिस्त्री ने सभी पर्यवेक्षकों से कहा है कि, वे फिर क्षेत्र में जाएं और वास्तविक स्थिति का पता लगाकर एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार करें। ताकि चुनाव से पहले हकीकत सामने आ सके।

## कांग्रेस की केन्द्रीय चुनाव समिति गठित

- **समिति में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी तथा राहुल गांधी के अलावा 13 अन्य नेता शामिल हैं।**

नयी दिल्ली, 04 सितंबर। कांग्रेस ने 16 सदस्यीय केंद्रीय चुनाव समिति का गठन किया है, जिसमें पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी तथा राहुल गांधी को शामिल किया गया है।

कांग्रेस महासचिव संगठन केसी वेणुगोपाल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि, खड़गे ने पार्टी में हुए चुनाव के बाद इस समिति का गठन किया है। उन्होंने बताया कि, समिति में खड़गे, सोनिया गांधी और राहुल गांधी के अलावा पार्टी की वरिष्ठ नेता अंबिका सोनी, लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी, सलमान खुर्शीद, मधुसूदन मिस्त्री, एन उत्तम कुमार रेड्डी, टी. एस. सिंहदेव, के. जे.जॉर्ज, प्रीतम सिंह, मोहम्मद जावेद, अम्मी याज्जनिक, पीएल पुनिया, ओमकार मरकाम तथा के. सी. वेणुगोपाल को शामिल किया गया है।

# 'छात्रसंघ चुनाव नहीं कराने के आदेश को क्यों ना रद्द कर दिया जाए'

## राजस्थान हाई कोर्ट ने राजस्थान विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर एवं रजिस्ट्रार को जवाब तलब किया

- **राजस्थान विश्वविद्यालय प्रशासन ने 12 अगस्त को राजस्थान विश्वविद्यालय के चुनाव नहीं कराने के निर्णय की घोषणा की थी।**

जयपुर, 4 सितंबर (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने राजस्थान विश्वविद्यालय के कुलपति और रजिस्ट्रार को नोटिस जारी कर पूछा है कि, इस साल छात्रसंघ चुनाव नहीं कराने के संबंध में गत 12 अगस्त को जारी आदेश को क्यों न रद्द कर दिया जाए। इसके साथ ही अदालत ने मामले में जवाब पेश करने के लिए राज्य सरकार को एक सप्ताह का समय दिया है। जस्टिस इंद्रजीत सिंह ने यह आदेश विकाश घोसल्या की याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए।

याचिका में अधिवक्ता तनवीर अहमद ने बताया कि, राज्य सरकार ने गत 12 अगस्त को एक प्रशासनिक आदेश जारी कर इस साल प्रदेश के विश्वविद्यालय और कॉलेजों में छात्रसंघ चुनाव नहीं कराने का निर्णय लिया।

याचिका में कहा गया कि, विश्वविद्यालय स्वायत्तशासी संस्था है और इसके संबंध में राज्य सरकार कोई भी निर्णय लेकर दखल नहीं दे सकती है। विश्वविद्यालय भी सिंडिकेट बैठक में निर्णय लेकर ही आगे की कार्रवाई कर सकता है।

ऐसे में छात्रसंघ चुनाव नहीं कराने का राज्य सरकार का निर्णय उसके अधिकार क्षेत्र में ही नहीं है। याचिका में यह भी कहा गया कि, छात्र का मूलभूत अधिकार है कि वह छात्रसंघ में निर्वाचित हो और उसके लिए मतदान करे। केरल वि.वि. बनाम केरल राज्य मामले में सुप्रीम कोर्ट भी इस संबंध में व्यवस्था दे चुका है।

याचिका में यह भी कहा गया कि, संविधान के अनुच्छेद 13 में प्रावधान है कि, कोई भी कानून यदि मूलभूत अधिकारों के खिलाफ है तो ऐसे कानूनों को शून्य माना जाएगा। इसके बावजूद राज्य सरकार ने एक प्रशासनिक आदेश के जरिए विद्यार्थियों के मूलभूत अधिकारों का हनन कर दिया।

सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से जवाब पेश करने के लिए दो सप्ताह का समय मांगा गया। जिसका विरोध करते हुए याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि, राज्य सरकार ने पूर्व में ही केविएट दायर कर दी थी और उन्हें याचिका की कॉपी भी दी जा चुकी है, ऐसे में जवाब पेश करने के लिए इतना अधिक समय नहीं दिया जा सकता। इस पर अदालत ने राज्य सरकार और विवि प्रशासन को जवाब पेश करने के लिए 11 सितंबर तक का समय दिया है।

## दो महिला नेताओं ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

पर थीं, की छवि उनके द्वारा उठाये गये कई गलत कदमों के साथ ही, उनके खराब स्वास्थ्य के कारण काफी नीचे पहुंच गई है। पार्टी के तत्कालीन महारथी एल.के. अडवाणी के साथ अपने मतभेदों को सार्वजनिक कर दिये जाने के बाद, तथा इस मांग के लिये एक लम्बा अभियान चलाने के बाद कि उन्हें शिवराज सिंह चौहान की जगह, मध्य प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाया जाना चाहिये, उन्हें पार्टी छोड़नी पड़ी तथा अपना नया दल बनाना पड़ा, जिसकी कोई उल्लेखनीय उपलब्धि नहीं रही। 2011 में, भाजपा में उनकी वापसी के बाद, पार्टी ने उन्हें उत्तर प्रदेश का रास्ता दिखा दिया, जहां वे विधायक चुन ली गईं। 2018 में, उन्होंने अपने खराब स्वास्थ्य के आधार पर राजनीति से सन्यास ले लिया, लेकिन पिछले साल उस समय वे फिर से सक्रिय हो गईं, जब उन्होंने मध्य प्रदेश में मद्यनिषेध की मांग करते हुए एक आंदोलन चलाया।

इसलिये उनके वर्तमान स्वर को मध्य प्रदेश की राजनीति में स्वयं को फिर से प्रासंगिक बनाने की कोशिश मात्र के रूप में ही देखा जा सकता है। यह एक अलग बात है कि चूंकि भाजपा की मध्य प्रदेश इकाई गुट बंदी से ग्रस्त है, इसलिये उमा भारती भगवा पार्टी की परेशानियों को बढ़ा जरूर सकती है। वहीं दूसरी तरफ, वसुंधरा राजे, पार्टी हाई कमान द्वारा उनकी अनदेखी किये जाने के बावजूद, आज भी एक प्रासंगिक राजनैतिक हस्ती बनी हुई हैं।

## मणिपुर सरकार ने एडिटर्स गिल्ड की अध्यक्ष और ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

समय यह संभव नहीं था।

रिपोर्ट में कहा गया है, "इंटरनेट बैन ने हालात और बिगाड़ दिए। सरकार द्वारा संचार माध्यमों को ठप्प करने का पत्रकारिता पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा है क्योंकि इससे पत्रकारों की ममता को आपस में, संपादक से और सूत्रों से संवाद करने में परेशानी हुई। इससे मीडिया पर यह भी प्रभाव पड़ा कि बिना संपर्क व्यवस्था के एकत्रित किए गए स्थानीय समाचारों में स्थिति का एक संतुलित चित्र नहीं दिया जा सका।"

रिपोर्ट के अनुसार इंटरनेट बंद होने, संचार और परिवहन के साधन अस्त-व्यस्त होने के कारण मीडिया को पूरी तरह राज्य सरकार के वक्तव्य पर ही निर्भर रहना पड़ा। ई.जी.आई. ने कहा कि राज्य नेतृत्व के सदस्यों ने कुकी आदिवासियों के कुछ वर्गों को अवैध घुसपैठिये और विदेशी कहा वो भी बिना किसी विश्वसनीय जानकारी या प्रमाण के।

रिपोर्ट के अनुसार, "यह इस तथ्य के बावजूद है कि 1901 से 2011 हर दशक में होने वाली जनगणना में गैर-नागा आदिवासी जनसंख्या में कोई असामान्य वृद्धि नहीं हुई।" दरअसल म्यांमार में जो सैन्य विद्रोह हुए उससे मिज़ोरम में 40,000 और मणिपुर में 4000 शरणार्थी आए बताए जिसका उपयोग सभी कुकी इसी को आधार बनाकर कुकी आदिवासियों को घुसपैठिया बताया जा रहा है। "इसे संसाधनों पर दबाव के रूप में प्रस्तुत किया गया था और साथ ही राजनैतिक स्थान के लिए लड़ाई के रूप में भी और राजनेता अपनी स्थिति मजबूत करने के लिए बाहरी लोगों का डर दिखा रहे थे।" एडीटर्स गिल्ड के सदस्यों के विरूद्ध भारतीय दंड संहिता की कई धाराएं लगाई गई हैं जिनमें शामिल हैं 153-ए (दो समुदायों के बीच वैमनस्य पैदा करना), 200 (झूठी घोषणा का सच्ची बताकर उपयोग करना), 208 (धार्मिक भावनाओं को जानबूझकर चोट पहुंचाना) तथा आई.टी. एक्ट और प्रेस काउंसिल एक्ट की कई धाराएं।

सिंह ने कहा, "मैंने एडीटर्स गिल्ड के सदस्यों को चेतावनी दी है कि यदि आप कुछ करना चाहते हैं तो स्थल पर आइए, ज़मीनी हकीकत देखिए, सभी समुदायों के प्रतिनिधियों से मिलिए, सभी पीड़ितों से मिलिए और जो आपको पता चले वह प्रकाशित कीजिए। वरना केवल कुछ लोगों से मिलकर किसी नतीजे पर पहुंचना लोगों के लिए लाभदायी नहीं है और भर्त्सना के योग्य है। यह कहना है कि केवल एक ही समुदाय को निकाला गया, गलत है क्योंकि यह कार्रवाई 2015 में आरंभ हुई और आम जनता के कल्याण के लिए 413 घर खाली करवाए गए है। इनमें से 59 कुकी के, 143 मैइती के, 137 मणिपुर मुसलमानों के, 38 नागाओं के और 36 नेपालियों के हैं।"

मुख्यमंत्री ने अचरज जताया कि किसी ने उस मां का उल्लेख नहीं किया जिसने निर्वस्त्र घुमाई गई महिलाओं को कपड़े दिए और उन्हें घर भेजा। उन्होंने कहा कि राजस्थान और पश्चिम बंगाल में ऐसी घटनाओं पर कोई नहीं बोल रहा है।

सिंह ने कहा कि राज्य में चिन्हित अवैध घुसपैठियों का बायोमीट्रिक विवरण एकत्रित करने की प्रक्रिया जारी है। उन्होंने कहा, "केन्द्र ने हमें यह प्रक्रिया सितम्बर तक पूरी करने को कहा है लेकिन हमने एक साल का विस्तार मांगा है क्योंकि हमें और गांव ढूंढने है।"

उनको शिकायत थी कि ई.जी.आई. की रिपोर्ट ऐसे समय आई है जब सुप्रीम कोर्ट और केन्द्र सरकार द्वारा गठित कई कमेटियां घटना की जाँच कर रही है।

सिंह ने कहा कि एक एफ.आई.आर. कुकी इन्पी मणिपुर नेता के. हाओकिप के विरूद्ध दर्ज की गई है, उन्होंने कहा कि कोई मैईती भारत-म्यांमार सीमा के मोरेह गांव में तब तक प्रवेश नहीं कर सकता जब तक राजनैतिक समाधान नहीं हो जाता।

ऑल वर्किंग मणिपुर जर्नलिस्ट्स यूनियन और एडिटर्स गिल्ड मणिपुर ने भी सुनी सुनाई बातों पर आरोप लगाने के लिए ई.जी.आई. की आलोचना की है। 3 मई को मणिपुर दंगे आरंभ होने के बाद 160 जानें जा चुकी हैं और सैंकड़ों लोग घायल हो चुके हैं। मैइती मणिपुर की जनसंख्या का 53 प्रतिशत हैं और ज्यादातर इंफाल घाटी में रहते हैं। आदिवासी कुकी और नागा 40 प्रतिशत हैं जो पहाड़ों में रहते हैं।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908